समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha




बाल वाटिका

# बालवाटिका हस्तपुस्तिका

(5-6 आयुवर्ग के बच्चों के शिक्षण / गतिविधियों हेतु विस्तृत विवरण)

D2B7J6


समग्र शिक्षा
चहक – 3
5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों हेतु कार्यपुस्तिका
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ
सत्र-2025-26


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
कदम
5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों हेतु
गणित की कार्यपुस्तिका
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ


कला पुस्तिका
कलांकुर
बालवाटिका हेतु (3 से 6 वय वर्ग तक)
राज्य शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha







# बालवाटिका हस्तपुस्तिका

(5-6 आयुवर्ग के बच्चों के शिक्षण/गतिविधियों हेतु विस्तृत विवरण)

| | |
|---|---|
| मुख्य संरक्षण | श्री दीपक कुमार, आई.ए.एस, अपर प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा), उत्तर प्रदेश शासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| संरक्षण | श्रीमती कंचन वर्मा, आई.ए.एस, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| संकल्पना | श्रीमती एकता सिंह, आई.ए.एस, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| निर्देशन | श्री गणेश कुमार, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| परामर्श | डॉ. पवन कुमार, संयुक्त निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| | श्रीमती दीपा तिवारी, उप-शिक्षा निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| समीक्षा एवं समन्वयन | श्री माधव जी तिवारी, वरिष्ठ विशेषज्ञ, प्री-प्राइमरी यूनिट, समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| सम्पादन | श्रीमती शिखा शुक्ला, प्री-प्राइमरी यूनिट, समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| | श्रीमती चंदन शुक्ला, प्री-प्राइमरी यूनिट, समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश, लखनऊ |
| लेखन मंडल | श्रीमती शिप्रा सिंह, प्रवक्ता शोध, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ; डॉ. अमरेन्द्र सिंह, प्रवक्ता, राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, प्रयागराज; श्रीमती प्रज्ञा सिंह, प्रवक्ता, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज; श्री राजकुमार राय, प्रवक्ता, मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज; श्रीमती शिल्पा त्रिपाठी, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उन्नाव; श्रीमती ऋचा पंडित (स.अ.) राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, आगरा; श्री चंद्रजीत यादव (स.अ.), कम्पोजिट विद्यालय रामदास पट्टी, बिहार, प्रतापगढ़; श्री शशांक कुमार मिश्रा (स.अ.), उ.प्रा.वि. पतरपुरवा, हरदोई; श्री अशोक कुमार (प्र.अ.) प्रा.वि. दनकौर, गौतमबुद्ध नगर) श्री कपिल दुआ (स.अ.), उ.प्रा.वि शकलापुरी, पुंवारका, सहारनपुर; श्री राजीव कुमार सिंह (प्र.अ.), प्रा.वि तातेपुर, चिरईगांव, वाराणसी; श्रीमती हेमानी जैन, सेंट्रल स्क्वेअर फाउंडेशन; सुश्री श्रेया सिंह, सेंट्रल स्क्वेअर फाउंडेशन, सुश्री सुभोश्री मंडल, लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन, श्री विद्याधर मिश्रा, लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन |
| विशेष सहयोग | राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज; मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज; राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, आगरा; राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, प्रयागराज; सेंट्रल स्क्वेअर फाउंडेशन; लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन |
| रूपायन | हेमानी जैन (सेंट्रल स्क्वेअर फाउंडेशन), अरविन्द गोयल (रामा पब्लिकेशन्स), विवेक कुमार |
| आभार | इंटरनेट तथा अन्य स्रोत, जिनकी सामग्री का प्रयोग किया गया है। |

| | |
|---|---|
| प्रकाशक | |
| मुद्रक | |
| संस्करण | |
| शिक्षा सत्र | 2025-26 |
| मुद्रित प्रतियों की संख्या | |

**अंत: पृष्ठ के कागज का विशिष्टीकरण : प्रयुक्त कागज मिल ................................. वर्जिन पल्प युक्त कागज बैम्बू अथवा वुड बेस्ड ( Bamboo or wood based ) के अतिरिक्त अन्य एग्रो बेस्ड ( Agro based ) अर्थात् बगाज पर आधारित एवं क्रीम लेड एण्ड क्रीमवोब पेपर 80 जी.एस.एम. भार है। कागज की ब्राइटनेस न्यूनतम 80 प्रतिशत, वन मिनट कोब टेस्ट अधिकतम औसत 22, ब्रेकिंग लेन्थ झॅस डायरेक्शन 1700, मशीन डायरेक्शन 2500, ओपेसिटी न्यूनतम 85 प्रतिशत एवं रजिस्टेन्ट टू फेदरिंग-टू पास द टेस्ट, टियर इन्डेक्स सी.डी. 4.0 एवं एम.डी. 3.5 है। प्रयुक्त होने वाला कागज में अन्य विशिष्टियाँ बी.आई.एस. कोड-1848 ( अद्यतन पुनरीक्षण ) के अनुसार है। पुस्तकों में ट्रिम साइज : 21 x 27.5 सेमी. है।**

उत्पादन: पाठ्य पुस्तक विभाग, शिक्षा निदेशालय (बेसिक), उ.प्र.


© उत्तर प्रदेश शासन

# महानिदेशक की कलम से

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र ज्ञान का प्रसारण नहीं है, बल्कि उत्तम व्यक्तित्व एवं उत्तरदायी नागरिक का निर्माण करना है। इसकी सशक्त आधारशिला जीवन के प्रारम्भिक वर्षों में ही रखी जाती है। इस दिशा में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को शिक्षा की बुनियाद के रूप में रेखांकित किया गया है। जीवन के प्रारंभिक वर्षों में बच्चों की जिज्ञासा, सीखने की क्षमता और रचनात्मकता सबसे अधिक प्रखर होती है। अतः इस स्तर पर खेल एवं गतिविधि आधारित, रोचक एवं अनुभवात्मक पठन-पाठन की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक और अपरिहार्य है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मंशा को ध्यान में रखते हुए शिक्षण हेतु इस हस्तपुस्तिका का निर्माण किया गया है। यह हस्तपुस्तिका केवल शिक्षण सामग्री नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा की दिशा में प्रदेश का एक सशक्त कदम है। हस्तपुस्तिका का उपयोग यह सुनिश्चित करने में सहायक होगा कि बालवाटिका स्तर पर बच्चों को एक सुरक्षित, प्रेरणादायी और आनंददायी वातावरण में सीखने का अवसर मिले। विशेष रूप से 5-6 आयुवर्ग के बच्चों के शिक्षण के लिए तैयार की गई यह हस्तपुस्तिका बच्चों को निर्धारित आयुसंगत अधिगम लक्ष्यों को सहजतापूर्वक प्राप्त करने में सहायता करेगी एवं उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के लिए तैयार करेगी।

यह भी उल्लेखनीय है कि शिक्षा केवल विद्यालय की चहारदीवारी तक सीमित नहीं है। बच्चों के विकास में परिवार और समुदाय की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह अपेक्षित है कि ईसीसीई एजुकेटर/शिक्षक इस हस्तपुस्तिका का प्रयोग करते हुए अभिभावकों के साथ निरंतर संवाद बनाएँ और बच्चों की प्रगति को साझा करें एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समुदाय तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व को पहुँचाएंगे। इस प्रकार विद्यालय, परिवार और समुदाय मिलकर बच्चों की सीखने की यात्रा को और अधिक समृद्ध बनाएँगे। बालवाटिका स्तर पर जो नींव रखी जाएगी, वही आने वाले वर्षों में प्रदेश और देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी।

मैं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (लखनऊ), राज्य शिक्षा संस्थान (प्रयागराज), मनोविज्ञानशाला (प्रयागराज), राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय (आगरा एवं प्रयागराज) तथा सहयोगी संस्थाओं द्वारा इस हस्तपुस्तिका के निर्माण में किए गए परिश्रम की सराहना करती हूँ। साथ ही, मैं ईसीसीई एजुकेटर्स/शिक्षकों के समर्पण और उनकी प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त करती हूँ, जिनके प्रयास इस हस्तपुस्तिका को जीवन्त बनाएँगे और बच्चों के सर्वांगीण विकास को दिशा देंगे।

मुझे विश्वास है कि यह हस्तपुस्तिका बालवाटिका में पठन-पाठन प्रक्रिया को रोचक, सरल और सुगम बनाएगी तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

शुभकामनाओं सहित,

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
महानिदेशक
स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश

# निदेशक की कलम से

प्रारंभिक स्तर की शिक्षा व्यक्ति, समाज और देश के भविष्य की नींव है। पूर्व-प्राथमिक शिक्षा बच्चे के भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार 3-6 वर्ष की आयु में बच्चों के मस्तिष्क का विकास तीव्र गति से होता है। इस स्तर पर बच्चों में बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक समझ, जीवन कौशल तथा कल्पना एवं तर्कशक्ति का विकास सहजता से किया जा सकता है। पूर्व-प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की नींव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा भाषाई कौशल के विकास हेतु कार्यपुस्तिका 'चहक', गणितीय कौशल के विकास हेतु कार्यपुस्तिका 'कदम' तथा कलात्मक एवं रचनात्मक कौशल के विकास हेतु कला पुस्तिका 'कलांकुर' तथा अन्य शैक्षिक सामग्री विकसित की गई है। पूर्व-प्राथमिक स्तर के शिक्षक इस सामग्री का प्रभावी प्रयोग कर सकें, इस हेतु यह हस्तपुस्तिका तैयार की गई है। इस हस्तपुस्तिका में रचनात्मक, अनुभवपरक तथा खेल-आधारित विधाओं को सम्मिलित किया गया है, जिससे शिक्षण-अधिगम आनन्ददायी, सहज और सशक्त बन सके। गतिविधियों का प्रवाह बच्चों के परिवेश और प्राकृतिक विकास क्रम के अनुरूप रखा गया है, ताकि वे सहज रूप से अगले स्तर के लिए तैयार हों।

शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे हस्तपुस्तिका में समाहित गतिविधियों को स्थानीय परिवेश, बाल-हित तथा बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित करें। गतिविधियों में लचीलापन रखा गया है जिससे सभी बच्चों का विकास समान रूप से हो सके। यह हस्तपुस्तिका कक्षा-1 में प्रवेश के पूर्व बच्चों में आवश्यक बुनियादी दक्षताओं के विकास में शिक्षकों के लिए सहायक है।

हस्तपुस्तिका के विकास में मार्गदर्शन हेतु मैं डॉ. पवन सचान, संयुक्त निदेशक (एस.एस.ए.), श्रीमती दीपा तिवारी, उप शिक्षा निदेशक तथा समीक्षा एवं समन्वयन हेतु श्री माधव जी तिवारी, वरिष्ठ विशेषज्ञ, प्री-प्राइमरी यूनिट, समग्र शिक्षा को विशेष धन्यवाद देता हूँ। साथ ही हस्तपुस्तिका के विकास से जुड़े पूर्व प्राथमिक प्रकोष्ठ, समग्र शिक्षा के संकाय सदस्यों, श्रीमती शिप्रा सिंह, प्रवक्ता-शोध, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ, बाह्य संस्थाओं के विशेषज्ञों तथा लेखक मण्डल को बधाई देता हूँ, जिन्होंने परिश्रम एवं प्रतिबद्धता से उक्त हस्तपुस्तिका का विकास किया।

प्रदेश के 5-6 वयवर्ग के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की सुदृढ़ नींव तैयार करने में यह हस्तपुस्तिका एक सशक्त साधन के रूप में उपयोगी होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

आप सभी के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

**(गणेश कुमार)**
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद
लखनऊ, उत्तर प्रदेश

# प्रस्तावना

मानव विकास में शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए पूर्व प्राथमिक स्तर पर प्रेरणादायी और परिवर्तनकारी शिक्षण के लिए एक लचीली, बहुआयामी, बहुभाषीय, खेल आधारित, गतिविधि और खोज आधारित मजबूत ढाँचे का होना अति आवश्यक है, जिसमें ईसीसीई एजुकेटर और हमारे बच्चों का स्थानीय और वैश्विक आवश्यकताओं के संदर्भ में मागदर्शन हो सके। इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर ई.सी.सी. ई हस्तपुस्तिका विकसित की गयी है। विकास के क्रम में यह हस्तपुस्तिका एस.सी.ई.आर. टी द्वारा विकसित चहक-3, कदम, कलांकुर, बिगबुक्स और समग्र शिक्षा द्वारा विकसित वन्डरबॉक्स और प्राइमर काड्र्स की मूल भावना पर आधारित है।

विकसित हस्तपुस्तिका में ई.सी.सी.ई. एजुकेटर हेतु समग्र रूप से योजना बनाई गयी है, जिसे क्रमशः वार्षिक, मासिक एवं दैनिक पाठ योजना के रूप में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य ऐसे उत्पादक लोगों को तैयार करना है, जो कि समावेशी, बहुलतावादी समाज के निर्माण में बेहतर तरीके से योगदान करते हुए बच्चों के सम्पूर्ण विकास को नई दिशा प्रदान करें, जिससे बच्चे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें।

हस्तपुस्तिका की प्रत्येक गतिविधि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-प्रारंभिक अवस्था (NCF-FS), उत्तर प्रदेश राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा (UP-SCF), और निपुण तालिका (बालवाटिका) के मूल और शैक्षिक सिद्धांतों पर आधारित है। NCF-FS से प्रेरणा लेते हुए, यह पुस्तिका खेल आधारित, अनुभवात्मक और बाल केंद्रित दृष्टिकोण अपनाती है, जिसमें खोज, संवाद और गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय सीखने पर बल दिया गया है। इसी प्रकार, UP-SCF स्थानीय संदर्भ, समावेशिता और कक्षा में स्थानीय भाषा और संस्कृति के समावेश पर ज़ोर देता है। इन सभी दिशा-निर्देशों को एकीकृत करते हुए, यह पुस्तिका सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक शैक्षिक अनुभव उद्देश्यपूर्ण, आयु अनुरूप और स्कूली तैयारी के समग्र लक्ष्य के अनुरूप हो।

5-6 वर्ष की आयु के बच्चों के साथ कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई यह हस्तपुस्तिका, गतिविधियों के एक क्रमबद्ध अनुक्रम को प्रस्तुत करती है, जो धीरे-धीरे सरलता से कठिनता की ओर अग्रसर होने में सहायता करता है। इसका उद्देश्य 5-6 आयुवर्ग के बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना और प्रत्येक बच्चे को कक्षा-1 में सहज होकर आवश्यक बुनियादी कौशलों को सुदृढ़ करना है। इसमें दी गई दैनिक योजनाएँ न केवल शिक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, बल्कि यह सुनिश्चित करती हैं कि सीखना पूरे वर्ष रोचक, समावेशी और प्रभावशाली बना रहे।

SCERT की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता कार्यपुस्तिकाओं (चहक 3, कदम, कलांकुर) और अन्य सहायक सामग्री (बिग बुक्स) के विकास में परिलक्षित होती है, जो विविध सीखने की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। ये शिक्षण सामग्री जब इस शिक्षक हस्तपुस्तिका के साथ पूरक रूप में मिलकर प्रयोग होती है, तो शिक्षण कार्य बहुस्तरीय और रोचक ढंग से होती है। साथ ही निर्धारित बालवाटिका के लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षण कार्य को दिशा मिलती है और प्रशिक्षक को प्रत्येक विद्यार्थी की आवश्यकता, संवेदनशीलता, कोमलता के अनुसार शिक्षण में सहायता मिलती है।

इस प्रकार यह हस्तपुस्तिका ई.सी.सी.ई. एजुकेटर को कुशल सुगमकर्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रशिक्षक आवश्यकता अनुसार, अभिभावकों एवं संरक्षकों से नियमित मिलकर बच्चों की प्रगति के बारे में जान सकते हैं। अपेक्षा की जाती है कि यह हस्तपुस्तिका ई.सी.सी.ई. एजुकेटर को बच्चों के शारीरिक विकास, सामाजिक और नैतिक विकास, भाषा और साक्षरता विकास, सांस्कृतिक, संज्ञानात्मक विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी।

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| वार्षिक योजना | vi |
| इकाई योजना | vii |
| दैनिक योजना | viii |
| इकाई **1** : मैं और मेरा परिवार | 1-18 |
| इकाई **2** : हमारा भोजन | 19-36 |
| इकाई **3** : पेड़-पौधे | 37-54 |
| इकाई **4** : जीव-जंतु | 55-72 |
| इकाई **5** : हमारे सहयोगी | 73-90 |
| इकाई **6** : यातायात के साधन | 91-108 |
| इकाई **7** : हमारे त्योहार | 109-126 |
| इकाई **8** : मौसम | 127-144 |
| इकाई **9** : पानी | 145-162 |
| कविताएँ / कहानियाँ | 163 |
| सौंदर्यबोध विकास / शारीरिक विकास | 164 |
| कक्षा-कक्ष प्रबंधन / कक्षा में सामग्री का उपयोग / विकासात्मक विलम्ब और दिव्यांगता को समझना / स्वतंत्र खेल | 165 |
| प्रिंट समृद्ध वातावरण / खेल को प्रोत्साहित करने वाला वातावरण / दिखाओ और बताओ / कैलेंडर | 166 |
| कक्षा के नियम / शिक्षण-सामग्री (टीएलएम) का प्रयोग / आकलन और रिमीडियल / रिमीडियल शिक्षण | 167 |
| अभिभावक सहभागिता दिवस/पर्व / समग्र प्रगति कार्ड (**HPC**) | 168 |
| शिक्षण अधिगम सामग्री (**TLM**) | 169-170 |
| बाल मेला | 171 |

# वार्षिक योजना




x 9

प्रत्येक 'थीम आधारित' इकाई में 20 शिक्षण दिवस हैं। हर इकाई में पुनरावृत्ति, आकलन और सामुदायिक गतिविधियाँ सम्मिलित की गई हैं।

**1**



### मैं और मेरा परिवार

स्वयं, परिवार, कक्षा और कक्षा की संरचना और नियमों से परिचित होना

**2**



### हमारा भोजन

भोजन के स्रोतों, समूहों और संतुलित आहार को पहचानना। भोजन के महत्त्व को समझना और बर्बाद होने से बचाना

**3**



### पेड़-पौधे

पेड़-पौधों के भाग, अंकुरण, उपयोग, महत्त्व और संरक्षण के बारे में समझना

**4**



### जीव-जन्तु

जीव-जन्तुओं के आवास, बच्चों, खान-पान को जानना और पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को समझना

**5**



### हमारे सहयोगी

समुदाय और सामुदायिक सहयोगियों की भूमिकाओं और महत्त्व को समझना और आभार व्यक्त करना

**6**



### यातायात के साधन

परिवहन के साधनों को पहचानना, अंतर करना और यातायात के नियमों और सड़क सुरक्षा को समझना

**7**



### हमारे त्योहार

प्रमुख त्योहारों के बारे में जानना, उनसे जुड़ी परम्पराओं और रीति-रिवाजों के महत्त्व के बारे में समझना

**8**



### मौसम

प्रत्येक मौसम की प्रमुख विशेषताओं को पहचानना और इन्हें महीनों, त्योहारों और भोजन के साथ जोड़ना

**9**



### पानी

जल के स्रोतों, उपयोग, महत्त्व और संरक्षण को समझना

# इकाई योजना

20 दिवसों को 14 शिक्षण दिवस, 3 पुनरावृत्ति दिवस, 2 आकलन दिवस और 1 पर्व/अभिभावक सहभागिता दिवस में बाँटा गया है।

वर्ष को 9 इकाइयों में बाँटा गया है। हर इकाई में 20 शिक्षण दिवस हैं।




*पर्व/अभिभावक सहभागिता में कराई जाने वाली खेल आधारित गतिविधियों का विवरण पृ. 168 पर देखें।

14 दिवस

**शिक्षण**



3 दिवस

**पुनरावृत्ति**



2 दिवस

**आकलन**



1 दिवस

**पर्व/अभिभावक सहभागिता**



# दैनिक योजना

**240 मिनट** गतिविधियों को दिए गए क्रम में कराएँ।

| | |
|---|---|
| 10 मिनट | स्वागत |
| 30 मिनट | स्वतंत्र खेल |
| 30 मिनट | सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक विकास |
| 30 मिनट | कहानी का समय |
| 30 मिनट | ध्वनि और भाषा विकास |
| 30 मिनट | मध्यान्ह भोजन |
| 30 मिनट | संज्ञानात्मक विकास |
| 20 मिनट | सौंदर्यबोध विकास |
| 30 मिनट | शारीरिक विकास और दिन की समाप्ति |

प्रारम्भिक तैयारी इकाई के लिए **QR** कोड स्कैन करें।

प्रारम्भिक तैयारी इकाई

D2B7J6



# 1. मैं और मेरा परिवार

स्वयं, परिवार, कक्षा और कक्षा की संरचना और नियमों से परिचित होना

U4I7Y8

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- अपना परिचय देंगे और दिनचर्या बताएंगे *
- सुनहरे शब्दों और स्वस्थ आदतों का अभ्यास करेंगे *
- शरीर के अंगों को पहचानेंगे तथा सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श में अंतर को समझेंगे
- परिवार और स्कूल के सदस्यों को पहचानकर उनकी भूमिका और नाम बताएंगे और भावनाओं को पहचानेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- शब्दों में ध्वनियों को पहचानेंगे और हाव-भाव से कविता गाएंगे
- कहानी के पात्र एवं घटनाओं को पहचानेंगे
- तुकांत शब्दों को पहचानेंगे और सीखे शब्दों को दोहराएंगे *
- विभिन्न विषयों पर चित्र बनाकर रंग भरेंगे और सीखे गए शब्दों पर चर्चा करेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- स्पर्श के आधार पर वस्तुओं को पहचानेंगे *
- प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग पहचानेंगे
- वस्तुओं (1-5) को गिनकर संख्या के प्रतीक व नाम से मिलाएंगे और संख्या प्रतीकों को लिखेंगे
- आकार, लम्बाई, ऊँचाई, मात्रा, वजन के आधार पर तुलना करेंगे
- वस्तुओं की जोड़ी बनाएंगे *

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- हाव-भाव के साथ कविता गाएंगे *
- मिट्टी के उपयोग से आकृति बनाएंगे
- आस-पास की ध्वनियों को पहचानेंगे और उनकी नकल करेंगे

**शारीरिक विकास**

- गहरी साँस लेने की तकनीक का अभ्यास करेंगे *
- वस्तुओं को पकड़ने और फेंकने का अभ्यास करेंगे

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 1
दिवस 1
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बड़ी गेंद
- ☐ पानी में घुले रंग
- ☐ दिए गए रंगों के कागज और वस्तुएँ (लाल, पीला, नीला, नारंगी, हरा, बैंगनी, काला, सफेद, भूरा)

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: प्यारे बच्चे** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पहला नाम, जन्मदिन व पता बताएंगे

## मेरा परिचय

- बच्चों के साथ एक गोले में बैठें। अपने हाथ में गेंद रखें।
- नमस्ते, मेरा नाम.............. है। मैं............ में रहता/रहती हूँ। मेरा जन्मदिन ......... को आता है।
- गेंद अगले बच्चे को पास करें।
- सभी बच्चों से अपना नाम, पता और जन्मदिन बताकर गेंद पास करने के लिए कहें।
- **कदम, चहक-3 आंतरिक कवर पृष्ठ** पर एक रंग से हाथ का छाप लगाने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: मेरी पहचान (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- चिड़िया का क्या नाम था?
- चिड़िया किन जानवरों से मिली?
- भालू का क्या नाम था?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




हाव-भाव से कविता गाएंगे

## कविता गायन

- **कविता 'सूरज निकला' (चहक 3** पृ. 2) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- आपको सुबह कौन जगाता है?
- जगने के बाद आप क्या करते हैं?
- सभी को अभिनय करके दिखाने के लिए कहें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




प्राथमिक, द्वितीयक, सामान्य रंग पहचानेंगे

## रंग पहचानो (प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग)

- बच्चों को रंगों के आधार पर वस्तुओं को अलग करने के लिए कहें।
- प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंगों के कागज और वस्तुएँ दिखाएँ। रंग बताएँ।
- बच्चों को एक-एक करके प्राथमिक, द्वितीयक एवं सामान्य रंग के नाम बोलें।
- बच्चों से कक्षा में से बोले गए रंग के नाम की वस्तुएँ लाने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : अलग-अलग आवाजें (अंगों से)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : गहरी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : किसकी बारी (हाथ)** (पृ. 164) |

इकाई 1
दिवस 2
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कक्षा के सभी भागों के नाम के शब्द-कार्ड
- ☐ गोंद
- ☐ कठोर व मुलायम वस्तुएँ (कंकड़, लकड़ी का टुकड़ा, रूई, फोम)
- ☐ शब्द-कार्ड: 'कठोर' और 'मुलायम'
- ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: प्यारे बच्चे** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




कक्षा का वातावरण और दिनचर्या बताएंगे

## कक्षा को जानो

- बच्चों को कक्षा के सभी भागों को दिखाएँ :
  - चार कोने
  - किताबों की जगह
  - जूते और पानी की जगह
- कक्षा के सभी भागों के नाम बताएँ, शब्द-कार्ड दिखाएँ और उपयोग बताएँ।
- बच्चों को शब्द-कार्ड दें। सही जगह पर चिपकाने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: मेरी पहचान (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- चिड़िया कहाँ उड़ रही थी?
- चिड़िया सबसे पहले किसे मिली?
- खरगोश का नाम क्या था?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे

## रेखाओं का अभ्यास

- **चहक 3** (पृ. 3) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ।
- उनको बिन्दु मिलाकर स्वयं रेखाएँ खींचने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




स्पर्श के आधार पर वस्तुओं को पहचानेंगे

## महसूस करो (कठोर, मुलायम)

- बच्चों को कठोर और मुलायम वस्तुएँ दें।
- इन वस्तुओं में क्या अलग है?
- कंकड़ को दबाते हुए कहें, यह कठोर है।
- इसी तरह मुलायम की अवधारणा समझाएँ।
- कक्षा में कठोर और मुलायम वस्तुएँ ढूँढकर दिखाने के लिए कहें।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : अलग-अलग आवाजें (कविता)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : गहरी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : किसकी बारी (हाथ)** (पृ. 164) |

इकाई 1
दिवस 3
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चिकनी व खुरदुरी वस्तुएँ (रेशम का कपड़ा, पत्थर, आम के पत्ते, गुब्बारा, कटहल, बरगद के पत्ते)
- ☐ शब्द-कार्ड: 'चिकना' और 'खुरदुरा'
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: प्यारे बच्चे** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




कक्षा का वातावरण और दिनचर्या बताएंगे

## नियम बनाएँ

- बच्चों की रेलगाड़ी बनाएँ।
- **कविता 'टिक-टिक'** (पृ. 163) गाते हुए एक कोने में जाएँ।
- उस कोने का नाम और रखी वस्तुओं के बारे में बताएँ।
- बच्चों को चारों कोने दिखाएँ।
- बच्चों को चारों कोनों में जाकर वस्तुओं को खुद देखने, समझने और खेलने का मौका दें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: मेरी पहचान (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आप कौन-कौन से दोस्तों के नाम जानते हैं?
- घर में आपको किन-किन नामों से बुलाते हैं?
- अपने परिवार के लोगों के नाम बताएँ?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




आस-पास की आवाजों की नकल करेंगे

## आवाजों की नकल

- कविता **मुर्गा बोला** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- गाते समय प्रत्येक जानवर, मोटर और स्कूटर की आवाजें बच्चों को बोलकर दिखाएँ।
- बच्चों को आवाजों की नकल करने के लिए कहें।
- अन्य आवाजों की नकल करके सुनाने के लिए कहें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




स्पर्श के आधार पर वस्तुओं को पहचानेंगे

## महसूस करो (चिकना, खुरदुरा)

- चिकनी और खुरदुरी वस्तु छूने के लिए कहें।
- इन दोनों में क्या अलग है?
- यह वस्तु (आम का पत्ता/गुब्बारा) चिकनी है। यह वस्तु (कटहल) खुरदुरी है।
- शब्द कार्ड दिखाएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- चिकनी-खुरदुरी वस्तुएँ रखें।
- चिकनी-खुरदुरी वस्तुएँ शब्द-कार्ड के साथ रखने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : आवाज पहचानो (पशु-पक्षी)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : गहरी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2 : किसकी बारी (हाथ)** (पृ. 164)

इकाई 1
दिवस 4
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ शब्द-कार्डः सुप्रभात, शुभ दोपहर, शुभ संध्या, शुभ रात्रि, धन्यवाद, क्षमा, कृपया
- ☐ कक्षा में रखी विभिन्न वस्तुएँ
- ☐ कागज की गेंद
- ☐ शब्द-कार्डः 'ठंडा' और 'गर्म'
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविताः प्यारे बच्चे** (पृ. 163) | **कार्यः कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




अभिवादन और सुनहरे शब्दों का उपयोग करेंगे

### अभिवादन शब्द

- आपके परिवार में कौन-कौन हैं? आपको अपने परिवार के साथ क्या करना पसंद है?
- हमें सुबह उठकर सबको सुप्रभात बोलना चाहिए।
- इसी तरह शुभ दोपहर, संध्या और रात्रि भी समझाएँ।

**सुनहरे शब्द**

- **चहक 3** (पृ.1) के चित्र दिखाकर प्रत्येक सुनहरे शब्द का अर्थ और महत्व के बारे में बताएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- बच्चे चित्र दिखाकर सुनहरे शब्दों के उपयोग का अभिनय करेंगे।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानीः मेरी पहचान (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी का क्या नाम है?
- चिड़िया ने क्या सीखा?
- आप अपनी पहचान कैसे बताते हैं?
- क्या सबका नाम होता है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वस्तुओं में दृश्य शब्दों का नाम बताएंगे

### दृश्य शब्दों को पहचानना

- कक्षा की विभिन्न वस्तुएँ दिखाएँ। उनका नाम बताएँ। (किताब, अलमारी, मेज)
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- कागज की गेंद एक बच्चे को दें।
- एक वस्तु की ओर इशारा करें। बच्चे से उस वस्तु का नाम बताने के लिए कहें।
- गेंद दूसरे बच्चे को दें और गतिविधि दोहराएँ।
- सभी बच्चों को मौका दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




स्पर्श के आधार पर वस्तुओं को पहचानेंगे

### महसूस करो (ठंडा, गर्म)

- दोनों हाथों की हथेली को आपस में रगड़कर अपने चेहरे पर लगाएँ।
- कैसा महसूस हो रहा है?
- यह गर्म है।
- आज आप क्या खाकर आए हो।
- आपने गर्म क्या खाया?
- शब्द-कार्ड दिखाएँ।
- इसी तरह ठंडा समझाएँ।

**ठंडा / गर्म का खेल :**

- शब्द-कार्ड दिखाएँ। बच्चों को गर्म और ठंडा का अभिनय करने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : रेखाएँ (कदम पृ. 2)**

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : गुंजन** (पृ. 164) | **कार्य 2 : गेंद का खेल (कदम पृ. 3)**

इकाई 1
दिवस 5
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ वन्डरबॉक्स: परिवार क्यूब और किताब
- ☐ बिग बुक - दादी का चश्मा
- ☐ विभिन्न वस्तुओं के नामों के शब्द-कार्ड
- ☐ जोड़ी वाली वस्तुएँ (ताला-चाबी, रंग-कागज, चश्मा-आँख का फ्लैश कार्ड)
- ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: एक बिल्ली आई (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 20 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




परिवार के लोगों की भूमिका बताएंगे

## मेरा परिवार

- परिवार के बारे में चर्चा करें।
- आपके परिवार में कौन-कौन है?
- उनके नाम बताने के लिए प्रोत्साहित करें।
- **वन्डरबॉक्स : परिवार क्यूब** को दिखाते हुए पूछें कि इसमें से किसके जैसा आपका परिवार है? और किताब दिखाते हुए उनके परिवार के बारे में बताएँ।
- बच्चों को **कविता 'ये हैं मेरे प्यारे पापा'** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ कराएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

## कहानी: दादी का चश्मा (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले पूछें:
- ● कवर पेज के चित्र में क्या/कौन दिख रहा है?
- ● कहानी का नाम क्या होगा?
- ● चित्र देखकर बताएँ कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्द-कार्ड को दृश्य शब्दों में पहचानेंगे

## दृश्य शब्दों को पहचानना (शब्द-कार्ड)

- प्रत्येक वस्तु के नाम का शब्द-कार्ड दिखाते हुए उसका नाम बताएँ।
- एक बच्चे को किसी एक वस्तु का नाम बोलने के लिए कहें।
- दूसरे बच्चे को उस वस्तु का शब्द-कार्ड ढूँढ़ने के लिए कहें।
- प्रत्येक बच्चे के साथ गतिविधि को करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



उपयोग के आधार पर जोड़ी बनाएंगे

## मिलान करें

- ताला, चाबी, कागज, रंग, चश्मा और आँख का फ्लैश कार्ड बीच में रखें।
- ● कौन-सी दो वस्तु साथ में रहती हैं?
- ताला-चाबी, आँख-चश्मा का चित्र कार्ड दिखाएँ।
- ● यदि ताले के साथ चाबी ना हो, तो इसे खोल-बंद नहीं कर पाएंगे। इसलिए ताला-चाबी जोड़ी है। कक्षा में जोड़ी वाली वस्तुएँ दिखाने के लिए कहें।
- **कदम** (पृ.4) पर कार्य कराएँ।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : आस-पास की आवाजें (वाहन और वस्तुओं की आवाजें) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गुंजन (पृ. 164) \| कार्य 2 : गेंद का खेल (कदम पृ. 3) |

## मैं और मेरा परिवार



| | इकाई 1 दिवस 6 DD/MM | इकाई 1 दिवस 12 DD/MM |
|---|---|---|
| | ☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ शब्द-कार्ड : धन्यवाद, क्षमा, कृपया<br>☐ कागज की गेंद<br>☐ तीन अलग-अलग प्लेटो में घुले हुए प्राथमिक रंग<br>☐ बड़ी गेंद | ☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ वंडरबॉक्स<br>☐ बिग बुक: दादी का चश्मा, बड़ी गेंद<br>☐ गोल, तिकोन और अन्य आकृति की वस्तुएँ<br>☐ 1-2-3 संख्या नाम कार्ड और अंक कार्ड |
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: प्यारे बच्चे (पृ. 163)<br>कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविता: एक बिल्ली आई (पृ. 163)<br>कार्य: कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकास: 30 मिनट | **अभिवादन और सुनहरे शब्दों का उपयोग करेंगे**<br>**सुनहरे शब्द**<br>• **दिवस 4** (पृ. 5) की गतिविधि दोहराएँ। | **शरीर के विभिन्न अंगों को बताएंगे**<br>**शरीर के अंग**<br>• **दिवस 9** (पृ. 10) की गतिविधि दोहराएँ। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : मेरी पहचान** (पृ. 163)<br>• **दिवस 4** (पृ. 5) की गतिविधि दोहराएँ। | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : दादी का चश्मा (बिग बुक)**<br>• **दिवस 9** (पृ. 10) की गतिविधि दोहराएँ। |
| ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट | **वस्तुओं के नाम दृश्य शब्दों में बताएंगे**<br>**दृश्य शब्दों को पहचानना**<br>• **दिवस 4** (पृ. 5) की गतिविधि दोहराएँ। | **सीखे गए शब्दों को दोहराएंगे**<br>**मेरा चेहरा**<br>• **दिवस 9** (पृ. 10) की गतिविधि दोहराएँ। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | **प्राथमिक रंगों से द्वितीयक रंग बनाएंगे**<br>**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**<br>• बच्चों को अपनी हथेलियों पर लाल, पीला, नीला रंग लगाकर कागज पर छाप लगाने के लिए कहें।<br>• दो बच्चों को हाथ मिलाकर नए रंग का छाप लगाने के लिए कहें।<br>• नया रंग पहचानने के लिए कहें। | **वस्तु (1-5) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे**<br>**अंकों को पहचानो (1-3)**<br>• **दिवस 9** (पृ. 10) की गतिविधि दोहराएँ।<br>• **कदम** (पृ. 1) पर कार्य करवाएँ। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : आवाज पहचानो (पशु-पक्षी) (पृ. 164) | कार्य : आवाज पहचानो (परिवेश) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : किसकी बारी (हाथ) (पृ. 164) | कार्य 1 : गुंजन (पृ. 164)<br>कार्य 2 : गेंद का खेल (कदम पृ. 3) |

इकाई 1
दिवस 7
DD/MM

## मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : दादी का चश्मा
- ☐ (वर्ग, आयत, त्रिभुज, गोला) आकृतियों की वस्तुएँ
- ☐ (वर्ग, आयत, त्रिभुज, गोला) आकृतियों के कटआउट
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: एक बिल्ली आई (पृ. 163) | कार्य: कैलेंडर (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




परिवार के लोगों की पहचान व नाम बताएंगे

### मेरा विस्तारित परिवार

- परिवार के लोगों की पहचान को दोहराएँ।
- विस्तारित परिवार के सदस्यों के रिश्तों के बारे में चर्चा करें। (दादा-दादी, नाना-नानी)
- **चहक-3** (पृ. 4) पर कार्य।
- बच्चों को परिवार-जनों का चित्र बनाने के लिए कहें।
- बने चित्रों को अपने शब्दों में व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- बच्चों को **कविता 'मेरा परिवार'** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ कराएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: दादी का चश्मा (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में किसने चश्मा पहना था?
- आपके घर में कौन-कौन चश्मा पहनता है?
- दादी ने अपना चश्मा कहाँ-कहाँ ढूँढा?
- चश्मा कहाँ मिला?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




तुकांत शब्दों को पहचानेंगे

### तुकांत शब्द

- **कविता 'धड़धड़ धड़धड़ आता घोड़ा'** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- कविता गाते समय, बच्चों का ध्यान तुकांत शब्दों पर ताली बजाते हुए ले जाएँ। जैसे, खाता, जाता, आता।
- 2 बार कविता गाएँ।
- बच्चों को तुकांत शब्दों पर ताली बजाने के लिए कहें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तुओं में आकृतियों को पहचानेंगे

### आओ आकार सीखें

- विभिन्न आकृतियों (गोल, चौकोर, तिकोन) की वस्तुओं को कक्षा के बीच में रखें।
- एक-एक करके बच्चों को बुलाएँ। एक वस्तु उठाने के लिए कहें।
- आकृति का नाम बताएँ।
- दूसरे बच्चे से उस आकृति की वस्तु निकालने के लिए कहें।
- सभी बच्चों के साथ आकृतियों का दोहराव करें।
- **कदम** (पृ. 5) पर कार्य करवाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : आवाज पहचानो (परिवेश) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : गुंजन (पृ. 164) | कार्य 2 : गेंद का खेल (कदम पृ. 3)

इकाई 1
दिवस 8
DD/MM

## मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ छोटे कंकड़, सूखे पत्ते, बटन, रंगीन कागज के टुकड़े, गोंद, गोल कटा सफेद कागज
- ☐ बिग बुक : दादी का चश्मा
- ☐ गीली मिट्टी
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: एक बिल्ली आई (पृ. 163) | कार्य: कैलेंडर (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




चेहरे के विभिन्न भागों को बताएंगे

### खुद को जानो (चेहरा)

- अपने चेहरे के भागों को छूएँ और पहचान कराएँ।
- **चेहरे का खेल :** चेहरे के भागों का नाम लें। बच्चें अपने चेहरे का वो भाग छूकर दिखाएँगे।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- हर समूह को एक सफेद कागज और एकत्रित वस्तुएँ दें।
- वस्तुओं से चेहरा बनाने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: दादी का चश्मा (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- चश्मा ढूँढ़ने में दादी की सहायता किसने की?
- चश्मा आखिर में कहाँ मिला?
- चश्मा मिलने पर दादी ने कैसा महसूस किया?
- आपकी कोई चीज खोई है? तब आपको कैसा लगा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों में आवाजों को पहचानेंगे व नकल करेंगे

### आवाजों की नकल

- बिग बुक **'दादी का चश्मा'** से कोई एक शब्द बोलें। जैसे, दादी।
- इसमें कौन-कौन सी आवाजें सुनाई दे रही हैं?
- शब्द "दादी" में 'दा' और 'दी' की आवाज है।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- कहानी से अन्य शब्दों की आवाजों को भी दोहराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



आकारों को पहचानेंगे और सही मिलान करेंगे

### मिलान करें

- **कदम** (पृ. 6) पर दी गई गतिविधि (मिलान करें) बच्चों को समझाएँ।
- उनको स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : आओ अभ्यास करें (चहक-3 पृ. 10)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : फेंको-पकड़ो (पृ. 164)

इकाई 1
दिवस 9
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] वंडरबॉक्स
- [ ] बिग बुक : दादी का चश्मा
- [ ] 25-30 समान रंग और आकार के बड़े बटन
- [ ] 1 से 3 तक के संख्या-कार्ड और नाम-कार्ड
- [ ] मिट्टी / क्ले
- [ ] बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: अच्छी आदतें** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




शरीर के विभिन्न अंगों को बताएंगे

## शरीर के अंग

- सिर पर हाथ रखकर कहें, "यह मेरा सिर है।"
- ऐसे ही कंधे, पेट, हाथ और पैर की पहचान कराएँ।
- **खेल:** शरीर के अंगों के नाम लें। बच्चों को अपने उन अंगों को छूकर दिखाने के लिए कहें।
- **वन्डरबॉक्स** से गतिविधि-12 के अनुसार गुड़िया बनवाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 5) दिखाकर शरीर के अंगों के नाम पूछें और अंग्रेजी में नाम बताएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानी: दादी का चश्मा (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- टीनू ने दादी का चश्मा ढूँढ़ने में सहायता की। आप अपने परिवार में कैसे सहायता करते हैं?
- कोई सामान गुम होने पर ढूँढ़ने में आपकी कौन सहायता करता है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




सीखे गए शब्दों को दोहराएंगे

## मेरा चेहरा

- आप अपने चेहरे के किसी एक भाग को छूकर किसी एक बच्चे का नाम लेंगे।
- जिस बच्चे का नाम लिया जाएगा, उसे आपके चेहरे के उस भाग का नाम बताकर ताली बजानी है।
- प्रत्येक बच्चे को गतिविधि में भाग लेने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तु (1-5) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

## अंकों को पहचानो (1-3)

- एक बटन सामने रखें।
- यह 'एक' है। एक का संख्या कार्ड और नाम कार्ड दिखाकर 'एक' बताएँ।
- इसी तरह 2 और 3 बताएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- बच्चों को बड़े बटन, संख्या कार्ड और नाम कार्ड दें।
- 1-3 का अंक बोलें।
- बच्चे उतने बटन, संख्या कार्ड और नाम कार्ड रखकर दिखाएंगे।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : आओ अभ्यास करें (चहक-3** पृ. 10) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : फेंको-पकड़ो** (पृ. 164) |

इकाई 1
दिवस 10
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ एक टोकरी में घंटी, फूल, चीनी, गेंद, कंकड़
- ☐ चॉक, पेंसिल, रंग, ब्रश
- ☐ सफेद कागज
- ☐ मिट्टी / क्ले
- ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: अच्छी आदतें (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




शरीर के अंगों को पाँच इन्द्रियों से मिलाएंगे

### शरीर के अंग और उनके काम

- टोकरी से गेंद निकालें।
- बच्चों से आँखें बंद करवाएँ।
- क्या अब आप गेंद देख सकते हो? आँखों से हम देखते हैं।
- बाकी वस्तुओं से इंद्रियों की पहचान और उपयोग के बारे में चर्चा करें।
- **कविता 'मेरी पाँच इंद्रियाँ'** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 6) पर कार्य करवाएँ।
- शरीर के अंग और उसके काम पर चर्चा करें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: मेरा मनपसंद फल (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- रानू क्यों खुश थी?
- रानू दिनभर किस फल के बारे में सोचती रही?
- खेल का क्या नाम था?
- खेल में शिक्षक ने बच्चों से क्या-क्या पूछा था?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट



विभिन्न विषयों पर चित्र बनाकर रंग भरेंगे

### चित्र बनाएँ (रंग)

- लेखन और चित्र बनाने के उपकरणों की पहचान करवाएँ। (चॉक, पेंसिल, रंग, ब्रश)
- इनका उपयोग बताएँ।
- फिर रंग बच्चों को दें।
- **चहक-3** (पृ. 12) पर कार्य करवाएँ।
- **चहक-3** दिखाते हुए बच्चों से उनकी पसंद के खिलौने पर चर्चा करें, फिर कार्यपत्रक पर कार्य करवाएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




अंकों और सही संख्या-नाम को पहचानेंगे

### अंकों को पहचानें

- **कदम** (पृ. 7) पर दी गई गतिविधि (अंकों को पहचानें) बच्चों को समझाएँ।
- उनको स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य 1 : आओ अभ्यास करें (चहक-3 पृ. 10) \| कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 33) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) \| कार्य 2 : फेंको-पकड़ो (पृ. 164) |

इकाई 1
दिवस 11
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] चॉक, स्लेट, पेंसिल, रंग, क्रेयॉन, ब्रश
- [ ] कटोरी, कंघी, बोतल और कमीज के 2-2 चित्र, चार्ट पेपर, कैंची
- [ ] बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: अच्छी आदतें** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




स्वस्थ आदतें बताएंगे व अभ्यास करेंगे

## अच्छी आदतें

- हम बीमार क्यों होते हैं?
- ऐसा क्या करना चाहिए कि हम बीमार न पड़ें?
- **चित्रकार्ड/चहक-3** (पृ. 8) का चित्र दिखाकर अच्छी आदतों के बारे में चर्चा करें। दातून करना, नहाना।
- बच्चों को अच्छी आदतों का अभिनय करने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 8) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ।
- स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: मेरा मनपसंद फल (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी के पात्रों पर चर्चा करें।
- खेल के अंत में शिक्षक ने क्या कहा?
- आपकी पसंद का फल कौन-सा है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वाक्य में शब्दों को पहचानेंगे

## वाक्य में शब्द

- एक वाक्य बोलकर बताएँ।
- मेरा नाम राजू है।
- प्रत्येक शब्द पर बच्चों को ताली बजानी है। जैसे- 'मेरा' पर ताली, 'नाम' पर ताली।
- बच्चों को शब्द पहचानकर तालियाँ बजाने के लिए कहें।
- इस प्रकार कुछ और नए वाक्य बोलें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




संख्या 5 तक बिंदु मिलाकर लिखेंगे

## आओ अंक सीखें (1-3)

- 1-3 तक के संख्या प्रतीकों को बोर्ड पर लिखकर दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 8) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ।
- गतिविधि स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : Head and Shoulders** (चहक 3 पृ. 7)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2 : किसकी बारी (पैर)** (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 7 पर देखें।

इकाई 1
दिवस 13
DD/MM

**मैं और मेरा परिवार**

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] अंक 1 से 3 के संख्या कार्ड
- [ ] मिट्टी / क्ले
- [ ] बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: अच्छी आदतें** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




शारीरिक समानता व असमानता बताएंगे

## एक समान और अलग-अलग

- बच्चों के हाथ जमीन पर रखवाएँ। हाथों के आकार, रंग की समानता और अंतर पर चर्चा करें।

**समूह कार्य (दो समूह) :**

- एक समूह को एक पैर से चलने के लिए कहें। दूसरे को एक हाथ से वस्तु उठाने के लिए कहें।
- क्या परेशानी हुई?
- **चर्चा** : अलग-अलग रूप से सक्षम लोग और उनके साथ समान व्यवहार करना।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: मेरा मनपसंद फल (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- शिक्षक ने बच्चों को कौन-सा खेल खिलाया था?
- बच्चों के साथ खेल दोहराएँ।
- क्या सबका मनपसंद फल एक जैसा था?
- अगर आपकी और आपके दोस्त की पसंद अलग है तो क्या करोगे?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




तुकांत शब्दों को पहचानेंगे

## तुकांत शब्द

- **कविता 'धड़-धड़, धड़-धड़ आता घोड़ा'** (पृ. 163) को हाव- भाव के साथ गाएँ।
- कविता गाते समय, बच्चों का ध्यान तुकांत शब्दों पर ताली बजाते हुए ले जाएँ। जैसे, खाता, जाता, आता।
- 2 बार कविता गाएँ और तुकांत शब्दों पर ताली बजाने के लिए कहें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




क्रमसूचक संख्या (1-5) बताएंगे

## क्रम सूचक संख्या (1-3)

- तीन बच्चों को खड़ा करें। 1-3 संख्या कार्ड बाएँ से दाएँ दें।
- कार्ड दिखाकर पहला, दूसरा और तीसरा क्रम बताएँ।
- 1-3 का संख्या कार्ड देते हुए दाएँ से बाएँ भी दोहराएँ।

**समूह कार्य (3 का समूह) :**

- हर समूह को क्रम से खड़ा करें। 1-3 के संख्या कार्ड दें।
- बच्चों को बाएँ से दाएँ और दाएँ से बाएँ अपना क्रम बताने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मिट्टी से आकृतियाँ (कदम** पृ. 12)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2 : किसकी बारी (पैर)** (पृ. 164)

इकाई 1
दिवस 14
DD/MM

## मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ एक लंबा धागा या रिबन, बच्चों के नाम कार्ड
- ☐ कंकड़, बटन, ब्लॉक्स
- ☐ शब्द-कार्ड : 'कम' और 'ज्यादा'
- ☐ मिट्टी/क्ले
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: मिल-जुलकर करते हैं काम (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




शरीर के बढ़ने व परिवर्तनों को पहचानेंगे

### मेरी वृद्धि

- बच्चों को धागा/रिबन दें।
- अपने दोस्त को दीवार के सहारे खड़ा करके उसकी ऊँचाई नापने के लिए कहें।
- बच्चे का नाम कार्ड दीवार पर उसकी ऊँचाई पर चिपकाएँ।
- क्या आपके छोटे भाई-बहन हैं? उनमें और आप में क्या अंतर हैं?
- आप में क्या बदलाव आए हैं। (लंबाई, बात करना, चलना, खुद से खाना।)

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: मेरा मनपसंद फल (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या फल की तरह सबकी पसंद अलग होती है? (रंग, कपड़े, खेल, खाना।)
- अपने मनपसंद फल का नाम बताओ।
- आपके घर में बाजार से फल-सब्जियाँ कौन लाता है?
- क्या आप सारे फल-सब्जी खाते हो?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




चित्र के आधार पर चर्चा में शामिल करेंगे

### चित्र पर चर्चा (चहक 3 पृ. 9)

- **चहक-3** (पृ. 9) दिखाएँ।
- चित्र में क्या हो रहा है?
- चित्र में कौन-कौन से खेल दिखाई दे रहे हैं?
- आपको कौन-सा खेल पसंद है?
- आपको यह खेल क्यों पसंद है?
- आप यह खेल किसके साथ खेलते हैं?

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



बिना गिने अधिक-कम की मात्रा बताएंगे

### कम-अधिक (अगणनीय)

- कंकड़/बटन/ब्लॉक के दो ढेर (कम और अधिक) बनाएँ।
- ढेर दिखाकर कम-अधिक की अवधारणा समझाएँ।
- कम-अधिक के शब्द-कार्ड दिखाएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- हर समूह को कंकड़/बटन/ब्लॉक दें। कम-अधिक का ढेर लगाकर दिखाने के लिए कहें।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य 1 : मिट्टी से गोल आकृतियाँ बनाना (पृ. 164) | कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 34)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पंखुड़ी साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : किसकी बारी (पैर) (पृ. 164)

इकाई 1
दिवस 15
DD/MM

## मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चार्ट, फ्लैश-कार्ड : 'खुशी', 'दु:ख', 'गुस्सा', 'डर'
- ☐ 5-6 छोटी-बड़ी वस्तुएँ (छोटी-बड़ी गेंद, छोटा-बड़ा रुमाल)
- ☐ शब्द-कार्ड : बड़ा-छोटा, लंबा-छोटा
- ☐ मिट्टी / क्ले
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: मिल-जुलकर करते हैं काम (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**



भावनाओं को पहचानेंगे

### भावनाएँ (खुशी, दुखी, गुस्सा, डर)

- दीवार पर भावनाओं का चार्ट लगाएँ। बच्चों को भावनाओं का फ्लैश कार्ड दिखाकर खुशी, दु:,ख, डर और गुस्सा का उदाहरण दें।
- बच्चों को भावनाओं के बारे में बताएँ।
- एक गेंद पास करें।
- जिसके पास गेंद होगी, वह उदाहरण देकर अपनी भावना बताएंगे।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: मीनू का दिन (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- मीनू के स्कूल का कौन-सा दिन था?
- मीनू का स्कूल जाने का मन क्यों नहीं कर रहा था?
- टीचर ने कक्षा में आकर क्या पूछा?
- मीनू का स्कूल का पहला दिन कैसा रहा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




सीखे गए शब्दों से परिचित विषयों पर चर्चा करेंगे

### अच्छी आदतें

- स्वस्थ आदतें क्या होती हैं?
- स्वस्थ आदतों का उदाहरण दें। उनका अभिनय करके दिखाएँ। (नहाना, साफ कपड़े पहनना)
- पूछें, आपने इन सभी अच्छी आदतों में से आज कौन-कौन सी क्रियाएँ कीं।
- **समूह कार्य (जोड़ियों में) :** बच्चे अच्छी आदतों का अभिनय एक- दूसरे को करके दिखाएँ।
- **चहक-3** (पृ. 13) पर कार्य करवाएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




लंबाई और आकार के आधार पर छाँटेंगे

### आओ तुलना करें (लम्बा-छोटा, बड़ा-छोटा)

- अलग-अलग लम्बाई की दो समान वस्तुएँ रखें।
- यह लम्बा है।
- लम्बा का शब्द कार्ड दिखाएँ। 'लम्बा' ऐसे लिखते हैं।
- इसी तरह छोटे की अवधारणा समझाएँ।
- छोटी-बड़ी गेंद दिखाकर बड़ा-छोटा की अवधारणा समझाएँ। शब्द-कार्ड दिखाएँ।
- **कदम** (पृ. 9) पर कार्य कराएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य 1 : मिट्टी से गोल आकृतियाँ बनाना (पृ. 164) | कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 35)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : कंधा घुमाकर साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : पैर से गेंद का खेल (पृ. 164)

इकाई 1
दिवस 16
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ ऊँची-छोटी वस्तुएँ (ब्लॉक, पौधा,)
- ☐ हल्की-भारी वस्तुएँ (अखबार, पत्थर)
- ☐ शब्द-कार्ड : 'ऊँचा', 'छोटा', 'हल्का' और 'भारी'
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: मिल-जुलकर करते हैं काम (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**



सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श को बताएंगे

## सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श

- **चहक 3** (पृ. 11) से निजी अंगों के बारे में चर्चा करें।
- **वंडरबॉक्स** की गुड़िया की मदद से बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श समझाएँ।
- पीठ थपथपाना (सुरक्षित स्पर्श), अनजान व्यक्ति का छूना (असुरक्षित स्पर्श)।
- **चर्चा :** सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श पहचानना। असुरक्षित स्पर्श की परिस्थितियों में क्या करना चाहिए।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: मीनू का दिन (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- मम्मी ने क्या कहकर मीनू को स्कूल भेजा?
- स्कूल में मीनू ने क्या-क्या किया?
- स्कूल में नए लोगों से मिलकर मीनू को कैसा लगा था?
- स्कूल में खेलते हुए मीनू को कैसा लगा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों में पहली आवाजों को पहचानेंगे

## पहली आवाज

- **कविता 'मछली आई, जल में छाई'** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ कविता गाएँ।
- एक शब्द बोलें। जैसे, मछली।
- इसमें कौन-कौन सी आवाजें सुनाई दे रही है?
- शब्द "मछली" में 'म', 'छ' और 'ली' की आवाज है। इसमें पहली आवाज कौन-सी है ('म' पहली आवाज है।)
- कविता के अन्य शब्दों से गतिविधि दोहराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




ऊँचाई और वजन के आधार पर छाँटेंगे

## आओ तुलना करें (ऊँचा-छोटा, हल्का-भारी)

- दो ब्लॉक और चार ब्लॉक के टावर बनाएँ। दो ब्लॉक वाला टावर दिखाएँ।
- इन दोनों में क्या अलग है?
- यह छोटा है। इसे ऐसे लिखते है। शब्द-कार्ड दिखाएँ।
- इसी तरह ऊँचे की अवधारणा समझाएँ।
- अखबार और पत्थर से हल्के-भारी की अवधारणा समझाएँ। शब्द-कार्ड दिखाएँ।
- **कदम** (पृ.10) पर कार्य करवाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : अलग-अलग आवाजें (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : कंधा घुमाकर साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : पैर से गेंद का खेल (पृ. 164)

इकाई 1
दिवस 17
DD/MM

# मैं और मेरा परिवार

**तैयारी और सामग्री**

- 5-6 बड़ी-छोटी, लंबी-छोटी, ऊँची-छोटी, हल्की-भारी वस्तुएँ
- शब्द-कार्ड : 'बड़ी', 'छोटी', 'लंबी', 'छोटी', 'ऊँची', 'छोटी', 'हल्की' और 'भारी'
- बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: अच्छी आदतें (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




स्कूल के सदस्यों की भूमिका बताएंगे

### विद्यालय में कौन-कौन

- आपके विद्यालय में कौन-कौन हैं? वह आपकी कैसे सहायता करते हैं?
- मेरे जैसा विद्यालय में और कौन है, जो आपका ध्यान रखता है?
- **केंद्र में सहयोगी :** अध्यापिका, प्रधान-अध्यापिका, चौकीदार, सफाई कर्मचारी और बाकी कर्मचारियों के बारे में चर्चा करें।
- स्कूल के सहयोगियों के नाम लें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: मीनू का दिन (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आपको स्कूल आने में कैसा लगता है?
- आप स्कूल में क्या-क्या करते हैं?
- आपके स्कूल में कौन-कौन से दोस्त हैं?
- आपको स्कूल से घर जाकर कैसा लगता है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




सीखे गए शब्दों से परिचित विषयों पर चर्चा करेंगे

### मेरा परिवार

- आपके परिवार में कौन-कौन है?
- वे क्या करते हैं?
- आपको सुबह कौन उठाता है?
- आपको अपने परिवार के साथ क्या-क्या करना अच्छा लगता है? (एजुकेटर भी अपने परिवार के बारे में बताएँ।)
- बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों के बारे में तीन वाक्यों में बताने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




आकार, लम्बाई, ऊँचाई व वजन के आधार पर तुलना करेंगे

### आओ तुलना करें (आकार, लम्बाई, ऊँचाई और वजन)

- बड़ा-छोटा, लम्बा-छोटा, ऊँचा-छोटा, हल्का-भारी की अवधारणा को दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 11) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ। स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : अलग-अलग आवाजें (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : कंधा घुमाकर साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : पैर से गेंद का खेल (पृ. 164)

# इकाई आकलन

इकाई 1
दिवस 18
DD/MM

**मैं और मेरा परिवार**

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ 5-6 लंबी-छोटी और ऊँची-छोटी वस्तुएँ
- ☐ मिट्टी/क्ले
- ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: मिल-जुलकर करते हैं काम (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

**स्कूल के सदस्यों का नाम बताएंगे**

'विद्यालय में कौन-कौन' दिवस-17 की गतिविधि दोहराएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

**सीखे गए शब्दों से परिचित विषयों पर चर्चा करेंगे**

**मेरा परिवार**

- एक-एक करके बच्चों को बुलाएँ।
- बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों के बारे में 3 वाक्य बोलने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।
- यह आकलन सब बच्चों का करें।




✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

**आकार, लम्बाई, ऊँचाई व वजन के आधार पर तुलना करेंगे**

**हमने सीखा (तुलना करें)**

- लंबी-छोटी पेंसिल रखें। ब्लॉक्स का ऊँचा-छोटा टॉवर बनाकर रखें।
- एक बच्चे को बुलाएँ।
- लंबा-छोटा और ऊँचा-छोटा बताने के लिए कहें।
- यह आकलन सब बच्चों का करें।
- **कदम** (पृ. 13) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ।
- स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।



✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है



☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | आओ अभ्यास करें (चहक-3 पृ. 10) पर बच्चों का आकलन करें। |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | पैर से गेंद का खेल (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



# 2. हमारा भोजन

भोजन के स्रोतों, समूहों और संतुलित आहार को पहचानना।
भोजन के महत्व को समझना और बर्बाद होने से बचाना।

Z9L4K2

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- खाद्य और अखाद्य वस्तुओं की पहचान करेंगे *
- सामान्य फलों, सब्जियों, दूध-उत्पादों और अनाजों के नाम बताएंगे
- तले हुए और चीनी-युक्त भोजन के लाभ और नुकसान बताएंगे *
- भोजन के प्रमुख स्रोत बताएंगे
- संतुलित भोजन और भोजन की स्वच्छता का महत्व समझेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- दृश्य शब्दों और तुकांत शब्दों को पहचानेंगे *
- शब्दों में पहली और आखिरी ध्वनि को पहचानेंगे
- चित्र बनाकर शब्दों को चित्रों से जोड़ेंगे
- वाक्यों में शब्दों और शब्दों में वर्णों को पहचानेंगे
- 'क' और 'ग' से शुरू होने वाले शब्दों को बताएंगे और क, ग लिखेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- वस्तुओं (1-5) को गिनकर संख्या के प्रतीक व नाम से मिलाएंगे और संख्या प्रतीकों को लिखेंगे
- आकार, लम्बाई, ऊँचाई, मात्रा, वजन के आधार पर तुलना करेंगे
- दिन, सप्ताह, महीनों के नाम बताएंगे *
- वस्तुओं में आकृतियों के नाम बताएंगे और आवाज से पैटर्न बनाएंगे

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- हाव-भाव के साथ कविता गाएंगे *
- आस-पास की सामग्री, ब्लॉक, स्टेंसिल आदि को व्यवस्थित करके नई सामग्री बनाएंगे
- आस-पास की ध्वनियों को पहचानेंगे और नकल करेंगे *

**शारीरिक विकास**

- फूँक मारने और निशाना लगाने की तकनीक का अभ्यास करेंगे
- उँगली घुमाकर हवा में वर्ण बनाने का अभ्यास करेंगे

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 2
दिवस 1
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ खाद्य (फल, सब्जियाँ, अनाज) और अखाद्य (चाक, पत्थर, लकड़ी, रंग) वस्तुएँ/चित्र कार्ड
- ☐ एक रंग और आकार के 5-6 बटन, अंक और शब्द-कार्ड : 4 और 5 अंक
- ☐ तरबूज की फांक का कटआउट और लाल रंग का कागज, गोंद
- ☐ बाल्टी, गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: कभी न करना ऐसा काम** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




खाद्य-अखाद्य वस्तुएँ बताएंगे और छाँटेंगे

## खाद्य और अखाद्य वस्तुएँ

- **आओ ढूँढ़े :** बच्चों को कक्षा में एक वस्तु/चित्र चुनने के लिए कहें।
- यह वस्तु खाद्य है या अखाद्य है?
- खाद्य और अखाद्य वस्तुएँ/चित्र कार्ड एक-एक करके दिखाएँ।
- क्या हम इस वस्तु को खा सकते हैं?
- **चर्चा :** खाद्य और अखाद्य वस्तुएँ क्या होती हैं? अखाद्य वस्तु खाने से क्या होता है?

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: खिचड़ी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- आनंद ने सुबह क्या खाया?
- मैडम ने आनंद से क्या पूछा?
- आनंद ने खिचड़ी को क्या-क्या कहा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




तुकांत शब्दों को पहचानेंगे

## तुकांत शब्द

- **'राजा आया' कविता** (पृ. 163) उचित हाव-भाव और लय के उतार-चढ़ाव के साथ गाएँ।
- कविता गाते हुए बच्चों का ध्यान ताली बजाते हुए तुकांत शब्दों की ओर ले जाएँ, जैसे आया-लाया, राजा-बाजा।
- इसी तरह 1-2 बार कविता को गाएँ और तुकांत शब्दों पर बच्चों को ताली बजाने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तु (1-5) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

## गिनो और पहचानो (4-5)

- चार बटन एक-एक करके सामने रखें।
- यह चार है। संख्या कार्ड और नाम कार्ड से 'चार' बताएँ।
- इसी तरह पाँच समझाएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- सब को बटन, संख्या-कार्ड और नाम-कार्ड दें।
- 1-5 में से अंक बोलें।
- बच्चों को बोले गए अंक के बटन, संख्या-कार्ड और नाम-कार्ड दिखाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : कागज से तरबूज बनाओ (भाग-1)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : फूल सूँघो** (पृ. 164) | **कार्य 2 : निशाना लगाएँ (कदम** पृ. 17)

इकाई 2
दिवस 2
DD/MM

## हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ फलों के चित्र कार्ड (रंगीन)
- ☐ तरबूज की फांक का कटआउट और लाल रंग का कागज, गोंद
- ☐ बाल्टी, गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविताः कभी न करना ऐसा काम (पृ. 163) | कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




सामान्य/स्थानीय फल-सब्जियाँ पहचानेंगे

### आस-पास उगने वाले फल

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- बच्चों को अपने समूह में **चहक 3, फल** (पृ. 17) से फलों के चित्र दिखाने के लिए कहें।
- फल/चित्र कार्ड दिखाकर बच्चों से फलों के नाम पूछें।
- प्रत्येक फल का नाम हिन्दी और अंग्रेजी में बोलें। बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- **चर्चा :** फलों के नाम, रंग, स्वाद और फायदे।
- कार्यपत्रक की कविता गाएँ और अंग्रेजी में भी नाम बताएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानीः खिचड़ी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी का नाम क्या है?
- आनंद के लिए सुबह खाना किसने बनाया?
- आनंद को खिचड़ी का नाम किसने याद दिलाया?
- आनंद के दोस्तों ने अंत में क्या कहा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों में पहली और अंतिम आवाज को पहचानेंगे

### पहली और अंतिम आवाज

- **कविता 'फल', चहक-3** (पृ. 17) को हाव-भाव के साथ गाएँ। कविता से एक शब्द बोलें, जैसे- 'काली'।
- पहली और आखिरी की आवाज क्या है? जैसे 'का', 'ली'- काली। 'का' इसकी पहली आवाज है और 'ली' इसकी आखिरी आवाज है।
- बच्चों से दोहराने के लिए कहें।
- कुछ और शब्दों के साथ गतिविधि को दोहराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तु (1-5) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

### अंकों को पहचानें

- **कदम** (पृ. 14) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : कागज से तरबूज बनाओ (भाग-2) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : फूल सूँघो (पृ. 164) | कार्य 2 : निशाना लगाएँ (कदम पृ. 17)

इकाई 2
दिवस 3
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सब्जियों के चित्र-कार्ड (रंगीन)
- ☐ बिग बुक: ढेला और पत्ता
- ☐ शब्द-कार्ड: पेड़, पत्ता, नदी, ढेला, पहाड़
- ☐ तरबूज की फांक का कटआउट और लाल रंग का कागज, गोंद
- ☐ बाल्टी, गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: कभी न करना ऐसा काम** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




सामान्य/स्थानीय फल-सब्जियाँ पहचानेंगे

### आस-पास उगने वाली सब्जियाँ

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- बच्चों को अपने समूह में **चहक 3** (पृ. 18) से सब्जियों के चित्र दिखाने के लिए कहें।
- सब्जी/चित्र कार्ड दिखाकर बच्चों से फलों के नाम पूछें।
- प्रत्येक सब्जी का नाम हिन्दी और अंग्रेजी में बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- **चर्चा:** सब्जी के नाम, रंग, स्वाद और फायदे।
- हाव-भाव से कार्यपत्रक की कविता गाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: खिचड़ी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने खिचड़ी खायी है?
- आपके लिए खिचड़ी कौन बनाता है?
- आपको खिचड़ी का स्वाद कैसा लगता है?
- खिचड़ी किन चीजों से बनती है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




बिग बुक/पोस्टर्स से दृश्य शब्द बताएंगे

### दृश्य शब्दों की पहचान

- **कहानी 'ढेला और पत्ता' (बिग बुक)** से चित्र दिखाकर वस्तुओं का नाम पूछें।
- एक शब्द-कार्ड उठाएँ।
- सबको दिखाएँ।
- शब्द-कार्ड के चित्रों को उँगली से दिखाना है।
- बच्चों को शब्द-कार्ड दीवार पर चिपकाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




1-5 तक के संख्या प्रतीकों को लिखेंगे

### आओ अंक सीखें

- 4-5 तक के संख्या प्रतीकों को बोर्ड पर लिखकर दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 15) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : कागज से तरबूज बनाओ (भाग-3)** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 36) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : फूल सूँघो** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : निशाना लगाएँ (कदम** पृ. 17**)** |

इकाई 2
दिवस 4
DD/MM

# हमारा भोजन

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ दूध-उत्पाद के चित्र-कार्ड
- ☐ प्राथमिक व द्वितीयक रंगों के क्रेयॉन और सफ़ेद कागज
- ☐ रंगीन फीता/ऊन, कैंची
- ☐ बड़ी गेंद
- ☐ ठेला गाड़ी का रेखाचित्र, कार्ड-बोर्ड

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविताः कभी न करना ऐसा काम** (पृ. 163) | **कार्यः कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




सामान्य/स्थानीय उपलब्ध दूध से बनी सामग्री बताएंगे

## दूध और दूध उत्पाद

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- बच्चों को अपने समूह में **चहक 3** (पृ. 20) के चित्र दिखाने के लिए कहें।
- दूध-उत्पाद/चित्र कार्ड दिखाकर बच्चों से नाम पूछें।
- दूध और दूध उत्पाद/चित्र कार्ड दिखाकर नाम बोलें।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- **चर्चा :** दूध और दूध-उत्पाद के नाम, रंग, स्वाद और फायदें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी एवं पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानीः खिचड़ी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपको खिचड़ी पसंद है?
- आप सुबह क्या खाते हो?
- आपकी पसंद का खाना कौन-सा है?
- आपकी पसंद का खाना आपके लिए कौन बनाता है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




चित्र बनाकर शब्दों को चित्रों से जोड़ेंगे

## चित्र बनाएँ (क्रेयॉन)

- बच्चों को लाल, पीला, हरा, नीला, संतरी और बैंगनी रंगों के क्रेयॉन और एक सफेद कागज दें।
- अपनी पसंद के फूल का चित्र बनाने के लिए कहें।
- आपने कौन-सा फूल बनाया है?
- यह फूल कहाँ देखा है?
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




1-5 तक के संख्या प्रतीकों को लिखेंगे

## आओ अंक सीखें

- 1-5 तक के संख्या प्रतीकों को बोर्ड पर लिखकर दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 16) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : ठेला गाड़ी (भाग-1)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : फूंक मारो** (पृ. 164) | **कार्य 2 : गेंद से निशाना (पैर)** (पृ. 164)

इकाई 2
दिवस 5
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**
- ☐ अनाज और दालों के चित्र-कार्ड
- ☐ 1-5 के संख्या-कार्ड
- ☐ बड़ी गेंद
- ☐ गत्ता, धागा, बोतल का ढक्कन

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: गिनती एक से दस (पृ. 163) | कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




अनाज और दालों को पहचानकर बताएंगे

### अनाज और दाल

**समूह कार्य (4 के समूह) :**
- बच्चों को अपने समूह में **चहक 3** (पृ. 20) से चित्र दिखाने के लिए कहें।
- अनाज और दालें/चित्र कार्ड दिखाकर बच्चों से नाम पूछें।
- अनाज और दालें/चित्र कार्ड दिखाकर नाम बोलें।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- **चर्चा** : अनाज और दालों के नाम, रंग, स्वाद और फायदें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: बबलू का मनपसंद खाना (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- बबलू की पसंद का खाना कौन बनाने वाला था?
- बबलू किसके साथ बाजार गया?
- बबलू और मासी को सबसे पहले कौन-सी सब्जी दिखी?
- मासी ने इतनी सारी सब्जियाँ क्यों ली?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वाक्यों में शब्दों को पहचानेंगे

### वाक्य में शब्द

- बच्चों के साथ एक गोल घेरे में बैठकर **कहानी 'बबलू का मनपसंद खाना'** में से एक वाक्य बोलें। जैसे- 'हमें सब्जियाँ खानी चाहिए।'
- बच्चों को प्रत्येक शब्द के बाद ताली बजाने के लिए कहें। जैसे, 'हमें' पर ताली, 'सब्जियों' पर ताली।
- कुछ और नए वाक्य बोलें।
- बच्चों को उन वाक्यों में शब्द पहचानकर ताली बजाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




क्रमसूचक संख्या (1-5) बताएंगे

### क्रम सूचक संख्या (1-5)

- पाँच बच्चों को खड़ा करें।
- 1-5 तक के संख्या कार्ड दें।
- कार्ड दिखाकर क्रमसूचक संख्या बताएँ, 'पहला', 'दूसरा', 'तीसरा', 'चौथा', 'पाँचवा'।
- 1-5 का संख्या कार्ड देते हुए दाएँ से बाएँ दोहराएँ।

**समूह कार्य (5 समूह) :**
- हर समूह को 1-5 के संख्या कार्ड दें।
- क्रम से खड़ा करें।
- बाएँ से दाएँ और दाएँ से बाएँ क्रम का अभ्यास कराएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : **The Yummy Vegetables** (चहक-3 पृ. 19)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : फूँक मारो (पृ. 164) | कार्य 2 : गेंद से निशाना (पैर) (पृ. 164)

| हमारा भोजन<br> | इकाई 2<br>दिवस 6<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ फल, सब्जी और दूध से बनी वस्तुओं के कार्ड<br>☐ 5 ब्लाक/मोती/बटन, 1-5 संख्या के अंक और नाम कार्ड<br>☐ एक बड़ी बाल्टी/बर्तन, गेंद | इकाई 2<br>दिवस 12<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ किसान, कारखाना, दुकानदार, ग्राहक के चित्र कार्ड<br>☐ अलग-अलग आकार, लम्बाई, ऊँचाई और भार की वस्तुएँ<br>☐ बड़ी गेंद |
|---|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: कभी न करना ऐसा काम (पृ. 163)<br>कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविता: गिनती एक से दस (पृ. 163)<br>कार्य: कैलेंडर (महीनों के नाम) (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकास: 30 मिनट | **सामान्य/स्थानीय फल, सब्जियों और उपलब्ध दूध से बनी सामग्री पहचानेंगे**<br>**आओ छाँटें**<br>• फल, सब्जी और दूध से बनी सामग्री पर चर्चा करें।<br>• **समूह कार्य (4 समूह):** प्रत्येक समूह को फल, सब्जी और दूध से बनी वस्तुओं के चित्र कार्ड मिलाकर दें। फल, सब्जियों और दूध से बनी वस्तुओं को अलग-अलग करने के लिए कहें। | **खाने के विभिन्न स्रोतों को पहचानेंगे**<br>**गतिविधि: भोजन के स्रोत**<br>• **समूह कार्य (4 के समूह)** : सभी समूहों को किसान, कारखाना, दुकानदार, ग्राहक के चित्र कार्ड दें।<br>• पहले समूह को फल की यात्रा का रोल प्ले और बाकी समूहों से सब्जी, अनाज, दाल और दूध की यात्रा का अभिनय करने के लिए कहें।<br>• **चहक 3** (पृ. 23) की गतिविधि करवाएँ। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : खिचड़ी** (पृ. 163)<br>• **दिवस 4** (पृ. 23) की गतिविधि दोहराएँ। | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : बबलू का मनपसंद खाना** (पृ. 163)<br>• **दिवस 9** (पृ. 28) की गतिविधि दोहराएँ। |
| ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट | **शब्दों में पहली और अंतिम ध्वनि को पहचानेंगे**<br>**पहली और अंतिम आवाज**<br>• **दिवस 2,** कविता **'आया फल वाला आया'** (पृ. 163) की गतिविधि दोहराएँ। | **रेखाएँ खींचेंगे**<br>**वर्ण की आकृति को पहचानें**<br>• **चहक 3** (पृ. 15) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | **बिना गिने अधिक-कम की मात्रा बताएंगे**<br>**आओ तुलना करें**<br>• **कदम** (पृ. 18) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें। | **आकार, लम्बाई, ऊँचाई व वजन के आधार पर तुलना करेंगे**<br>• वस्तुओं को बीच में रखें।<br>• एक-एक करके बच्चों को बुलाएँ। एक आधार, जैसे एक बड़ी और एक छोटी वस्तु निकालने के लिए कहें।<br>• वस्तु का आधार बोलने के लिए कहें। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : आस-पास की आवाजें (पृ. 164) | कार्य : ऊँची और नीची आवाज (भाग-2) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : फूल सूँघो (पृ. 164)<br>कार्य 2 : निशाना लगाएँ (कदम पृ. 17) | कार्य 1 : फूँक मारो (पृ. 164)<br>कार्य 2 : गेंद से निशाना (पैर) (पृ. 164) |

इकाई 2
दिवस 7
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कैलेंडर
- ☐ तला हुआ भोजन / चित्र कार्ड
- ☐ ब्लॉक / बटन और संख्या कार्ड
- ☐ गत्ता, धागा, बोतल का ढक्कन
- ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: गिनती एक से दस** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




तले हुए खाद्य पदार्थ के फायदे-नुकसान बताएंगे

### तले हुए खाद्य पदार्थ

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- बच्चों को अपने समूह में **चहक 3** (पृ. 21) के चित्र दिखाने के लिए कहें।
- तले हुए खाद्य पदार्थ / चित्र कार्ड दिखाकर बच्चों से नाम पूछें।
- विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ / चित्र कार्ड दिखाकर नाम बोलें।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- **चर्चा :** तले हुए खाद्य पदार्थ के नाम, रंग और स्वाद बताएँ।
- क्या हमें तले हुए पदार्थ रोज खाने चाहिए?

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: बबलू का मनपसंद खाना (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- माँ किसकी पसंद का खाना बना रही थी?
- बबलू और मासी ने कौन-कौन सी सब्जियाँ ली?
- बबलू की पसंद की सब्जी कौन-सी थी?
- मासी ने अंत में क्या कहा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों में ध्वनि को पहचानेंगे

### शब्दों में ध्वनि

- एक शब्द बोलें। जैसे, कमल।
- प्रत्येक शब्द आवाजो से बने हैं, जिन्हें ध्वनि बोलते हैं।
- आपको हर ध्वनि पर ताली बजानी है। जैसे क म ल, 'क' पर ताली, 'म' पर ताली, 'ल' पर ताली।
- इसी प्रकार कुछ नए 3 वर्ण के अमात्रिक शब्द बोलें।
- ध्वनियों पर ताली बजाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-5) गिनकर प्रतीक व नाम से मिलाएंगे

### अंकों को पहचानें

- 1-5 ब्लॉक या बटनों को उनके संख्या-कार्ड के साथ रखने की गतिविधि को दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 19) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : ठेला गाड़ी (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : फूँक मारो** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : गेंद से निशाना (पैर)** (पृ. 164) |

इकाई 2
दिवस 8
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चीनी से बने खाद्य पदार्थ / चित्र कार्ड
- ☐ फलों, सब्जियों, फूलों के चित्र-कार्ड
- ☐ वार्षिक कैलेंडर
- ☐ बड़ी गेंद
- ☐ बाल्टी / बड़ा बर्तन

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: गिनती एक से दस** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




चीनी उत्पाद के फायदे-नुकसान बताएंगे

### चीनी से बने खाद्य पदार्थ

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- बच्चों को अपने समूह में **चहक 3** (पृ. 21) के चित्र दिखाने के लिए कहें।
- चीनी से बने उत्पाद / चित्र कार्ड दिखाकर बच्चों से नाम पूछें।

**चर्चा :** चीनी से बने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के नाम, रंग, स्वाद, फायदे और नुकसान।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: बबलू का मनपसंद खाना (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आपको कौन-सी सब्जी पसंद है?
- आपके घर में बाजार से सब्जियाँ कौन लाता है?
- आपकी पसंद की सब्जी कौन बनाता है?
- अपनी पसंद की सब्जी बनने पर आपको कैसा लगता है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




बातचीत में सीखे शब्दों का प्रयोग करेंगे

### सीखे शब्दों का अभ्यास

- बीच में फलों, सब्जियों, फूलों के चित्र-कार्ड रखें।
- एक-एक करके बच्चों को बुलाएँ।
- एक चित्र-कार्ड उठाने के लिए कहें।
- चित्र में क्या है (फल, सब्जी या फूल)? उसका नाम और रंग बताने के लिए कहें।
- सभी बच्चों को बोलने का मौका दें।
- **कविता 'सब्जियाँ'** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ कराएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दिन, सप्ताह, महीनों के नाम बताएंगे

### दिवस, सप्ताह, महीना

- वार्षिक कैलेंडर दिखाएँ।
- बच्चों से कैलेंडर के बारे में पूछें।
- तारीख़, सप्ताह और महीनों के बारे में बताएँ।
- आज का दिन दिखाते हुए दिनों पर चर्चा करें।
- पूरा सप्ताह दिखाएँ।
- सात दिन मिलकर एक सप्ताह बनता है।
- ऐसे ही महीनों के नाम बताएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : ऊँची और नीची आवाज (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : उँगली घुमाओ** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : बड़ी गेंद (निशाना)** (पृ. 164) |

इकाई 2
दिवस 9
DD/MM

# हमारा भोजन

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ गोल, वर्ग और चौकोर आकृति की वस्तुएँ
- ☐ सफेद कागज और रंग
- ☐ बड़ी गेंद
- ☐ बाल्टी / बड़ा बर्तन

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: फल** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर (महीनों के नाम)** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




भोजन की यात्रा को पहचानेंगे

### भोजन की यात्रा

- आज आपने भोजन में क्या खाया हैं?
- सब्जियाँ, फल और अनाज कहाँ से आते हैं?
- इनको कौन उगाता है?
- इन्हें कहाँ से खरीदते हैं?

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- **चहक 3** (पृ. 14) से 'खेत से मेज तक भोजन की यात्रा' समझाएँ।
- **चर्चा** : भोजन की यात्रा और उसमें जुड़े लोगों का सहयोग।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: बबलू का मनपसंद खाना (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आपने कल रात में घर पर कौन-सी सब्जी खायी?
- आपको कौन-सी सब्जी पसंद नहीं है?
- क्या हमें केवल अपनी पसंद की सब्जियाँ खानी चाहिए?
- कहानी अपने शब्दों में दोहराएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




चित्र को सटीकता और स्पष्टता से बनाएंगे

### चित्र बनाएँ

- बच्चों के साथ पौष्टिक और अपौष्टिक भोजन पर चर्चा करें।
- बच्चों को कागज और रंग दे।
- बच्चों को पौष्टिक भोजन का चित्र बनाने के लिए कहें।
- पौष्टिक भोजन से मिलने वाले फायदों के बारे में चर्चा करें।
- अपौष्टिक भोजन से होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तुओं में आकृतियों के नाम बताएंगे

### आकृति पहचानो

- अब तक सिखाई गई आकृतियों को दोहराएँ।
- इन आकृतियों की वस्तुओं को कक्षा के बीच में रखें।
- एक-एक करके बच्चों को बुलाएँ।
- एक आकृति का नाम बोलें। बच्चें से उस आकृति की वस्तु निकालेंगे।
- वस्तु को उसकी वास्तविक जगह पर रखने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : ऊँची और नीची आवाज (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : उँगली घुमाओ** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : बड़ी गेंद (निशाना)** (पृ. 164) |

इकाई 2
दिवस 10
DD/MM

## हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ एक आकृति और आकार के अलग-अलग रंग के बटन/मोती/ब्लॉक्स
- ☐ एक बड़ी बाल्टी/बर्तन, बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविताः फल (पृ. 163) | कार्यः कैलेंडर (महीनों के नाम) (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




भोजन की यात्रा को पहचानेंगे

### भोजन की यात्रा

- आपके घर पर दूध कहाँ से आता हैं?
- बच्चों को तबेले में ले जाएँ।
- दूध की तबेले से घर की यात्रा पूछें। पास में तबेला ना होने पर रोल प्ले से समझाएँ।
- **रोल प्ले** : दूध निकालने का अभिनय करें। बच्चों को भी अभिनय करने के लिए कहें।
- एक बच्चे को दुकानदार और बाकी को ग्राहक बनकर दूध खरीदने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानीः चींटी और बताशा (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले पूछेंः
- कवर पेज के चित्र में क्या/कौन दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान (क)

- 'क' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'कलम'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'क' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद जाएगी, उसे 'क' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



वस्तुओं व आवाजों से पैटर्न बनाएंगे

### पैटर्न पहचानो (ABAB)

- ताली बजाएँ, फिर पैर पर थपकी मारें। ABAB पैटर्न समझाएँ।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें। एक ही आकृति के दो रंगों की वस्तुओं से ABAB पैटर्न बनाएँ।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- हर समूह को दो अलग-अलग रंगों के बटन दें। ABAB पैटर्न बनाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : ऊँची और नीची आवाज (भाग-2) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : उँगली घुमाओ (पृ. 164) | कार्य 2 : बड़ी गेंद (निशाना) (पृ. 164)

इकाई 2
दिवस 11
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : चींटी और बताशा
- ☐ 'क' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र /वस्तु
- ☐ 2 रंग की पट्टी वाला कागज, शतरंज का बोर्ड।
- ☐ एक बड़ी बाल्टी/बर्तन, छोटी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: फल (पृ. 163) | कार्य: कैलेंडर (महीनों के नाम) (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




खाद्य पदार्थों को सीमित/अधिक मात्रा में खाने के कारण बताएंगे

### पौष्टिक और अपौष्टिक भोजन

- **कहानी सोनू और सोनी** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ सुनाएँ।
- **चर्चा :** पौष्टिक और अपौष्टिक भोजन और उनको खाने की मात्रा।
- बच्चों से पूछें, आपको खाने में क्या-क्या पसंद है? (एजुकेटर भी अपनी पसंद के खाने के बारे में बताएँ।)

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: चींटी और बताशा (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कितनी चींटियाँ थी?
- चींटी क्या लेकर जा रहीं थीं?
- पहली चींटी ने बताशे को देखकर क्या कहा?
- दूसरी चींटी ने क्या कहा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'क'

- 'क' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे - कबूतर और जूता।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'क' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट



वस्तुओं व आवाजों से पैटर्न बनाएंगे

### पैटर्न

- ABAB पैटर्न वाले चित्र/वस्तु लें। पैटर्न पूछें।
- चार्ट पेपर पर एक आकार के दो अलग-अलग रंग से ABAB पैटर्न बनाएँ और समझाएँ।
- **कदम** (पृ. 20) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : **The Yummy Vegetables** (चहक-3 पृ. 19 )

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : खरगोश की साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : छोटी गेंद (निशाना) (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 25 पर देखें।

इकाई 2
दिवस 13
DD/MM

# हमारा भोजन

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ चॉक, फल-सब्जियाँ, दालें, अनाज, दूध और चीनी से बनी वस्तुएँ और शब्द-कार्ड
- ☐ 2 बड़ी (कुर्सी/कमीज) और 2 छोटी (क्रेयॉन/चाक) वस्तुएँ
- ☐ शब्द-कार्ड : 'बड़ा' और 'छोटा'
- ☐ बिग बुक : चींटी और बताशा
- ☐ घुले हुए रंग, ब्रश, भिन्डी/प्याज और पिछले दिन का पत्तियों वाला कागज
- ☐ एक बड़ी बाल्टी/बर्तन, छोटी गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: फल** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर (महीनों के नाम)** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




संतुलित भोजन के महत्व को समझेंगे

### संतुलित भोजन का महत्व

- जमीन पर चॉक से एक बड़ा गोला बनाएँ। पाँच भागों में बाँटें- फल-सब्जियाँ, दालें, अनाज, दूध और चीनी।
- शब्द-कार्ड रखें। कौन-सी वस्तु किस भाग में आती है?
- **चहक 3** (पृ. 22) से संतुलित और पौष्टिक भोजन पर चर्चा करें।
- बच्चों को एक चित्र-कार्ड उठाकर सही खंड में खड़ा होने के लिए कहें।
- **चर्चा:** संतुलित भोजन का महत्व।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: चींटी और बताशा (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- चींटी क्या लेकर जा रहीं थीं?
- दोनों चींटियाँ खींचा-तानी क्यों कर रही थीं?
- कहानी के अंत में चींटियों को क्या समझ आया?
- क्या आपकी किसी वस्तु को लेकर किसी से खींचा-तानी हुई है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान (ग)

- 'ग' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'गमला'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'ग' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'ग' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




आकार के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे व क्रम से लगाएंगे

### बड़ा-उससे बड़ा, छोटा-उससे छोटा

- बड़ी-छोटी वस्तुएँ छाँटने के लिए कहें।
- कुर्सी दिखाएँ।
- यह कुर्सी बड़ी है।
- उससे बड़ी कुर्सी दिखाएँ।
- यह कुर्सी पहले से बड़ी है।
- 'बड़ा-उससे बड़ा' समझाएँ।
- इसी तरह 'छोटा-इससे छोटा' समझाएँ।
- बड़ी-उससे बड़ी और छोटी-उससे छोटी वस्तुएँ छाँटने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : सब्जियों का बगीचा (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : खरगोश की साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : छोटी गेंद (निशाना)** (पृ. 164) |

इकाई 2
दिवस 14
DD/MM

# हमारा भोजन

☑ तैयारी और सामग्री
- ☐ बिग बुक : चींटी और बताशा
- ☐ 'ग' शब्द से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 2 आकार की लम्बी वस्तुएँ (धागा/रिबन),
- ☐ 2 आकार की छोटी वस्तुएँ (रस्सी/स्केल)
- ☐ शब्द-कार्ड : 'लंबा', उससे लंबा, 'छोटा, उससे छोटा'
- ☐ एक बड़ी बाल्टी/बर्तन, छोटी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: साल के महीने बारह (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




संतुलित भोजन के महत्व को समझाएंगे

### संतुलित भोजन का महत्व

- हमें स्वस्थ रहने के लिए रोज क्या-क्या खाना चाहिए?
- **चर्चा** : भोजन में फल, सब्जियाँ, दालें, अनाज, दूध, वसा और चीनी की वस्तुओं की संतुलित मात्रा का महत्व।
- **चहक 3** (पृ. 24) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार पड़ने पर उनकी सहायता करें।
- बच्चों को अगले दिन घर से कोई एक फल लाने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: चींटी और बताशा (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने चींटी को कोई वस्तु लेकर जाते हुए देखा हैं?
- क्या चींटियाँ वस्तुएँ मिल-जुलकर ले जाती हैं?
- वे हमें क्या सिखाती हैं?
- अगर कहानी में आप चींटी की जगह होते तो क्या करते?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'ग'

- 'ग' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे- गमला और कपड़ा।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'ग' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




आकार के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे व क्रम से लगाएंगे

### लम्बा-उससे लम्बा और छोटा-उससे छोटा

- लम्बी-छोटी वस्तुएँ छाँटने के लिए कहें।
- लम्बी रस्सी दिखाएँ।
- यह लम्बी रस्सी है।
- उससे लम्बी रस्सी साथ रखें।
- यह रस्सी पहली रस्सी से लम्बी है।
- लंबी-इससे लंबी समझाएँ।
- इसी तरह 'छोटा-इससे छोटा' समझाएँ। लंबी-उससे लंबी और छोटी-उससे छोटी वस्तुएँ छाँटने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य 1 : सब्जियों का बगीचा (भाग-2) (पृ. 164) | कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 37)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : खरगोश की साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : छोटी गेंद (निशाना) (पृ. 164)

इकाई 2
दिवस 15
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'क' और' ग' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र : कमल, कबूतर, गमला, गगन
- ☐ 2 भार की भारी वस्तुएँ (पत्थर/किताब), 2 भार की हल्की वस्तुएँ (रबर/किताब)
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविताः साल के महीने बारह (पृ. 163) | कार्यः दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




सामान्य और भोजन स्वच्छता का पालन करेंगे

### सामान्य और भोजन स्वच्छता

- **चर्चाः** सामान्य स्वच्छता और भोजन स्वच्छता।
- फलों का सलाद बनाएँ।
- साबुन से हाथ धोकर, लाए हुए फलों को अच्छे से धोएँ।
- फलों के छोटे टुकड़े करें।
- नमक मिलाएँ।
- सभी बच्चों को थोड़ा-थोड़ा सलाद दें। खाने से पहले हाथ धोने और मुँह बंद करके खाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 25) पर दी गई गतिविधि स्वयं करने दें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानीः भुक्कड़ टिमटिम (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- टिमटिम किसका नाम था?
- सोमवार को टिमटिम ने क्या खाया?
- मंगलवार को उसने क्या खाया?
- टिमटिम ने पपीता किस दिन खाया?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

### वर्ण के प्रतीक को पहचानना 'क' और 'ग'

- 'क' और' ग' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। कमल, कबूतर, गमला, गदा।
- 'क' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुओं/चित्रों के नाम बताने के लिए कहें।
- बोर्ड पर 'क' लिखें और 'क' का प्रतीक बताएँ।
- 'ग' वर्ण के लिए दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 16) दिखाते हुए दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले अन्य शब्द पूछें और गतिविधि स्वयं करने दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वजन के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे व क्रम से लगाएंगे

### भारी-उससे भारी और हल्का-उससे हल्का

- बच्चों को पत्थर दें।
- यह पत्थर भारी है।
- उससे भारी पत्थर दें।
- यह पत्थर इससे भारी हैं।
- भारी-इससे भारी समझाएँ।
- इसी तरह हल्का-उससे हल्का समझाएँ।
- हल्की-भारी वस्तुएँ बीच में रखें।
- भारी-उससे भारी और हल्का-उससे हल्का वस्तुएँ छाँटने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : धीमी ताली-तेज ताली (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : सूँघो और फूंको (पृ. 164) | कार्य 2 : पैर से गेंद का खेल (पृ. 164)

इकाई 2
दिवस 16
DD/MM

## हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज और कुछ रंग
- ☐ 'क' और 'ग' का वर्ण-कार्ड
- ☐ 2 ऊँची वस्तुएँ (ब्लॉक्स/पौधे), 2 छोटी वस्तुएँ (शीशी/डंडी)
- ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: साल के महीने बाहर (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

### सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




भोजन देने में सहायक के प्रति आभार व्यक्त करेंगे

#### भोजन देने में सहायक

- बच्चों को सफेद कागज और रंग दें।
- भोजन देने में सहायक पर धन्यवाद कार्ड बनवाएँ।
- क्या आपने खेतों में लोगों को मेहनत से फल, सब्जियाँ उगाते देखा है?
- बच्चों को बोलने का मौका दें।
- **चर्चा** : भोजन को व्यर्थ नहीं करना चाहिए।
- **संकल्प** : हम भोजन को फेकेंगे और खराब नहीं करेंगे।

### कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

#### कहानी: भुक्कड़ टिमटिम (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- टिमटिम ने कौन-कौन से फल खाए?
- टिमटिम का पेट क्यों नहीं भरा?
- अंत में टिमटिम का पेट कैसे भरा?
- क्या हमें भी टिमटिम की तरह रोजाना फल खाने चाहिए?

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

#### वर्ण लिखना: 'क', 'ग'

- 'क' का वर्ण-कार्ड दिखाकर बोर्ड पर 'क' लिखें।
- बच्चों को उँगली से जमीन पर और हवा में 'क' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- 'ग' वर्ण के लिए दोहराएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'क' और 'ग' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- नोटबुक में लिखने के लिए कहें।
- आवश्यकता अनुसार मदद करें।

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




ऊँचाई के आधार पर छाँटकर क्रम से लगाएंगे

#### ऊँचा-उससे ऊँचा, छोटा-उससे छोटा

- बच्चों को टावर दें।
- यह टावर ऊँचा है।
- उससे ऊँचा टावर दें।
- यह टावर इससे ऊँचा हैं।
- ऊँचा-इससे ऊँचा समझाएँ।
- इसी तरह छोटा-इससे छोटा समझाएँ।
- ऊँची-छोटी वस्तुएँ बीच में रखें।
- ऊँची-उससे ऊँची, छोटी-उससे छोटी वस्तुएँ छाँटने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : धीमी ताली-तेज ताली (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : सूँघो और फूंको (पृ. 164) \| कार्य 2 : पैर से गेंद का खेल (पृ. 164) |

इकाई 2
दिवस 17
DD/MM

# हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] 'क', 'ग' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाले नामों वाली वस्तुएँ/चित्र
- [ ] 'क' और 'ग' के वर्ण कार्ड
- [ ] 5 ब्लॉक/मोती/बटन, 1-5 संख्याँ के अंक और शब्द-कार्ड
- [ ] बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: फल** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भोजन स्वच्छता के महत्व को समझाएंगे

### भोजन स्वच्छता का महत्व

- **दिवस 15** (पृ. 33) की गतिविधि को दोहराएँ।
- **अभिनय** : एक स्थिति बोलें। जैसे, गंदे हाथ।
- बच्चों से कहें, जब आप बाहर से खेलकर आते हो, तब आप हाथ कैसे धोते हो?
- आपको क्या लगता है, हाथ कब-कब धोने चाहिए।
- हाथ धोने के चरण दिखाएँ।
- **चर्चा** : खाद्य स्वच्छता का महत्व।
- 6-7 खाद्य स्वच्छता स्थिति से अभिनय की गतिविधि दोहराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: भुक्कड़ टिमटिम (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- टिमटिम को भुक्कड़ क्यों बोला गया?
- जब आपको भूख लगती है तो आप क्या करते हैं?
- क्या आप कहानी को कोई अन्य नाम देना चाहेंगे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

### परिचित वर्ण

- 'क','ग' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाले नामों वाली वस्तुएँ/चित्रों को लें। जैसे कलम, गधा, जूता।
- बच्चों को 'क' और 'ग' के वर्ण-कार्ड दें।
- उन्हें संबंधित वस्तुओं/चित्रों से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 27) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तुएँ (1-5) गिनकर अंकों से मिलाएंगे

### गिनो और मिलाओ

- 1-5 अंकों की गतिविधि को दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 21) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : Fruits and Vegetables (चहक 3** पृ. 17-18 **)** |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : सूँघो और फूंको** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : पैर से गेंद का खेल** (पृ. 164) |

# इकाई आकलन

इकाई 2
दिवस 18
DD/MM

## हमारा भोजन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कक्षा के सभी भागों के नाम के शब्द-कार्ड
- ☐ छोटी गेंद, बाल्टी
- ☐ दो अलग-अलग रंग के बटन/सब्जियाँ

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः साल के महीने बारह (पृ. 163) \| कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

### भोजन के विभिन्न स्रोतों को पहचानेंगे

- **चहक 3** (पृ. 26) दिखाते हुए सभी खाद्य पदार्थों के स्वाद और लाभ पर चर्चा करें और बच्चों को गतिविधि स्वयं करने दें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

### समझ और हाव-भाव के साथ चार से पाँच वाक्यों की कविताएँ गाएंगे

**कविता गायन**

- एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- अपने पसंद की सीखी हुई कोई भी कविता हाव-भाव के साथ गाने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।







| | |
|---|---|
| ✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है | ☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है |

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

### आस-पास की वस्तुओं में से सरल पैटर्न की पहचानेंगे

- 2 अलग-अलग रंग के बटन/सब्जियों का उपयोग करके ABAB पैटर्न बनाएँ। बच्चों को एक चुनने और पैटर्न में आगे आने वाली सही वस्तु को रखने के लिए दोनों विकल्प रखें।
- एक बार में एक छात्र को बुलाएँ और उन्हें पैटर्न में अगली आने वाली वस्तु को पहचानने और रखने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।





| | |
|---|---|
| ✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है | ☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है |

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | धीमी ताली-तेज ताली (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। \| कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 38) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | छोटी गेंद (निशाना) (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



# 3. पेड़-पौधे

पेड़-पौधों के भाग, अंकुरण, उपयोग, महत्व और संरक्षण के बारे में समझना

L2M2L9

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- पेड़-पौधों और उसके भागों को पहचानेंगे
- पेड़ों से मिलने वाली वस्तुओं को पहचानेंगे *
- पेड़ों के संरक्षण के तरीकों को समझेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे
- नए तुकांत शब्द बनाएंगे *
- शब्दों के उपयोग से भावनाओं को व्यक्त करेंगे और दृश्य शब्दों में पहचानेंगे
- शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे और चित्रों से मिलाएंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंगों को पहचानेंगे
- वस्तु (1-6) गिनकर संख्या, नाम और प्रतीक से मिलाएंगे
- स्वाद और महक के आधार पर वस्तुओं को मिलाएंगे और अलग करेंगे *
- आकार के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से लगाएंगे
- वस्तुओं व आवाजों से पैटर्न बनाएंगे *

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- विभिन्न ध्वनियों को पहचानेंगे
- अपनी आवाज, स्वर और गति को नियंत्रित करेंगे *
- अंग्रेजी भाषा में निर्देशों को सुनाएंगे और दोहराएंगे
- कोलाज, छाप एवं त्रि-आयामी आकृतियाँ बनाएंगे
- आकारों, रेखाओं और संरचनाओं के साथ कलाओं का सृजन करेंगे

**शारीरिक विकास**

- साँस को लय के साथ लेंगे, छोड़ेंगे और साँस पर नियंत्रण करेंगे
- आँख और हाथ का समन्वय विकसित करेंगे
- रंग और आकृति के अनुसार वस्तुओं को अलग-अलग करेंगे
- हल्की वस्तुओं को फूँककर आगे बढ़ाएंगे *

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 3
दिवस 1
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सभी बच्चों लिए चना/मूंग के बीज, कपड़ा/रूई, पानी, छोटी प्लेट
- ☐ लाल, पीला, नीला, नारंगी, हरा, बैंगनी, काला, सफेद, भूरे रंगों के कागज और वस्तुएँ
- ☐ 2 रंग के समान आकृति वाले बटनों के 4 ढेर

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: देखो-देखो पेड़ हमारे (पृ. 163) | कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

आकार, ऊँचाई और रंग



आस-पास के पेड़-पौधों को पहचानेंगे

## आओ पौधा उगाएँ

- आस-पास के पेड़-पौधों को दिखाकर उनके रंग, आकार और ऊँचाई पर चर्चा करें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- प्रत्येक जोड़े को प्लेट पर कपड़ा/रूई गीली करके रखने के लिए कहें। उस पर चने/मूंग के बीज रखने को दें। कपड़ा/ रूई से ढकें।
- **कविता 'छोटा-सा एक पौधा'** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: एक पत्ता (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पत्ते ने सबसे पहले क्या किया?
- पत्ता घास पर कैसे भागा?
- पत्ता हवा में कैसे उड़ा?
- पत्ते ने सैर पर और क्या-क्या किया?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




नए तुकांत शब्द बनाएंगे

## तुकांत शब्द

- **'राजा आया' कविता** (पृ. 163) उचित हाव-भाव और लय के उतार-चढ़ाव के साथ गाएँ। तुकांत शब्द दोहराएँ।
- कविता में आने वाले तुकांत शब्दों पर ताली बजाएँ।

**समूह कार्य (2 समूह) :**

- एक शब्द दें, जैसे, फूल, खाना। उसका तुकांत शब्द बनाने के लिए कहें।
- दोनों समूहों को मौका दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




प्राथमिक, द्वितीयक, सामान्य रंग पहचानेंगे

## रंग पहचानो (प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग)

- बच्चों को रंगों के आधार पर वस्तुओं को अलग करने के लिए कहें।
- प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंगों के कागज और वस्तुएँ दिखाएँ। रंग बताएँ।

**रंग का खेल :**

- कविता के माध्यम से बच्चों को रंग दिखाने के लिए कहें।
- --- (रंग का नाम) है किस-किस के पास? उठाओ ऊपर, दिखाओ ये रंग खास।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : कानाफूसी (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : बटन छँटाई (रंग) (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 2
DD/MM

# पेड़-पौधे

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ सूखे पत्ते, हरे पत्ते और फूल रखने के लिए तीन थैलियाँ
- ☐ भाव कार्ड: खुशी, दुख, भय, क्रोध
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बटन, अंक और शब्द-कार्ड: 6 तक
- ☐ 2 रंग के समान आकृति वाले बटनों के 4 ढेर

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: देखो-देखो पेड़ हमारे** (पृ. 163) **\| कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




आस-पास के पेड़-पौधों को पहचानेंगे

### आओ पौधे को जानें (प्रकृति भ्रमण)

- बच्चों को बगीचे में ले जाएँ।
- पेड़-पौधों के भाग के बारे में बात करें। (पत्तियों और फूलों के रंग, आकार, तना)
- बच्चों को तीन थैलियाँ दें।
- एक में सूखे पत्ते, एक में हरे पत्ते और एक में फूल एकत्रित करें। (सिर्फ जमीन पर गिरे हुए उठाएँ)
- बच्चों को अपने बीजों में पानी डालने के लिए कहें। (दिवस 1)

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: एक पत्ता (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आखिर में किस से मिला?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- क्या आपने पत्ते देखे हैं?
- क्या सभी पत्ते एक ही आकार और रंग के होते हैं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों के उपयोग से भावनाओं को व्यक्त करेंगे

### भाव दर्शाने वाले शब्द

- एक भाव चित्र कार्ड बच्चे को दें।
- यह कौन-सा भाव है?
- आपको ऐसा कब महसूस होता है?
- अगर बच्चे उत्तर नहीं दे पाते हैं तो अपना उदाहरण देकर सहायता करें।
- सभी बच्चों को प्रतिभाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-6) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

### गिनो और पहचानो (6)

- छः बटन एक-एक करके सामने रखें।
- यह छः है।
- संख्या कार्ड और नाम कार्ड से 'छः' बताएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- सब को बटन, संख्या कार्ड, नाम कार्ड दें।
- 1-6 का अंक बोलें।
- बच्चे उतने बटन, संख्या कार्ड, नाम कार्ड दिखाएंगे। बच्चे को बटन छूकर करने का मौका दें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : कानाफूसी** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : बटन छँटाई (रंग)** (पृ. 164) |

इकाई 3
दिवस 3
DD/MM

## पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ पिछले दिन की तीन थैलियाँ, चार्ट पेपर, फल/फूलों के चित्र, गोंद
- ☐ चावल, दाल, चीनी, नमक की छोटी पारदर्शी डिब्बियाँ, नाम पर्ची और शब्द-कार्ड
- ☐ एक रंग और आकार के 6 बटन, अंक और शब्द-कार्ड: 6 अंक के
- ☐ 2 रंग के समान आकृति वाले बटनों के 4 ढेर

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: देखो-देखो पेड़ हमारे (पृ. 163) | कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

### सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




पेड़-पौधों के भाग को पहचानेंगे

**आओ पौधा बनाएँ**

- **कविता छोटा-सा एक पौधा** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गाएँ।
- एक चार्ट पर बड़ा पेड़ बनाएँ। पिछले दिन की सामग्री पेड़ पर चिपकाने के लिए कहें।
- ◐ फल/फूलों के चित्र लगाने के लिए कहें।
- ◐ जड़ें दिखाकर चर्चा करें। जैसे, वे मिट्टी के नीचे होती हैं।
- चार्ट कक्षा में लगाएँ।
- बच्चों से बीजों में पानी डालने के लिए कहें। (दिवस 1)

### कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

**कहानी: एक पत्ता** (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पत्तों के रंग और आकार पर चर्चा करें।
- ◐ पत्ता आसानी से क्यों उड़ पा रहा था?
- ◐ क्या हल्की वस्तु हवा में उड़ सकती है?
- पत्ते से हल्की और भारी वस्तु पर भी चर्चा करें।

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्द-कार्ड को दृश्य शब्दों में पहचानेंगे

**दृश्य शब्दों को पहचानना (शब्द-कार्ड)**

- एक वस्तु की डिब्बी दिखाएँ। जैसे, चावल की डिब्बी।
- ◐ यह क्या है?
- सभी बच्चों से उत्तर लें।
- वस्तु की पर्ची दिखाएँ।
- ◐ 'चावल' ऐसे लिखते हैं।
- पर्ची को डिब्बी पर चिपका दें।
- इसी तरह चीनी और अन्य वस्तुओं के साथ करें।
- एक शब्द कार्ड दिखाएँ। जैसे, चीनी। शब्द कार्ड देखकर बच्चों को सही डिब्बा उठाकर आपको देने के लिए कहें।

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-6) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

**अंकों को जानो (6)**

- **दिवस 2** (पृ. 39) की गतिविधि दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 23) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : कानाफूसी (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : बटन छँटाई (रंग) (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 4
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ दिवस 3 (पृ. 40) का बनाया हुआ पेड़ का चार्ट
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल और रंग
- ☐ बड़ी और छोटी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: देखो-देखो पेड़ हमारे** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




पेड़-पौधों के भाग को पहचानेंगे

### पेड़-पौधों के भाग

- **कविता छोटा सा एक पौधा** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गाएँ।
- पिछले दिन के चार्ट पर पेड़ के किसी एक भाग को दिखाएँ। बच्चों को उसका नाम बताने के लिए कहें।
- प्रत्येक बच्चे को मौका दें।
- पेड़ के भागों पर चर्चा करें।
- बच्चों को बीजों में पानी डालकर देखने के लिए कहें।
- क्या बीजों में कोई परिवर्तन आया है?

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: एक पत्ता (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आप भी कभी सैर पर जाते हैं?
- आप सैर पर क्या करते हैं?
- क्या पत्ते पेड़ से अलग होकर सूख जाते हैं?
- कुछ दिन पहले कक्षा में लाए पत्ते बच्चों को दिखाएँ। रंग के बदलाव पर चर्चा करें।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




चित्र को सटीकता और स्पष्टता से बनाएंगे

### चित्र बनाएँ

- **चर्चा** : पेड़-पौधे और उनसे मिलने वाली वस्तुएँ।
- सफेद कागज, पेंसिल और रंग दें।
- पेड़ों से मिलने वाले कोई भी दो वस्तु बनाने के लिए कहें।
- चित्र को स्पष्टता से बनाने के लिए कहें।
- गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




6 के संख्या प्रतीक को लिखेंगे

### अंक लिखो (6)

- **कदम** (पृ. 24) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : गली के विक्रेताओं की नकल** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : उँगली घुमाओ** (पृ. 164) | **कार्य 2 : बड़ी-छोटी गेंद** (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 5
DD/MM

# पेड़-पौधे

☑ तैयारी और सामग्री
- ☐ 5-6 स्थानीय अनाज और दालें / चित्र कार्ड
- ☐ बड़ी और छोटी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: हम अपने भालू को गिनती सिखाएंगे (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट



पेड़-पौधों के भाग को पहचानेंगे

### पेड़-पौधों के भाग

- **कविता छोटा-सा एक पौधा** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गाएँ।
- **दिवस 3** (पृ. 40) में बनाए गए चार्ट पेपर को दिखाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 28) से पौधों के भागों पर चर्चा करें।
- कार्यपत्रक स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: सीमा के नए दोस्त (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- सीमा कहाँ जा रही थी?
- आम का पेड़ देखकर उसने क्या किया?
- सीमा को शिक्षक की कौन-सी बात याद आई?
- दादाजी ने सीमा को शाबाशी क्यों दी?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे

### रेखाओं का अभ्यास

- **चहक 3** (पृ. 31) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




6 के संख्या प्रतीक को लिखेंगे

### अंक लिखो (6)

- **कदम** (पृ. 25) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : **Days in a week** (कदम पृ. 22) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : उँगली घुमाओ (पृ. 164) \| कार्य 2 : बड़ी / छोटी गेंद (पृ. 164) |

## पेड़-पौधे



| | इकाई 3, दिवस 6 | इकाई 3, दिवस 12 |
|---|---|---|
| | DD/MM<br>☑ **तैयारी और सामग्री**<br>☐ सफेद कागज, रंग, भावों के चित्र कार्ड,<br>☐ 6 ब्लॉक/मोती/बटन, 1-6 संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड<br>☐ 2 रंग के समान आकृति वाले बटनों के 4 ढे | DD/MM<br>☑ **तैयारी और सामग्री**<br>☐ एक पासा, 1-6 तक के संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड<br>☐ मिट्टी/क्ले<br>☐ दो रंग के समान आकृति के बटनों के 4 ढेर |
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविताः देखो-देखो पेड़ हमारे** (पृ. 163)<br>**कार्यः कक्षा के नियम** (पृ. 167) | **कविताः हम अपने भालू को गिनती सिखाएंगे** (पृ. 163)<br>**कार्यः कैलेंडर (दिवस-महीना)** (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकासः 30 मिनट | **पेड़-पौधों के भागों को पहचानेंगे**<br>**आओ पौधा बनाएँ**<br>• बच्चों को एक सफेद कागज दें। पौधे का चित्र बनाने के लिए कहें।<br>• **कविता छोटा-सा एक पौधा** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गाएँ। | **अंकुरण के चरणों को पहचानेंगे**<br>**पौधे की कहानी**<br>• **दिवस 8** (पृ. 45) की गतिविधि दोहराएँ। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : एक पत्ता** (पृ. 163)<br>• **दिवस 4** (पृ. 41) की गतिविधि दोहराएँ। | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : सीमा के नए दोस्त** (पृ. 163)<br>• **दिवस 9** (पृ. 46) की गतिविधि दोहराएँ। |
| ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट | **शब्दों के उपयोग से भावनाओं को व्यक्त करेंगे**<br>**भाव दर्शाने वाले शब्द**<br>• **दिवस 2** (पृ. 39) की गतिविधि दोहराएँ। | **सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे**<br>**रेखाएँ खींचें**<br>• **चहक 3** (पृ. 32) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।<br>• आवश्यकता अनुसार उनकी मदद |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | **क्रम सूचक संख्या (1-6) बताएंगे**<br>**क्रम सूचक संख्या (1-6)**<br>• **इकाई 2, दिवस 5** (पृ. 24) पर दी गई गतिविधि के अनुसार 1-6 की क्रम सूचक संख्या की गतिविधि करवाएँ। | **1-6 तक वस्तुओं को गिनेंगे और अंकों से मिलान करेंगे**<br>**गिनो और मिलाओ (1-6)**<br>• अंक कार्ड और संख्या नाम कार्ड का दोहराव करें।<br>• **समूह कार्य (3 समूह)ः** प्रत्येक समूह को एक पासा, 1-6 तक के संख्या नाम कार्ड और संख्या कार्ड दें।<br>• पासा घुमाकर फेंकें। जितनी बिंदी आएँ, उनको गिनकर उसका संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड साथ में रखें। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य 1 : गेंदा का फूल** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 39) | **कार्य 1 : मिट्टी से आकृतियाँ** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 41) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : बटन छँटाई (रंग)** (पृ. 164) | **कार्य 1 : उँगली घुमाओ** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : बटन छँटाई (आकृति)** (पृ. 164) |

इकाई 3
दिवस 7
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**
- [ ] दिवस 3 का चार्ट
- [ ] बिग बुक: चींटी और बताशा
- [ ] चींटी, बताशा, पेड़, घास, पानी के शब्द कार्ड
- [ ] 3 अलग लंबाई की वस्तुएँ (रिबन, धागा)
- [ ] 3 अलग लंबाई की छोटी वस्तुएँ (क्रेयॉन / चाक / पेंसिल)
- [ ] बड़ी और छोटी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: हम अपने भालू को गिनती सिखाएंगे (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट



अंकुरण के चरणों को पहचानेंगे

### हमारा पौधा

- बच्चों से लगाए हुए पौधे मंगवाएँ।
- **चर्चा** : पौधों में क्या परिवर्तन आया है?
- अंकुरित बीजों को दिखाते हुए उसके भागों के बारे में पूछें।
- **दिवस 3** (पृ. 40) में बने चार्ट की सहायता लें।
- पौधे में पानी दें।
- **कविता 'छोटा सा एक पौधा'** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: सीमा के नए दोस्त (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- दादाजी, सीमा को कहाँ लेकर गए?
- उन्होंने सीमा को पेड़ों के बारे में क्या बताया?
- दादाजी ने सीमा को पेड़ के पास से क्या उठाकर दिया?
- आम कैसा था?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




दृश्य शब्दों की पहचान करेंगे

### दृश्य शब्दों की पहचान (बिग बुक)

- कहानी **चींटी और बताशा (बिग बुक)** से चित्र दिखाकर वस्तुओं का नाम पूछें।
- एक शब्द-कार्ड उठाएँ।
- सबको दिखाएँ।
- इस शब्द-कार्ड के चित्र को उँगली से दिखाना है।
- बच्चों को शब्द-कार्ड दीवार पर चिपकाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




लंबाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएंगे

### बढ़ता क्रम-घटता क्रम (लम्बा-छोटा)

- लंबी, उससे-लम्बी ऊन लें और छाँटनें को बोलें।
- सबसे लम्बी ऊन रखें।
- यह ऊन सबसे लम्बी है।
- लंबा-उससे लंबा-सबसे लंबा समझाएँ।
- छोटा-उससे छोटा-सबसे छोटा समझाएँ।

**समूह कार्य (2 समूह) :**
- अलग-अलग लंबाई की वस्तुएँ दें। वस्तुओं को बढ़ते-घटते क्रम में रखने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : विक्रेताओं की नकल (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : उँगली घुमाओ (पृ. 164) \| कार्य 2 : बड़ी / छोटी गेंद (पृ. 164) |

इकाई 3
दिवस 8
DD/MM

# पेड़-पौधे

☑ तैयारी और सामग्री

☐ दिवस 3 का चार्ट ☐ बड़ी गेंद

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: हम अपने भालू को गिनती सिखाएंगे (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




अंकुरण के चरणों को पहचानेंगे

## पौधे की कहानी

- **कविता 'गाजर का दाना'** (पृ. 163) को अंकुरित बीजों से जोड़ें और हाव-भाव के साथ गाएँ।
- **चर्चा** : पेड़-पौधे कैसे बड़े होते हैं? बच्चों को उनके पौधों के पास जाने को बोलें। बीज से पौधे बनने के चरण पूछें।
- चार्ट की सहायता से बीज से पौधा और उसके भागों को बताने के लिए प्रोत्साहित करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: सीमा के नए दोस्त (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने कभी आम का पेड़ देखा है?
- क्या आपको आम पसंद हैं?
- आपने और कौन-से पेड़ देखे हैं?
- पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## पहली ध्वनि की पहचान (च)

- 'च' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'चप्पल'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'च' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'च' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




लंबाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएंगे

## बढ़ता क्रम-घटता क्रम (लम्बा-छोटा)

- **कदम** (पृ. 27) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : चिपक कार्य (पेड़) (भाग-1) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : फूँक मारो (पृ. 164) \| कार्य 2 : हाथ और पैर से गेंद का खेल (पृ. 164) |

इकाई 3
दिवस 9
DD/MM

## पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'च' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु
- ☐ 7-8 अलग स्वाद (मीठी, खट्टी, कड़वी, नमकीन) की वस्तुएँ
- ☐ चार्ट पेपर पर 'भुट्टा' का आउटलाइन, सफेद कागज, गोंद और रंग
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: फूल (पृ. 163) | कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




विभिन्न प्रकार के फूलों को पहचानेंगे

### आओ फूल को जानें

- बच्चों को पास के बगीचे ले जाएँ। जमीन पर पड़े फूल, पत्तियों को अलग-अलग थैली में एकत्र करने के लिए कहें।
- **चर्चा** : फूलों, पत्तियों के रंग, आकार और सुगंध।
- आपको कौन-सा फूल अच्छा लगा और क्यों?
- इस फूल में क्या अलग है?
- सफेद कागज और रंग दें। बच्चों को अपनी पसंद का फूल बनाने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: सीमा के नए दोस्त (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या हमें अनजान वस्तु उठा लेनी चाहिए?
- आप सीमा की जगह होते तो क्या करते?
- क्या हमें अनजान लोगों से बात करनी चाहिए?
- अनजान वस्तु और लोगों के मिलने पर हमें क्या करना चाहिए?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'च'

- 'च' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे- चम्मच और कपड़ा।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'च' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/ वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




स्वाद के आधार पर वस्तुओं को मिलाएंगे और अलग करेंगे

### स्वाद पहचानो

- **स्वाद** : अलग-अलग स्वाद की वस्तुएँ/चित्र कार्ड दिखाएँ।
- जीभ हमें अलग-अलग स्वाद बताने में सहायता करती है।
- हर वस्तु के स्वाद के बारे में बताने के लिए कहें।
- अगर वस्तु मीठी है तो सिर, खट्टी है तो नाक और नमकीन है तो कंधे को छूना है। कड़वी है तो ताली बजाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : चिपक कार्य (पेड़) (भाग-2) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : फूँक मारो (पृ. 164) | कार्य 2 : हाथ और पैर से गेंद का खेल (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 10
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ पेड़ से मिलने वाली वस्तुएँ/चित्र कार्ड
- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ अपारदर्शी ढक्कन वाली एक डिब्बी, सुगंध वाली सामग्री : फूल, पुराना खाना आदि।
- ☐ चार्ट पेपर पर भुट्टा का आउटलाइन, सफेद कागज, गोंद और रंग
- ☐ बड़ी गेंद

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: फूल (पृ. 163) | कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट




पेड़ से मिलने वाली वस्तुओं को पहचानेंगे

### पेड़ हमें क्या-क्या देते

- टोकरी में पेड़ों से मिलने वाली चीज छुपाकर रख लें।
- पेड़ों से क्या मिलता है?
- उत्तर अनुसार टोकरी से चीजें निकालें।
- कविता **देखो-देखो पेड़ हमारे** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 29) पर कार्य समझाएँ और पेड़-पौधों से मिलने वाले वस्तुओं के उपयोग पर चर्चा करें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले पूछें :
- कवर पृष्ठ के चित्र में क्या/कौन-कौन दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान (ज)

- 'ज' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'जहाज'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'ज' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'ज' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




महक के आधार पर वस्तुओं को मिलाएंगे और अलग करेंगे

### खुशबू पहचानो

- नाक से हम क्या करते हैं?
- अपारदर्शी ढक्कन वाली एक डिब्बी पास बैठे बच्चे को दें।
- बिना देखे, वस्तु को सूँघकर पहचानने के लिए कहें।
- खुशबू आई या बदबू?
- डिब्बी अगले बच्चे को देने के लिए कहें। सभी बच्चों के साथ गतिविधि करें।
- खुशबू और बदबू के बारे में अलग-अलग उदाहरणों से समझाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य 1 : चिपक कार्य (पेड़) (भाग-3) (पृ. 164) | कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 40)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : फूँक मारो (पृ. 164) | कार्य 2 : हाथ और पैर से गेंद का खेल (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 11
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चार्ट पेपर, रंग, पेड़ से मिलने वाली वस्तु/चित्र (टेलकम पाउडर, लहसुन,साबुन)
- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ 'ज' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु
- ☐ डिब्बियों में अलग-अलग खुशबू की चीजें
- ☐ समान रंग और विभिन्न आकृति के बटनों के 4 ढेर

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | कविता: फूल (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




पेड़ से मिलने वाली वस्तुओं को पहचानेंगे

## पेड़ हमें क्या-क्या देते (चार्ट पेपर भाग-1)

- कहानी **गप्पू और सुनील** (पृ. 163) सुनाएँ।
- एक चार्ट पेपर पर पेड़ का चित्र बनाएँ।
- पेड़ों से मिलने वाली चीजों का चित्र बनाएँ या चिपकाएँ।
- पेड़ से मिलने वाली चीजों पर चर्चा करें। बताएँ, पेड़ किस तरह से हमारा ख्याल रखते हैं।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पेड़ कट जाने की बात सुनकर राजू को कैसा लगा?
- वह पेड़ की टहनी से क्या-क्या करता था?
- माँ पेड़ की छाल से क्या करती थी?
- नीम की टहनी से दातुन करने से क्या होता हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि (ज)

- 'ज' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे- जग और कपड़ा।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'ज' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/ वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




महक के आधार पर खतरे को पहचानेंगे

## महक पहचानो

- **दिवस 10** (पृ. 47) की गतिविधि दोहराएँ।
- **चर्चा** : खतरा दर्शाने वाली महक। इस तरह की महक आने पर क्या करना चाहिए।
- **खुशबू-बदबू** : बच्चों को घेरे में हाथ पकड़कर खड़ा करें। बिना हाथ छोड़े, 'खुशबू' पर बच्चे पास आएँगे और 'बदबू' पर दूर जाएँगे। खुशबू या बदबू 6-7 बार बोलें। उदाहरण- दूध का जलना और गैस का लीक होना।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | कार्य : Comparison (कदम पृ. 26) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | कार्य 1 : सूँघो और फूँको (पृ. 164) \| कार्य 2 : बटन छँटाई (आकृति) (पृ. 164) |

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 43 पर देखें।

इकाई 3
दिवस 13
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ 'च' और' ज' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ / चित्र
- ☐ तीन अलग तरह की सब्जियाँ, ब्लॉक, बटन
- ☐ समान रंग और विभिन्न आकृति के बटनों के 4 ढेर

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: फूल (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




पेड़ से मिलने वाली वस्तुओं को पहचानेंगे

## पेड़ हमें क्या-क्या देते (चार्ट पेपर भाग-2)

- कहानी **गप्पू और सुनील** (पृ. 163) सुनाएँ।
- पिछले दिन के चार्ट को पूरा करने का समय दें।
- चित्र पूरा होने के बाद **चहक-3** (पृ. 30) पेड़-पौधों से मिलने वाली चीजें एवं औषधि पर चर्चा करें। जैसे, पेड़ किस तरह से हमारा ख्याल रखते हैं?

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आप आस-पास में कैसे पेड़ देखते हो?
- आप पेड़ के साथ क्या करते हो?
- पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?
- आपके घर में क्या-क्या है, जो पेड़ों से मिलता है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

## वर्ण के प्रतीक को पहचानना 'च' और 'ज'

- 'च' और' ज' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ / चित्र लें। चम्मच, चप्पल, जग, जहाज।
- 'च' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुओं / चित्रों के नाम बताने के लिए कहें।
- बोर्ड पर 'च' लिखें और 'च' का प्रतीक बताएँ। 'ज' वर्ण के लिए दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 33) पर कार्य करवाएँ और 'च' और 'ज' से शुरू होने वाले शब्द पूछें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



वस्तुओं व आवाजों से पैटर्न बनाएंगे

## पैटर्न बनाएँ (ठोस वस्तुएँ)

- **इकाई 2 दिवस 11** (पृ. 30) की गतिविधि दोहराएँ।
- सब्जियों से ABB और ABC पैटर्न बनाएँ।
- आगे क्या आएगा? पूछते हुए पैटर्न को आगे बढ़ाएँ।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- हर समूह को बटन, ब्लॉक्स और सब्जियाँ दें। इनसे ABB और ABC पैटर्न बनाने के लिए कहें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : बोल भाई कितने (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : सूँघो और फूँको (पृ. 164) | कार्य 2 : बटन छँटाई (आकृति) (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 14
DD/MM

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ पिछले दिवस का चार्ट
- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ 'च' और 'ज' का वर्ण कार्ड
- ☐ समान रंग और विभिन्न आकृति के बटनों के 4 ढेर

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: सप्ताह के दिवस (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




पेड़ों से मिलने वाली वस्तुओं को पहचानेंगे

## पेड़ हमें क्या-क्या देते (चार्ट पेपर)

- पिछले दिवस का चार्ट पेपर दिखाकर पेड़ से मिलने वाली वस्तुओं पर चर्चा करें।
- **चहक 3** (पृ. 35) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- **चर्चा:** बच्चों के साथ पौधे लगाने की विधि पर चर्चा करें और पेड़ लगाने के महत्व के बारे में बताएँ।
- पेड़ लगाने के महत्व पर चर्चा करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- अगर पेड़ कट जाएँगे तो क्या होगा?
- अगर आप किसी को पेड़ काटते हुए देखेंगे तो क्या करेंगे?
- काटे जाने पर क्या पेड़ों को दर्द होता है?
- पेड़ों की देखभाल कैसे करनी चाहिए?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

## वर्ण लिखना : 'च' और 'ज'

- 'च' का वर्ण-कार्ड दिखाकर बोर्ड पर 'च' लिखें।
- बच्चों को उँगली से जमीन पर और हवा में 'च' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- 'ज' वर्ण के लिए दोहराएँ।

**समूह कार्य (जोडियों में) :**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'च', 'ज' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- नोटबुक में लिखने के लिए कहें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



वस्तुओं व आवाजों से पैटर्न आगे बढ़ाएंगे

## पैटर्न बनाएँ (चित्र)

- एक चार्ट पर आकृतियों और रंगों से ABAB पैटर्न बनाएँ।
- आगे क्या आएगा? पूछते हुए पैटर्न को आगे बढ़ाएँ।
- ABB पैटर्न को भी चार्ट पर बनाएँ।
- आगे क्या आएगा? पूछते हुए पैटर्न को आगे बढ़ाएँ।
- **कदम** (पृ. 28) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ।
- स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : बोल भाई कितने (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : सूँघो और फूँको (पृ. 164) | कार्य 2 : बटन छँटाई (आकृति) (पृ. 164)

इकाई 3
दिवस 15
DD/MM

## पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चार्ट, रंग
- ☐ तीन आकार की छोटी-बड़ी वस्तुएँ
- ☐ सफेद कागज पर बड़ा अंगूर का चित्र बना हुआ, हरा कागज, कैंची, गोंद, रंग, धागा,
- ☐ कागज की हल्की गेंद, खाली डिब्बा और स्ट्रॉ

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: सप्ताह के दिवस (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




पेड़ों के संरक्षण के तरीके को समझकर बताएंगे

### पेड़ बचाओ (भाग-1)

- **चर्चा करें** : पेड़ नहीं होंगे तो क्या होगा? हमें फल और सब्जी कौन देगा?
- पेड़ बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?
- परिवार में सबको बताएँ कि पेड़ ना काटें।

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- बच्चों को 'पेड़ बचाओ' पर चार्ट बनाने के लिए बोलें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: गप्पू हुआ बड़ा (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पेड़ का क्या नाम था?
- गप्पू के बचपन का दोस्त कौन था?
- क्या इससे पहले आपने सुनील और गप्पू की कोई अन्य कहानी सुनी है?
- अपने दोस्त का नाम बताइए।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




अपने बनाए चित्रों के बारे में अपने शब्दों में बताएंगे

### पेड़ों से मिलने वाली वस्तुएँ

- **दिवस 11** (पृ. 48) की गतिविधि को दोहराएँ।
- पेड़ों से मिलने वाली वस्तुएँ बनाने के लिए कहें।
- चित्र में बनाई हुई वस्तुएँ क्यों बनाई हैं?
- **चहक 3** (पृ. 34) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ।
- स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें। अंत में वाक्य पढ़ें और सुनाएँ और नींबू-पानी बनाने की प्रक्रिया समझाएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




आकार के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएंगे

### बढ़ता क्रम-घटता क्रम (बड़ा-छोटा)

- छोटी-बड़ी वस्तुएँ बीच में रखें। बड़ा-उससे बड़ा छाँटने के लिए कहें।
- सबसे बड़ी गेंद रखें।
- यह गेंद सबसे बड़ी है।
- बड़ा-उससे बड़ा-सबसे बड़ा समझाएँ। छोटा-उससे छोटा-सबसे छोटा समझाएँ।
- अलग-अलग आकारों की वस्तुओं को बीच में रखें। बच्चों को वस्तुओं को बढ़ते-घटते क्रम में रखने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : कागज मोड़ना (फूल) (भाग-1) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : खरगोश की साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : गेंद को फूँको (पृ. 164)

इकाई 3

दिवस 16

DD/MM

# पेड़-पौधे

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज, रंग
- ☐ सफेद कागज पर बड़ा अंगूर का चित्र बना हुआ, हरा कागज, कैंची, गोंद, रंग, धागा
- ☐ कागज की हल्की गेंद, खाली डिब्बा और स्ट्रॉ

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: सप्ताह के दिवस** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**




पेड़ों के संरक्षण के तरीके को समझकर बताएंगे

## पेड़ बचाओ (भाग-2)

- **दिवस 15** (पृ. 51) की गतिविधियाँ दोहराएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: गप्पू हुआ बड़ा (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या पेड़ शुरू से इतना बड़ा था? पेड़ कहाँ से आया?
- बीज के बाद वो क्या बना?
- गप्पू पर किस रंग के पत्ते आये?
- क्या सभी पत्ते हरे रंग के होते हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




दृश्य शब्दों को पहचानकर पढ़ेंगे

## पढ़ें और समझें

- **चहक 3** (पृ. 36) पर दिए गए चित्र देखने के लिए कहें।
- चित्र देखकर नीचे लिखे वाक्य का अनुमान लगाने के लिए कहें।
- सभी बच्चों को मौका दें।
- चित्र देखकर आपको क्या समझ आ रहा है?
- अंत में वाक्य पढ़कर सुनाएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




लंबाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएंगे

## आओ तुलना करें

- **कदम** (पृ. 29) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : कागज मोड़ना (फूल) (भाग-2)** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 42) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : खरगोश की साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : गेंद को फूँको** (पृ. 164) |

**इकाई 3**
**दिवस 17**
**DD/MM**

# पेड़-पौधे

**तैयारी और सामग्री**

- 'च', 'ज' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाले नामों वाली वस्तुएँ/चित्र
- तीन अलग आकार की बड़ी-छोटी, तीन अलग लंबाई की लंबी-छोटी वस्तुएँ
- कागज की हल्की गेंद, खाली डिब्बा और स्ट्रॉ

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविताः फूल (पृ. 163) | कार्यः दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक व भावनात्मक विकास : 30 मिनट




पेड़ों के संरक्षण के तरीके को समझकर बताएंगे

### पेड़ बचाओ (भाग-3)

- **दिवस 15** (पृ. 49) के चार्ट को पूरा करवाएँ। पेड़ों के महत्त्व को बताएँ।
- **कविता 'पेड़ हमारे बड़े हैं प्यारे'** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ करवाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानीः गप्पू हुआ बड़ा (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी अपने शब्दों में दोहराएँ।
- आपने किसी पौधे को बड़ा होते हुए देखा है?
- सुनील ने गप्पू को किसकी सहायता से बोया?
- आपकी माँ आपकी किन चीजों में सहायता करती हैं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

### परिचित वर्ण

- 'च', 'ज' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाले नामों वाली वस्तुएँ/ चित्रों को लें। जैसे-चम्मच, जग, चप्पल, जहाज।
- बच्चों को 'च' और 'ज' के वर्ण-कार्ड दें।
- उन्हें संबंधित वस्तुओं/चित्रों से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 37) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




आकार व लम्बाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएं

### हमने सीखा

- बच्चों को बड़ा-उससे बड़ा-सबसे बड़ा, छोटा-उससे छोटा-सबसे छोटा की अवधारणा समझाएँ।
- **कदम** (पृ. 31) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : **Comparison** (कदम पृ. 26)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : खरगोश की साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : गेंद को फूँको (पृ. 164)

# इकाई आकलन

इकाई 3
दिवस 18
DD/MM

**पेड़-पौधे**

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ तीन अलग आकार के आलू, तीन अलग लम्बाई की भिन्डी
- ☐ समान रंग और विभिन्न आकृति के बटनों के 4 ढेर

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: सप्ताह के दिवस** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

## पेड़ों के संरक्षण के तरीके समझकर बताएंगे

**पेड़ बचाओ**

- स्कूल के सामने बच्चों को पेड़ों के संरक्षण पर कविताएँ गाने, नारे लगाने और पोस्टर दिखाने के लिए कहें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

## समझ के साथ 4-5 तुकांत शब्द बताएंगे

**तुकांत शब्द**

- एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- एक शब्द बोलें, जैसे- 'जाता', उससे मिलते हुए 4-5 तुकांत शब्द बनाने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है



☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

## आकार और लम्बाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएंगे

**बढ़ता-घटता क्रम (बड़ा-छोटा) (लम्बा-छोटा)**

- तीन अलग आकार के आलू और अलग लम्बाई की भिन्डी रखें।
- क्रम से बच्चों को बुलाकर आलू को बड़ा-उससे बड़ा-सबसे बड़ा के क्रम में रखने के लिए कहें।
- भिन्डी को लम्बा-उससे लम्बा-सबसे लम्बा के क्रम में रखने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।



✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है



☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1: Comparison (कदम** पृ. 26) बच्चों का आकलन करें। \| **कार्य 2: कलांकुर** (पृ. 43) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **आकलन: बटन छँटाई (आकृति)** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



# 4. जीव-जन्तु

पशु-पक्षियों के आवास, खान-पान एवं पर्यावरण संरक्षण
के बारे में जानना और समझना

P1S9S8

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- आस-पास और जंगली जानवरों के बारे में जानेंगे *
- पानी में रहने वाले जानवरों के बारे में जानेंगे *
- पक्षियों के बारे में जानेंगे *
- विभिन्न जानवरों की देखभाल करेंगे और उनके नाम को जानेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- तुकांत, क्रिया, भाव दर्शाने और समान ध्वनि वाले शब्द पहचानेंगे *
- वाक्य में शब्द ढूँढेंगे
- पहली ध्वनि पहचानेंगे और चित्रों को छाँटेंगे
- 'ट' और 'ड' वर्ण को पहचानेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- वस्तु (1-7) गिनकर संख्या, नाम और प्रतीक से मिलाएंगे
- अंदर और बाहर की अवधारणा को समझेंगे *
- अधिक-कम (गणनीय) (1-7) की अवधारणा को ठोस वस्तुओं से समझेंगे
- वस्तुओं व आवाजों से पैटर्न बनाएंगे (**ABB**, **ABC**)
- बढ़ते-घटते क्रम (लंबा-छोटा, ऊँचा-छोटा) को समझेंगे

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- भूमि, शिल्प और कला कार्य से संबंधित उपकरणों को पहचानेंगे
- दूसरी भाषा (**L2**) में निर्देश को सुनकर दोहराएंगे
- आवाजों की नकल करेंगे और ऊँचे-नीचे स्वर को पहचानेंगे
- आवाजों के पैटर्न को पहचान कर दोहराएंगे *

**शारीरिक विकास**

- साँस को लय के साथ लेंगे, छोड़ेंगे और साँस पर नियंत्रण करेंगे *
- आँख और हाथ का समन्वय विकसित करेंगे
- सीधी एवं टेढ़ी-मेढ़ी रस्सी पर संतुलन के साथ चलेंगे *
- पैर के पंजों पर संतुलन के सहारे चलेंगे

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 4
दिवस 1
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : किसका अंडा
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बटन, 7 का संख्या और संख्या नाम कार्ड
- ☐ आइसक्रीम की डंडी, रंग, ब्रश, मार्कर, बटन, सफेद कागज
- ☐ राजमा और चौलाई

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः चिड़िया रानी (पृ. 163) \| कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




आस-पास के जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे

### आस-पास के जानवर

- आज आपने कौन-कौन से जानवर देखे?
- जानवरों की आवाज निकालने के लिए कहें।
- अन्य पालतू जानवरों की चर्चा करें। (नाम-आवाज)
- क्या आपने शेर देखा?
- कुछ जानवर जंगल में रहते हैं और कुछ हमारे आस-पास।
- पालतू जानवर हमारे आसपास रहते हैं और जंगली जानवर जंगल में।

## कहानी का समय : 30 मिनट




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानीः किसका अंडा (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर पूछें :
- चित्र में क्या दिख रहा है?
- चित्र में क्या हो रहा है?
- कहानी का क्या नाम होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कि कहानी में अब क्या होगा?
- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




नए तुकांत शब्द बनाएंगे

### तुकांत शब्द

- कविता **पायल बाजे छन-छन-छन** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- तुकांत शब्दों पर ताली बजाएँ।
- तुकांत शब्दों की पहचान करवाएँ।
- बच्चों को दो नए तुकांत शब्द बताने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-7) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

### गिनो और पहचानो (7)

- एक-एक करके सात बटन सामने रखें।
- यह सात है।
- संख्या कार्ड और नाम कार्ड से 'सात' बताएँ।

**समूह कार्य (3 के समूह) :**

- हर समूह को 8-9 बटन, संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड दें। बच्चों को सात बटन, संख्या कार्ड और नाम कार्ड दिखाने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : कठपुतली - पशु (भाग-1) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164) \| कार्य 2 : राजमा छँटाई (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 2
DD/MM

## जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : किसका अंडा
- ☐ कुछ पालतू पशु-पक्षियों के चित्र कार्ड- गाय, बकरी, भैंस, कुत्ता, मुर्गी
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बटन, अंक और शब्द-कार्ड : 7 अंक के
- ☐ आइसक्रीम की डंडी, रंग, ब्रश, मार्कर, बटन, सफेद कागज
- ☐ राजमा और चौलाई

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: चिड़िया रानी** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

### सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




घरेलू जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे

## पालतू जानवर

- **चहक 3 'बोली' कविता** (पृ. 44) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- **चर्चा: चहक 3** (पृ. 44) को दिखाकर जानवरों के नाम, रंग, भोजन और वे कहाँ रहते हैं, विषय पर चर्चा करें।
- **चर्चा:** जानवर हमारी कैसे मदद करते हैं।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- **चहक** (पृ. 44) से घरेलू जानवर पहचानकर उनकी आवाज निकालने के लिए कहें।

### कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: किसका अंडा (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- लाल गेंद घोंसले में कैसे आई?
- अंडा किसका था?
- चिड़िया को कब पता चला कि वह गेंद थी, अंडा नहीं?
- क्या आपकी गेंद कभी खोयी है?

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




परिचित विषयों पर उचित शब्दों का उपयोग करेंगे

## हमारे पालतू जानवर

- **चहक 3** (पृ. 39) **'बिल्ली मौसी'** कविता को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- कुछ पालतू पशु-पक्षियों के चित्र कार्ड दिखाएँ (गाय, बकरी, भैंस, कुत्ता, मुर्गी)।
- बच्चों से पालतू जानवरों के नाम बताने के लिए कहें।
- ये कहाँ रहते हैं?
- क्या खाते हैं?
- पालतू जानवरों पर दो-तीन वाक्य बोलने के लिए कहें।

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-7) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

## गिनो और पहचानो (7)

- **दिवस 1** (पृ. 56) की गतिविधि का दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 33) पर कार्य कराएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : कठपुतली - पशु (भाग-2)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : गहरी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2 : राजमा छँटाई** (पृ. 164)

इकाई 4
दिवस 3
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज, घुले हुए रंग
- ☐ बिग बुक : किसका अंडा
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बटन, 7 का संख्या और संख्या नाम कार्ड
- ☐ आइसक्रीम की डंडी, रंग, ब्रश, मार्कर, बटन, सफेद कागज
- ☐ राजमा और चौलाई

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविता: चिड़िया रानी** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पालतू व खेती जानवरों के नाम बताएंगे

### पालतू जानवर

- **चर्चा** : पालतू और खेती में काम आने वाले जानवरों के नाम, रंग, भोजन और रहने की जगह।
- इन जानवरों की आवाज निकालें।
- आप इनके लिए क्या करते हैं?
  - **छाप** : बच्चों को सफेद कागज और घुले हुए रंग दें।
  - हाथ की छाप से किसी पालतू जानवर का एक चित्र बनवाएँ।
  - सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: किसका अंडा (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कौए को किस रंग का अंडा मिला था?
- क्या आपने चिड़िया के अंडे देखे हैं?
- अंडे किस रंग के होते हैं?
- बच्चों को 2-3 अलग-अलग तरह के अण्डों के चित्र दिखाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




क्रियाओं को क्रिया-शब्दों के साथ जोड़ेंगे

### क्रिया शब्द

- एक-एक करके बच्चों को अभिनय करके दिखाएँ। (चलना, खाना, भागना, हँसना, रोना)।
- बच्चों को क्रिया का अनुमान लगाने के लिए कहें।
- हर अभिनय के बाद क्रिया-शब्द बोलें।
- बच्चों को अभिनय करने के लिए कहें। बाकी बच्चों को अनुमान लगाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-7) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

### गिनो और पहचानो (7)

- **दिवस 1** (पृ. 56) की गतिविधि को दोहराएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- हर समूह को बटन, संख्या कार्ड, नाम कार्ड दें।
- 1-7 का अंक बोलें।
  - बच्चे उतने बटन, संख्या कार्ड, नाम कार्ड दिखाएँगे।
  - आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य : कठपुतली - पशु (भाग-3)** (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **कार्य 1 : गहरी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : राजमा छँटाई** (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 4
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : किसका अंडा
- ☐ गत्ते का डिब्बा, रंग, सजावट सामग्री
- ☐ चॉक/रस्सी/धागा

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: चिड़िया रानी** (पृ. 163) **\| कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न प्रकार के जानवरों के प्रति सहानुभूति व देखभाल के तरीकों को बताएंगे

### विभिन्न जानवरों की देखभाल

- **चर्चा** : जानवरों की देखभाल क्यों और कैसे करनी चाहिए?
- **पसंदीदा जानवर का अभिनय** : हर बच्चे को एक काल्पनिक जानवर सोचने के लिए कहें। उसका ध्यान रखने का रोल प्ले करके दिखाने के लिए कहें।
- अगर जानवर को चोट लग जाए, तो आप क्या करेंगे?
- अगर कोई किसी जानवर को चोट पहुँचा रहा हो तो आप क्या करेंगे?

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: किसका अंडा (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- चिड़िया का अंडा मिलने पर आप क्या करेंगे?
- जैसे कौए को गेंद मिली, क्या आपको भी किसी और की कोई चीज मिली है?
- किसी और की वस्तु मिलने पर आप क्या करेंगे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वाक्य में शब्दों को पहचानेंगे

### वाक्यों में शब्द

- **चहक 3** (पृ. 42) पर कविता को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- जीव-जन्तु पर एक वाक्य बोलें। जैसे, 'नन्ही चिड़िया आयी है।'
- प्रत्येक शब्द पर ताली बजाएँ।
- जैसे, 'नन्ही' पर ताली, 'चिड़िया' पर ताली। इसी तरह हर शब्द पर ताली बजाएँ।
- कुछ और वाक्य बोलें।
- बच्चों को वाक्य के हर शब्द पर ताली बजाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




7 के संख्या प्रतीक को लिखेंगे

### अंक और लिखो (7)

- **कदम** (पृ. 34) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : कुत्ता/बिल्ली घर** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : कंधा घुमाकर साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : रस्सी पर चलना** (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 5
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : किसका अंडा
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल और रंग
- ☐ शब्द कार्ड : 'अंदर', 'बाहर'
- ☐ गत्ते का डिब्बा, रंग, सजावट सामग्री
- ☐ चॉक / रस्सी / धागा

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163) | कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न प्रकार के जानवरों के प्रति सहानुभूति व देखभाल के तरीकों को बताएंगे

### विभिन्न जानवरों की देखभाल

- सड़क / गली / पेड़ों पर रहने वाले जानवरों के नाम बताने के लिए कहें।
- सड़क / गली / पेड़ों पर रहने वाले जानवर अपना ध्यान कैसे रखते हैं?
- हम उनके लिए क्या कर सकते हैं?
- बच्चों में जानवरों के प्रति सहानुभूति जगाएँ। उदाहरण- जब आपको चोट लगती है तो कैसा लगता है? क्या जानवरों को भी वैसा लगता होगा?

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: दादी का सुझाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पवन कक्षा में रोज देर से क्यों पहुँचता था?
- पवन की कौन-सी गतिविधि रह जाती थी?
- पवन को उठाने की पहली कोशिश किसने की?
- पवन को उठाने की अगली कोशिश किसने की?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




अपने शब्दों से चित्र के उद्देश्य को बताएंगे

### चित्र बनाएँ और बताएँ

- **कहानी किसका अंडा (बिग बुक)** को हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- बच्चों को सफेद कागज, पेंसिल और रंग दें।
- कहानी से कोई भी एक घटना का चित्र बनाने के लिए कहें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।
- चित्र में कौन-कौन है?
- इस चित्र में क्या हो रहा है?

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




स्थिति अनुसार वस्तुओं की तुलना करेंगे

### अन्दर-बाहर

- एक गोला बनाएँ और कुछ वस्तुएँ गोले के अन्दर और कुछ वस्तुएँ गोले के बाहर रखें।
- ये वस्तुएँ अंदर हैं। ये वस्तुएँ बाहर हैं। 'अंदर', 'बाहर' के शब्द-कार्ड दिखाएँ।
- 'अंदर' के शब्द-कार्ड दिखाने पर सब गोले के अंदर जाएँगे। 'बाहर' पर गोले से बाहर जाएँगे। शब्द-कार्ड दिखाएँ।
- **कदम** (पृ. 35) पर कार्य करवाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : **Poem-One Two Buckle My Shoe** (कदम पृ. 32)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : कंधा घुमाकर साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : रस्सी पर चलना (पृ. 164)

| जीव-जन्तु  | इकाई 4<br>दिवस 6<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ बिग बुक : किसका अंडा<br>☐ एक रंग और आकार के 25-30 बटन, संख्या और शब्द-कार्ड : 7 अंक तक के<br>☐ राजमा और चौलाई | इकाई 4<br>दिवस 12<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ 2 भार की भारी वस्तुएँ (पत्थर/किताब)<br>☐ 2 भार की हल्की वस्तुएँ (रबर/पत्ता)<br>☐ 2 ऊँची वस्तुएँ, 2 छोटी वस्तुएँ<br>☐ राजमा और चौलाई |
|---|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: चिड़िया रानी (पृ. 163)<br>कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163)<br>कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकास: 30 मिनट | **आस-पास के जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे**<br>आस-पास के जानवर<br>• **दिवस 1** (पृ.56) की गतिविधि दोहराएँ।<br>• **चहक 3** (पृ. 38) पर कार्य कराएँ। | **जानवरों के प्रति सहानुभूति व देखभाल के तरीकों को बताएंगे**<br>विभिन्न जानवरों की देखभाल<br>• **चहक 3** (पृ. 41) पर कार्य कराएँ। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>कहानी : किसका अंडा (बिग बुक)<br>• सभी बच्चों को किताब से चित्र देखकर अपने शब्दों में कहानी सुनाने के लिए प्रोत्साहित करें। | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>कहानी : दादी का सुझाव (पृ. 163)<br>• **दिवस 9** (पृ. 64) की गतिविधि दोहराएँ। |
| भाषा और ध्वनि विकास : 30 मिनट | **वाक्य में शब्दों को पहचानेंगे**<br>वाक्यों में शब्द<br>• **दिवस 4** (पृ. 59) की गतिविधि दोहराएँ। | **सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे**<br>रेखाएँ खींचें<br>• **चहक 3** (पृ. 46) पर कार्य कराएँ। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | **वस्तु (1-7) गिनकर संख्या व नाम मिलाएंगे**<br>गिनो और पहचानो (7)<br>• **दिवस 3** (पृ. 58) की गतिविधि दोहराएँ। | **वजन और ऊँचाई के आधार पर छाँटकर क्रम से लगाएंगे**<br>आओ तुलना करें (भारी-हल्का, ऊँचा-छोटा)<br>• **इकाई 2 दिवस 15** (पृ. 33) और **दिवस 16** (पृ. 34) की गतिविधियाँ दोहराएँ। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : कठपुतली-पशु (भाग-4) (पृ. 164) | कार्य : Positions (चहक 3 पृ. 38) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : राजमा छँटाई (पृ. 164) | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : राजमा छँटाई (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 7
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 20-25 ब्लॉक्स
- ☐ पिछले दिवस वाला कुत्ता/बिल्ली घर
- ☐ चॉक/रस्सी/धागा

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163) | कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




जंगली जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे

### जंगली जानवरों के नाम

- जंगल का राजा कौन है?
- वह कहाँ रहता है?
- शेर के अलावा और कौन से जानवर जंगल में रहते हैं?
- **चर्चा : चहक 3** (पृ. 40) दिखाकर जानवरों के नाम, रंग, भोजन और रहने के स्थान।

**समूह कार्य : (जोड़ियों में)**

- पहला बच्चा पृष्ठ पर जानवर का चित्र दिखाकर उसका नाम हिंदी में बोलेगा। दूसरा बच्चा उसका नाम अंग्रेजी में बोलेगा।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: दादी का सुझाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पवन क्यों परेशान था?
- माँ ने पवन को कैसे उठाने की कोशिश की?
- पापा ने पवन को कैसे उठाने की कोशिश की?
- पवन जल्दी कैसे उठा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




समान ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द बताएंगे

### समान ध्वनि वाले शब्द

- 'पके पेड़ पर पका पपीता।' (वाक्य को दो बार दोहराएँ) हर शब्द पर ताली बजाने के लिए कहें।
- कौन-सी ध्वनि ज्यादा सुनाई दे रही हैं? 'प' की ध्वनि।
- प-पके, प-पेड़, प-पर, प-पका, प-पपीता।
- बच्चों से सामान ध्वनि वाले शब्द बोलने के लिए कहें।
- शब्दों को लेकर एक मजेदार वाक्य बनाएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




गिनकर (9) अधिक-कम की तुलना करेंगे

### अधिक-कम (गणनीय 1-7)

- कम-अधिक दोहराएँ।
- चार और दो ब्लॉक्स से दो टॉवर बनाएँ।
- कौन-सा टॉवर ऊँचा है? यह ऊँचा है, इसमें अधिक ब्लॉक्स हैं।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- दो अंक (1-7) बोलें। उतने ब्लॉक्स के दो टॉवर बनाने के लिए कहें।
- किसमें अधिक ब्लॉक्स हैं?
- किसमें कम ब्लॉक्स हैं?

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : कुत्ता/बिल्ली घर (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : कंधा घुमाकर साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : रस्सी पर चलना (पृ. 164)

इकाई 4
दिवस 8
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ गेंद
- ☐ चॉक / रस्सी / धागा
- ☐ हर जोड़ी के लिए 12-14 कंकड़ / बटन, शब्द-कार्ड : "कम", "ज्यादा"

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए ((पृ. 163)| कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना) (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




जंगली जानवरों के नाम, घर, भोजन और आदतों को बताएंगे

## जंगली जानवरों के घर और भोजन

- **चर्चा : चहक 3** (पृ. 40) दिखाकर जंगली जानवरों के नाम, रंग, भोजन, आदतें और वे कहाँ रहते हैं।

**जानवरों की नकल :**

- बच्चों को घेरे में खड़ा करें।
- एक जानवर का नाम बोलें।
- बच्चों को उस जानवर की आवाज निकालकर चलने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: दादी का सुझाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पवन रात को देर से क्यों सोता था?
- दादी ने पवन को क्या सुझाव दिया?
- पवन की कक्षा की तरह आपकी कक्षा में भी कविताएँ गायीं जाती हैं?
- 2-3 बच्चों को कविता गाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## पहली ध्वनि की पहचान : 'ट'

- 'ट' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'टमाटर'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'ट' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'ट' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




गिनकर (9) अधिक-कम की तुलना करेंगे

## अधिक-कम (गणनीय 1-7)

- **दिवस 7** (पृ. 62) की गतिविधि बटन / कंकड़ से दोहराएँ।
- वस्तुओं को पंक्तियों में रखकर अधिक-कम समझाएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- दो (1-7) अंक बोलें। बटन से अंकों जितनी 2 पंक्ति बनाने के लिए कहें।
- कौन-सी पंक्ति लंबी है?
- किसमें कम बटन है?

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : आवाज की नकल - पशु (भाग 1) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : गुंजन (पृ. 164) | कार्य 2 : रस्सी पर चलना (पैर के पंजों से) (पृ. 164)

इकाई 4
दिवस 9
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'ट' और अन्य वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों की वस्तुएँ/चित्र-कार्ड (टमाटर, टब, टहनी, कलम, रथ, तरबूज)
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए वस्तुएँ (पत्ती, फूल, पत्थर, बटन, ब्लॉक्स)
- ☐ चॉक/रस्सी/धागा

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: हाथी आया** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना)** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न प्रकार के जानवरों के प्रति सहानुभूति व देखभाल के तरीकों को बताएंगे

### विभिन्न जानवरों की देखभाल

- जंगली जानवर नहीं होंगे तो क्या होगा?
- **चर्चा** : जंगली जानवरों की देखभाल, उपचार और संरक्षण और उनके घर जंगल का संरक्षण।

**जानवरों की नकल :**

- बच्चों को घेरे में खड़ा करें।
- एक जानवर का नाम बोलें। बच्चों को उस जानवर की पसंदीदा देखभाल का अभिनय करने के लिए कहें, जैसे- गाय को नहलाना।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: दादी का सुझाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पवन देर से क्यों उठता था?
- क्या आप भी देर से सोते हैं?
- क्या सुबह जल्दी उठना चाहिए? क्यों?
- आपको सुबह कौन उठाता है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण ध्वनि को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'ट'

- 'ट' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (टमाटर और कलम)
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'ट' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ।
- सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट



वस्तुओं, आवाज और क्रियाकलापों में पैटर्न बनाएंगे

### पैटर्न बनाना (ABAB, ABB)

- दो अलग वस्तुएँ लें।
- ABAB पैटर्न बनाएँ।
- बच्चों को पैटर्न समझाएँ।
- इसी तरह दो वस्तुओं से ABB का पैटर्न समझाएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- हर समूह को दो वस्तुओं का सेट दें। ABAB और ABB पैटर्न बनाने के लिए कहें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : आवाज की नकल - पशु (भाग 2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : गुंजन** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : रस्सी पर चलना (पैर के पंजों से)** (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 10
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : हाथी और बकरी की दोस्ती
- ☐ 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों की वस्तुएँ/चित्र-कार्ड (डमरू, डरना, डलिया, डंडा)
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए वस्तुएँ (पत्ती, फूल, पत्थर, बटन, ब्लॉक्स)
- ☐ चॉक/रस्सी/धागा

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: हाथी आया** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना)** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पक्षियों को पहचानकर उनके नाम बताएंगे

### पक्षी (भाग 1)

- **कविता गौरैया** (पृ. 163) को हाव- भाव के साथ गाएँ।
- **चर्चा : चहक 3** (पृ. 43) से पक्षियों के नाम, आवाज, खाना, विशेषताएँ और घर। पक्षी और मनुष्य में अंतर।

### चिड़िया की चाल

- 'चलो' पर बच्चे दाना चुगने और 'उड़ो' पर उड़ने का अभिनय करेंगे।
- 6-8 बार 'चलो/उड़ो' बोलें।
- कल आप सब पक्षियों के पंख एकत्रित करके लाना।

## कहानी का समय : 30 मिनट




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: हाथी और बकरी की दोस्ती (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर पूछें :
- चित्र में कौन दिख रहा है?
- चित्र में क्या हो रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कहानी में क्या हो रहा होगा।
- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान (ड)

- 'ड' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'डमरु'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'ड' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

### गेंद का खेल

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'ड' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट



वस्तुओं, आवाज और क्रियाकलापों में पैटर्न बनाएंगे

### पैटर्न बनाना (ABB, ABC)

- ABAB, ABB पैटर्न का दोहराव करें।
- तीन अलग-अलग वस्तुएँ लें।
- ABC पैटर्न बनाएँ।
- बच्चों को पैटर्न समझाएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- हर समूह को तीन अलग वस्तुएं दें। पहले ABAB, ABB पैटर्न बनाने के लिए कहें। फिर ABC पैटर्न बनाकर दिखाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : आवाज की नकल - पशु (भाग 2)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : गुंजन** (पृ. 164) | **कार्य 2 : रस्सी पर चलना (पैर के पंजों से)** (पृ. 164)

इकाई 4
दिवस 11
DD/MM

## जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चार्ट पेपर, एकत्रित किए पंख, गोंद
- ☐ बिग बुक : हाथी और बकरी की दोस्ती
- ☐ 'ड' वर्ण और अन्य वर्णों की वस्तुएँ / चित्र कार्ड (डमरू, डलिया, जल, रथ)
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए वस्तुएँ (पत्ती, फूल, पत्थर, बटन, ब्लॉक्स)
- ☐ कागज और घुले हुए रंग
- ☐ छोला और राजमा

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: हाथी आया** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर (दिवस-महीना)** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पक्षियों के नाम, घर, भोजन और आदतों को बताएंगे

### पक्षी (भाग 2)

- **चहक 3** (पृ. 43) दिखाकर चर्चा को दोहराएँ। जैसे, पक्षी हमारे लिए क्यों जरूरी हैं?
- क्या आज आपने कोई पक्षी देखा? वह कैसी आवाज निकाल रहा था? जैसे- चिड़िया करती है- **'चूँ-चूँ'**।
- चार्ट पेपर पर पक्षी का चित्र बनाएँ और एकत्रित पंखों को चित्र पर चिपकाने के लिए कहें।
- सभी बच्चों को भाग लेने के लिए कहें।
- चार्ट को दीवार पर चिपकाएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: हाथी और बकरी की दोस्ती (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ?
- कहानी का अंत कैसे हुआ?
- क्या आपने कभी दो जानवरों में दोस्ती देखी है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं / चित्रों से मिलाएंगे

### चित्रों को छाँटना : 'ड'

- 'ड' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र / वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (डमरू और रथ)
- कौन-सा चित्र / वस्तु का नाम 'ड' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों / वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



वस्तुओं, आवाज और क्रियाकलापों में पैटर्न बनाएंगे

### साधारण पैटर्न (ठोस वस्तुएँ)

- **दिवस 9** (पृ. 64) और **दिवस 10** (पृ. 65) की गतिविधियाँ दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 36) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ। स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य 1 : अंगूठे की छाप (पशु का चित्र)** (पृ. 164) | **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 44)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2 : राजमा-छोला छँटाई** (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 61 पर देखें।

इकाई 4
दिवस 13
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ नियत अंतराल पर छेदयुक्त चार प्लेट्स, जिसमें डोरी लगी हो, चुगने के दाने
- ☐ बिग बुक : हाथी और बकरी की दोस्ती
- ☐ 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 3 आकार की ऊँची वस्तुएँ (शीशी, झण्डा)
- ☐ 3 आकार की छोटी वस्तुएँ (ब्लॉक्स)
- ☐ सफेद कागज और घुले हुए रंग
- ☐ राजमा और छोले

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: हाथी आया (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




विभिन्न प्रकार के जानवरों के प्रति सहानुभूति व देखभाल के तरीकों को बताएंगे

## विभिन्न जानवरों की देखभाल

- चर्चा : पक्षियों की देखभाल, उपचार और उनके घर पेड़ों का संरक्षण।
- अगर आपको गर्मी में प्यास लगती है तो आपको कैसा लगता है?

**समूह कार्य (4 का समूह) :**

- हर समूह को प्लेट दें। छेद में से डोरी बंधवाएँ।
- प्लेट को बाहर लटकाएँ। उसमें दाना रखने के लिए कहें। समय-समय पर दाना देने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: हाथी और बकरी की दोस्ती (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- क्या हाथी और बकरी की तरह आपका भी कोई दोस्त है?
- क्या आप अपने दोस्तों के साथ खाना बाँटकर खाते हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

## वर्ण के प्रतीक को पहचानना : 'ट', 'ड'

- 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। टहनी, टमाटर, डमरू, डलिया।
- 'ट' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुओं/चित्रों के नाम बताने के लिए कहें।
- बोर्ड पर 'ट' लिखें और 'ट' का प्रतीक बताएँ।
- 'ड' वर्ण के लिए दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 47) पर दी गई गतिविधि को स्वयं करने दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से लगाएंगे

## बढ़ता क्रम-घटता क्रम (ऊँचा-छोटा)

- ऊँची, उससे-ऊँची शीशी लें।
- ऊँचा-उससे ऊँचा दोहराएँ।
- सबसे ऊँची शीशी रखें।
- यह शीशी सबसे ऊँची है।
- ऊँचा-उससे ऊँचा-सबसे ऊँचा समझाएँ।
- इसी तरह छोटा-उससे छोटा-सबसे छोटा समझाएँ।

**समूह कार्य (2 समूह) :**

- तीन अलग ऊँचाई की वस्तुएँ दें। वस्तुओं को बढ़ते-घटते क्रम में रखने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य 1 : अंगूठे की छाप (पशु का चित्र) (पृ. 164) | कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 45)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : राजमा-छोला छँटाई (पृ. 164)

इकाई 4
दिवस 14
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : हाथी और बकरी की दोस्ती
- ☐ 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ सफेद कागज और घुले हुए रंग
- ☐ राजमा और छोला

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: मेरा शेरू (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी के जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे

### पानी के जानवर

- कविता **मछली ने खा लिया अचार** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- क्या आपने पानी के जानवर देखे हैं?
- **चर्चा : चहक 3** (पृ. 43) दिखाकर पानी के जानवरों के नाम, आकार, रंग, खाना और वे कैसे साँस लेते हैं। पानी के जानवर, बाकी जानवरों और इंसानों से कैसे अलग हैं?

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: हाथी और बकरी की दोस्ती (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने चिड़िया का बच्चा देखा है?
- वह कैसे दिखते हैं?
- अगर आप बकरी की जगह होते तो क्या करते?
- किसी की मदद करने पर आपका कोई दोस्त बना है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

### वर्ण लिखना : 'ट', 'ड'

- 'ट' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'ट' लिखें।
- 'ट' को ऐसे लिखते हैं।
- बच्चे वर्णों को स्वतंत्र रूप से पहचानेंगे।
- बच्चों को सावधानीपूर्वक उँगली से जमीन पर और हवा में 'ट' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- इसी तरह 'ड' वर्ण के लिए करें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'ट' और 'ड' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- फ़िर अपने नोटबुक/कागज में लिखने का अभ्यास कराएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से लगाएंगे

### बढ़ता क्रम-घटता क्रम (ऊँचा-छोटा)

- **कदम 3** (पृ. 37) पर पर दी गई गतिविधि को स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य 1 : अंगूठे की छाप (पशु का चित्र) (पृ. 164) \| कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 46) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) \| कार्य 2 : राजमा-छोला छँटाई (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 15
DD/MM

## जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ रंग-बिरंगे कागज, रंग, धागा
- ☐ 3 भार की भारी वस्तुएँ (पत्थर/किताब)
- ☐ 3 भार की हल्की वस्तुएँ (रबर/पत्ता)
- ☐ चॉक/रस्सी/धागा

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: मेरा शेरू** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

### सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट



पानी के जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे

## पानी के जानवर

- **चर्चा :** पानी के जानवर के चित्र दिखाकर उनके नाम, आकार, रंग, खाना और विशेषताओं पर चर्चा करें।
- बच्चों को रंग-बिरंगे कागज और रंग दें।
- एक मछली बनाकर दिखाएँ।
- बच्चों को स्वयं मछली बनाने के लिए कहें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।
- मछली बनने के बाद उनमें छेद करके कक्षा में लटकाएँ।

### कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: दीपा और घायल बकरी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- दीपा के घर में कौन-कौन से जानवर थे?
- दीपा किसके साथ जानवरों की देख-रेख करती थी?
- बकरी को घायल देखकर दीपा ने क्या किया?
- दीपा ने बकरी का नाम क्या रखा था?

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




सरल पहेलियों को हल करेंगे

## पहेली

**समूह कार्य (जोड़ियों में)**

- **चहक 3** (पृ. 48) की पहली पहेली को पढ़ें।
- बच्चों को समझने के लिए समय दें।
- एक-दूसरे को उत्तर बताने के लिए कहें।
- कार्यपत्रक में पहेली को चित्र से मिलाने के लिए कहें।

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वजन के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से लगाएंगे

## बढ़ता क्रम-घटता क्रम (भारी-हल्का)

- भारी-उससे-भारी किताब लें।
- भारी-उससे भारी दोहराएँ।
- सबसे भारी किताब रखें।
- यह किताब सबसे भारी है।
- भारी-उससे भारी-सबसे भारी समझाएँ।
- इसी तरह हल्का-उससे हल्का- सबसे हल्का समझाएँ।

**समूह कार्य (2 समूह) :**

- अलग-अलग भार की वस्तुएँ दें। वस्तुओं को बढ़ते-घटते क्रम में रखने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : शारीरिक टकराव (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : रस्सी पर चलना (उल्टा)** (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 16
DD/MM

# जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ एक गिलास, पेंसिल के छिलके, कागज के टुकड़े
- ☐ भाव चित्र-कार्ड
- ☐ चॉक / रस्सी / धागा

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: मेरा शेरू** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न प्रकार के जानवरों के प्रति सहानुभूति व देखभाल के तरीकों को बताएंगे

### विभिन्न जानवरों की देखभाल

- एक गिलास में पानी लें। उसमें पेंसिल के छिलके और कागज के टुकड़े डालें।
- क्या हम इस पानी को पी सकते हैं?
- अगर आपका घर गंदा है तो आप कहाँ रहते हैं?
- **चर्चा** : पानी के जानवरों की देखभाल, संरक्षण और उनके घर पानी को साफ़ रखना।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: दीपा और घायल बकरी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- बकरी किसकी थी?
- अगर संजू बकरी को लेने नहीं आती, तो बकरी को कौन रखता?
- दीपा को बकरी के जाने पर कैसा लगा होगा?
- कहानी अपने शब्दों में दोहराएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




उपयुक्त शब्दों का उपयोग करके भावनाओं को व्यक्त कर पाएंगे

### भाव दर्शाने वाले शब्द

- एक भाव चित्र कार्ड दिखाएँ।
- बच्चों को भाव पहचानने के लिए कहें।
- आपको ऐसा कब महसूस होता है?
- क्या जानवर भी महसूस करते हैं?
- जानवर को प्यार से सहलाने से उनको कैसा लगता है?
- जानवर को मारने से उनको कैसा लगता होगा?
- प्रत्येक बच्चे को बोलने का मौका दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वजन के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से लगाएंगे

### बढ़ता क्रम-घटता क्रम (भारी-हल्का)

- **कदम** (पृ. 39) पर दी गई गतिविधि स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : शारीरिक टकराव (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : रस्सी पर चलना (उल्टा)** (पृ. 164) |

इकाई 4
दिवस 17
DD/MM

# जीव-जन्तु

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ जानवरों के चित्र कार्ड
- ☐ 'ट', 'ड' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाले शब्दों की वस्तुएँ/चित्र-कार्ड, वर्ण कार्ड
- ☐ रस्सी/धागा

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविताः हाथी आया** (पृ. 163) \| **कार्यः दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




आस-पास के जानवरों को पहचानकर नाम बताएंगे

## आस-पास के जानवर और जंगली जानवरों के नाम

- चित्र-कार्ड और **चहक** (पृ. 43) अवधारणा पृष्ठ दिखाकर इकाई में बताए जानवरों का दोहराव करें।
- जानवरों के चित्रकार्ड दिखाएँ। नाम पूछें। अंग्रेजी में नाम बोलें।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक बच्चा एक जानवर को पहचाने, दूसरा अंग्रेजी नाम बताए। फिर भूमिकाएँ बदलें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानीः दीपा और घायल बकरी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- घायल बकरी को दीपा और उसके पापा कहाँ लेकर गए थे?
- क्या आपने कभी जानवरों का अस्पताल देखा है?
- जानवरों का अस्पताल कैसा होता है?
- घायल जानवर दिखने पर आप क्या करेंगे?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

## परिचित वर्ण

- 'ट', 'ड', अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। (टहनी-डलिया-कलम)
- 'ट' और 'ड' के वर्ण कार्ड दें।
- वस्तुओं/चित्र कार्ड को वर्ण कार्ड से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 49) पर दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



वस्तुओं, आवाज और क्रियाकलापों में पैटर्न बनाएंगे

## साधारण पैटर्न (चित्रात्मक)

- **कदम** (पृ. 41) पर दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : शारीरिक टकराव (भाग-3)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : रस्सी पर चलना (उल्टा)** (पृ. 164) |

# इकाई आकलन

इकाई 4
दिवस 18
DD/MM

## जीव-जन्तु

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ वस्तुएँ, भाव के चित्र कार्ड
- ☐ तीन अलग-अलग वजन और ऊँचाई की वस्तुएँ
- ☐ राजमा और छोला

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: मेरा शेरू (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

### पक्षियों और पानी के जानवरों को पहचानेंगे

- **चहक-3** (पृ. 45) पर कार्य करवाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

### परिवेशीय वस्तुओं के बारे में बताकर अनुभवों को साझा करेंगे

**भाव दर्शाने वाले शब्द**

- एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- बच्चों को खिलौना/गेंद/रंग दिखाकर पहचानने के लिए कहें।
- अलग-अलग स्थिति दें, जैसे यदि कोई खिलौना तोड़ दे तो कैसा लगेगा?
- भाव चित्र कार्ड दिखाकर सही भावना चुनने के लिए कहें। तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

### वजन, ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से लगाएंगे

**बढ़ता क्रम-घटता क्रम (भारी-हल्का) (ऊँचा-छोटा)**

- बच्चों को क्रम से बुलाएं। उन्हें तीन अलग-अलग भार की वस्तुएँ दें।
- भारी-उससे भारी-सबसे भारी के क्रम में लगाने के लिए कहें।
- फिर ऊँचा-उससे ऊँचा -सबसे ऊँचा के क्रम में लगाने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।



☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है



☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य 1: आवाज की नकल (पशु) (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। \| कार्य 2: कलांकुर (पृ. 47) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | आकलन: राजमा-छोला छंटाई (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



# 5. हमारे सहयोगी

(दैनिक जीवन से जुड़ी हमारी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक)

समुदाय और सामुदायिक सहयोगियों की भूमिकाओं एवं महत्व को समझकर आभार व्यक्त करना

U6V6E2

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- आस-पास की जगहों और उनसे जुड़े सहयोगियों के नाम बताएंगे
- बाजार की सैर के आधार पर व्यावहारिक ज्ञान देंगे
- सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे *

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- शब्द की पहली ध्वनि को पहचानेंगे
- वस्तुओं के नाम और शब्द-कार्ड को दृश्य शब्दों में बताएंगे
- बातचीत में सीखे गए और तुकांत शब्दों को दोहराएंगे *
- विभिन्न विषयों पर चित्र बनाकर रंग भरेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- स्पर्श के आधार पर वस्तुओं को पहचानेंगे *
- प्राथमिक रंगों से द्वितीयक रंग बनाएंगे
- वस्तुओं (1-3) को गिनकर संख्या के प्रतीक व नाम से मिलाएंगे और संख्या प्रतीकों को लिखेंगे
- आकार, लम्बाई, ऊँचाई, मात्रा, वजन के आधार पर तुलना करेंगे

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- हाव-भाव के साथ कविता गाएंगे *
- मिट्टी के उपयोग से आकृति बनाएंगे
- आस-पास की ध्वनियों को पहचानेंगे और नक़ल करेंगे

**शारीरिक विकास**

- पेट से साँस लेने की तकनीक का अभ्यास करेंगे *
- वस्तुओं को पकड़ने और फेंकने का अभ्यास करेंगे

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 5
दिवस 1
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ चार्ट पेपर, पेंसिल, रंग/चित्र (स्कूल, घर, दुकान, हॉस्पिटल), गोंद
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बड़े बटन, संख्या और शब्द-कार्ड: 8 अंक के
- ☐ 2 रंग के समान आकृति वाले ब्लॉक्स

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: किसान क्या-क्या करता (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




अपने आस-पड़ोस को पहचानेंगे

### आस-पास की जगह

- घर से स्कूल आते समय आपने आस-पड़ोस में क्या-क्या देखा?

**मेरा नगर**

- चार्ट पेपर बीच में रखें।
- उसके बीच में स्कूल का चित्र चिपकाएँ।
- बच्चों के साथ अपने नगर का नक्शा बनाएँ।
- आस-पास के घर, दुकानें, अस्पताल, पुलिस थाना के चित्र बनाएँ/चिपकाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: डाकिया दीदी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पारूल की माँ बाजार से क्या लाईं थीं?
- पारूल के घर में कौन-कौन था?
- डाकिया का यूनिफार्म पहनने पर बुआ ने पारूल को क्या बुलाया?
- दादाजी ने क्या तरकीब दी?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




समान ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द बताएंगे

### समान ध्वनि वाले शब्द

- वाक्य को दो बार दोहराएँ: 'नयन नाचे नीचे'।
- हर शब्द पर ताली बजाने के लिए कहें।
- किस वर्ण की ध्वनि ज्यादा सुनाई दे रही हैं?
- 'न' की ध्वनि। न-नयन, न-नाचे, न-नीचे।
- बच्चों से समान आवाज वाले कुछ शब्द बोलने के लिए कहें।
- शब्दों को लेकर एक मजेदार वाक्य बनाएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-8) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

### गिनो और पहचानो (8)

- आठ बड़े बटन एक-एक करके सामने रखें।
- यह आठ है।
- संख्या कार्ड और नाम कार्ड से 'आठ' बताएँ।

**समूह कार्य (3 के समूह):**

- हर समूह को 8-9 बड़े बटन, संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड दें।
- बच्चों को 8 बड़े बटन, संख्या कार्ड और नाम कार्ड दिखाने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : पहचानो कौन- दूध वाला (भाग-1) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164) \| कार्य 2 : ब्लॉक छँटाई (रंग) (पृ. 164) |

इकाई 5
दिवस 2
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ आस-पास की जगहों के चित्र (अस्पताल, पुलिस स्टेशन, पार्क, दुकानें (किराना, मिठाई, मोची, बढ़ई), रस्सी
- ☐ बिग बुक: दाँत का दर्द, शब्द-कार्ड: दाँत, चश्मा, बैट-बॉल, कार
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बटन, संख्या और शब्द-कार्ड: 8 अंक के
- ☐ 2 रंग के समान आकृति वाले ब्लॉक्स

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: किसान क्या-क्या करता (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




अपने आस-पड़ोस को पहचानेंगे

## हमारे सहयोगी (आस-पास की जगह)

- कक्षा में आस-पास की जगहों के चित्र चिपकाएँ।
- रस्सियों से एक रास्ता बनाएँ।
- आइए नगर घूमकर आते हैं। केवल रस्सियों के साथ चलें।
- प्रत्येक चित्र पर रूककर सवाल पूछकर चर्चा करें।
- यह किसकी तस्वीर है?
- **चर्चा (जोड़ियों में) : चहक 3** (पृ. 50-51)को दिखाते हुए उन्हें आपस में चर्चा करने के लिए कहें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: डाकिया दीदी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- पारूल क्यों उदास हो गई थी?
- सबने चिट्ठियों को किसमें डाला?
- पारूल ने किसको चिट्ठी लिखी?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




बिग बुक/पोस्टर्स में दृश्य शब्दों को बताएंगे

## दृश्य शब्दों की पहचान

- **कहानी दाँत का दर्द (बिग बुक)** से चित्र दिखाकर वस्तुओं का नाम पूछें।
- एक शब्द-कार्ड उठाएँ।
- सबको दिखाएँ।
- इस शब्द-कार्ड के चित्र को उँगली से दिखाना है।
- बच्चों को शब्द-कार्ड दीवार पर चिपकाने के लिए कहें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तु (1-8) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

## अंकों को पहचानें (गिनें और पहचानें) (8)

- **दिवस 1** (पृ. 74) की गतिविधि दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 42) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : पहचानो कौन- दूध वाला (भाग-2) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164) \| कार्य 2 : ब्लॉक छँटाई (रंग) (पृ. 164) |

इकाई 5

दिवस 3

DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ पुलिस स्टेशन भ्रमण या पुलिस अधिकारी को विद्यालय में बुलाने की तैयारी
- ☐ बिग बुक: दाँत का दर्द और शब्द कार्ड
- ☐ एक रंग और आकार के 25-30 बड़े बटन, संख्या और शब्द-कार्ड: 8 अंक के
- ☐ 2 रंग के समान आकृति वाले ब्लॉक्स

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: किसान क्या-क्या करता** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (पुलिस)

**पहेली 1** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।

- पुलिस स्टेशन का भ्रमण कराएँ या पुलिस अधिकारी को विद्यालय बुलाएँ।
- पुलिस का उनके योगदान के लिए धन्यवाद करने के लिए कहें।

**चर्चा:** पुलिस हमारी कैसे मदद करती है? उनके पास क्या-क्या होता है?

- पुलिस अधिकारी को बच्चों के साथ बात करने का मौका दें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: डाकिया दीदी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।

क्या आपने कभी चिट्ठी लिखी हैं?

- सभी बच्चों से एक-दूसरे के लिए चिट्ठियाँ लिखवाएँ।
- एक बच्चे को डाकिया बनाएँ।
- सारी चिट्ठियाँ दें और बँटवाएँ।
- इसी तरह बच्चों से उनके परिवार के सदस्यों के लिए भी चिट्ठियाँ लिखवाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




बिग बुक/पोस्टर्स में दृश्य शब्दों को बताएंगे

### दृश्य शब्दों की पहचान

- **दिवस 2** (पृ. 75) को दीवार पर चिपकाएँ, शब्द कार्ड को दिखाएँ और पढ़ें।

कहानी **दाँत का दर्द (बिग बुक)** से चित्र दिखाकर वस्तुओं का नाम पूछें।

बच्चों को वस्तु के शब्द-कार्ड को उँगली से दिखाने को बोलें।

- सबको वस्तु और शब्द कार्ड पहचानने का मौका दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तु (1-8) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

### गिनो और पहचानो (1-8)

- **दिवस 1** (पृ. 74) की गतिविधि का दोहराएँ।

**समूह कार्य (4 समूह):**

- सबको बड़े बटन, संख्या कार्ड और नाम कार्ड दें।

1-8 का अंक बोलें।

- बच्चे उतने बटन, संख्या कार्ड और नाम कार्ड दिखाएंगे।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : पहचानो कौन- दूध वाला (भाग-3)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : गहरी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2 : ब्लॉक छँटाई (रंग)** (पृ. 164)

इकाई 5
दिवस 4
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज, रंग और पेंसिल
- ☐ कूदने वाली रस्सी

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविता: किसान क्या-क्या करता** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

## आस-पास के सहयोगी (अध्यापक)

- **पहेली 2** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- शिक्षक को बुलाएँ। उन्हें अपने कार्य के बारे में बताने के लिए कहें।
- **चर्चा :** विद्यालय के भाग।
- विद्यालय में शिक्षक क्या-क्या करते हैं?
- विद्यालय के लिए शिक्षक क्यों जरूरी है?
- शिक्षक का धन्यवाद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानी: डाकिया दीदी (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी का नाम क्या था?
- क्या आपने कभी डाकिया को देखा है?
- डाकिया क्या करती / करता है?
- क्या कभी डाकिया ने आपको चिट्ठी दी है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




सीखे शब्दों से चित्र का वर्णन करेंगे

## चित्र बनाएँ और बताएँ

- शिक्षक, पुलिस, डॉक्टर पर चर्चा करें।
- बच्चों को सफेद कागज, पेंसिल और रंग देकर इनमें से किसी एक का चित्र बनाने के लिए कहें।
- आपने किसका चित्र बनाया है?
- आपने इनका चित्र क्यों बनाया है?
- ये क्या काम करते हैं?

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




8 के संख्या प्रतीक को लिखेंगे

## आओ अंक सीखें (8)

- **कदम** (पृ. 43) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य : पहचानो कौन- पुलिस अधिकारी (भाग-1)** (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : रस्सी को फाँदना** (पृ. 164) |

इकाई 5
दिवस 5
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक: 'दाँत का दर्द'
- ☐ अलग-अलग सहयोगियों (पुलिस, डॉक्टर, धोबी, लुहार, शिक्षक के चित्र कार्ड)
- ☐ 25-30 ब्लॉक्स
- ☐ कूदने वाली रस्सी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए** (पृ. 163) **\| कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (डॉक्टर)

- **पहेली 3** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- डॉक्टर को बुलाएँ। अपने कार्य के बारे में बताने के लिए कहें। डॉक्टर का धन्यवाद दें।
- **चर्चा:** डॉक्टर हमारी मदद कैसे करते हैं?

## कहानी का समय : 30 मिनट




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: दाँत का दर्द (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर पूछें:
- चित्र में कौन दिख रहा है?
- चित्र में क्या हो रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कहानी में क्या हो रहा होगा?
- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




बातचीत में सीखे शब्दों का प्रयोग करेंगे

### सीखे गए शब्दों का अभ्यास

- सहयोगियों (पुलिस, डॉक्टर, धोबी, लुहार, शिक्षक) के चित्र-कार्ड दिखाकर चर्चा करें, उनका नाम और उनके काम।

**समूह कार्य (4 समूह)**

- एक बच्चे को बुलाकर एक चित्र-कार्ड उठाने के लिए कहें।
- अपने समूह में उस चित्र-कार्ड को देखकर बच्चे सहायक के नाम, काम के बारे में बोलेंगे।
- सभी बच्चों को पूरे वाक्यों में बोलने को उत्साहित करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




गिनकर (9) अधिक-कम की तुलना करेंगे

### अधिक-कम (गणनीय 1-8)

- कम-अधिक समझाएँ।
- दो और चार ब्लॉक्स के दो टावर बनाएँ।
- ऊँचा टावर दिखाएँ।
- यह ऊँचा है। इसमें अधिक ब्लॉक्स हैं।

**समूह कार्य (दो की जोड़ी) :**

- दो अंक (1-8) बोलें। उतने ब्लॉक्स के दो टावर बनाने के लिए कहें।
- कौन-सा टावर ऊँचा है?
- किसमें कम ब्लॉक्स हैं?

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : पहचानो कौन- पुलिस अधिकारी (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : रस्सी को फाँदना** (पृ. 164) |

| हमारे सहयोगी<br> | इकाई 5<br>दिवस 6<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ 1-8 तक के अंक संख्या-कार्ड और नाम-कार्ड<br>☐ सफेद कागज, रंग, पेंसिल<br>☐ 2 रंग के समान आकृति वाले ब्लॉक्स, बटन | इकाई 5<br>दिवस 12<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ बिग बुक : 'दांत का दर्द'<br>☐ सफेद कागज, रंग, पेंसिल, क्रेयॉन्स<br>☐ रंग के समान आकार वाले ब्लॉक्स |
|---|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: किसान क्या-क्या करता (पृ. 163)<br>कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163)<br>कार्य: कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकास: 30 मिनट | **सामुदायिक सहयोगी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे**<br>**रास्ता पहचानें (आस-पास के सहयोगी)**<br>• **चहक 3** (पृ. 52) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें। | **सामुदायिक सहयोगी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे**<br>**सहयोगियों को जानें**<br>• **चहक 3** (पृ. 54) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : डाकिया दीदी** (पृ. 163)<br>• **दिवस 4** (पृ. 77) की गतिविधि दोहराएँ। | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : दाँत का दर्द (बिग बुक)**<br>• **दिवस 9** (पृ. 82) की गतिविधि दोहराएँ। |
| ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट | **समान ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द बताएंगे**<br>**समान ध्वनि वाले शब्द**<br>• **दिवस 1** (पृ. 74) की गतिविधि दोहराएँ। | **सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे**<br>**रेखाएँ खींचें**<br>• **चहक 3** (पृ. 55) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | **वस्तु (1-8) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे**<br>**गिनो और मिलाओ (1-8)**<br>• **दिवस 3** (पृ. 76) की गतिविधि दोहराएँ। | **वस्तु (1-8) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे**<br>**गिनें और मिलाएँ**<br>• **कदम** (पृ. 46) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।<br>• आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य 1 : मनपसंद चित्र बनाओ (पृ. 164)<br>कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 48) | कार्य 1 : मनपसंद चित्र बनाओ (पृ. 164)<br>कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 49) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2: ब्लॉक छँटाई (रंग) (पृ. 164) | कार्य 1: गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2: ब्लॉक छँटाई (रंग) (पृ. 164) |

इकाई 5
दिवस 7
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक: दाँत का दर्द
- ☐ सहयोगियों के चित्र कार्ड
- ☐ कूदने वाली रस्सी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

## आस-पास के सहयोगी (माली)

- **पहेली 4** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- माली क्या काम करते हैं?
- वह हमारी कैसे मदद करते हैं?
- सभी को पास के बगीचे में ले जाएँ।
- माली उपलब्ध हो तो उनसे बात कराएँ।
- **चर्चा :** माली पौधों की देखभाल कैसे करते हैं?
- उनके सहायक उपकरण क्या-क्या हैं?
- माली न हो तो क्या होगा?

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: दाँत का दर्द (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- मोनू कहानी की शुरुआत में क्यों रो रहा था?
- मोनू किसके पास गया?
- कहानी के अंत में मोनू ने क्या किया?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




परिचित विषयों पर उचित शब्दों का उपयोग करेंगे

## हमारे सहयोगी

- एक बच्चे को एक सहयोगी का चित्र कार्ड दिखाएँ।
- बिना बताए रोल प्ले करने के लिए कहें।
- बाकी बच्चे अनुमान लगाएंगे।
- सही उत्तर मिलने पर उस सहयोगी पर दो-तीन वाक्य बोलने के लिए कहें।
- परिचित विषयों द्वारा शब्दों का प्रयोग करने में सहायता करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




गिनकर (9) अधिक-कम की तुलना करेंगे

## आओ तुलना करें (अधिक-कम) (गणनीय 1-8)

- **कदम 3** (पृ. 44) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : पहचानो कौन- पुलिस अधिकारी (भाग-3)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : रस्सी को फाँदना** (पृ. 164) |

इकाई 5
दिवस 8
DD/MM

## हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ लकड़ी का सामान
- ☐ बिग बुक: दाँत का दर्द
- ☐ 'त' और अन्य वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों की वस्तुएँ/चित्र-कार्ड (तकिया, तरबूज, तवा, तराजू)
- ☐ पेंसिल, रंग (पैटर्न बनाने के लिए)

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (बढ़ई)

- **पहेली 5** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- **चर्चा:** कमरे में लकड़ी का सामान दिखाकर बढ़ई के काम और औजारों पर चर्चा।

**समूह कार्य (4 समूह):**

- हर समूह को लकड़ी से सामान बनाने का अभिनय करने के लिए कहें।
- अगर बढ़ई न हो तो क्या होगा?

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: दाँत का दर्द (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी का क्या नाम था?
- क्या कभी आपके दाँत में दर्द हुआ है?
- क्या आप कभी दाँत के डॉक्टर के पास गए हैं?
- उन्होंने आपको किस तरह के सुझाव दिए?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों में पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान (त)

- 'त' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'तरबूज'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'त' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद जाएगी, उसे 'त' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




10-1 तक की उल्टी गिनती गिनेंगे

### उल्टी गिनती (10-1)

- दस वस्तुएँ क्रम से रखें।
- बच्चों को 1-10 तक गिनते हुए एक से दूसरी वस्तु पर कूदने के लिए कहें।
- उल्टी गिनती, 10-1 सिखाएँ। उल्टी गिनती बोलते हुए वापस कूदने के लिए कहें।
- उल्टी गिनती बोलने में बच्चों की मदद करें।
- **कविता उल्टी गिनती 10 से 1** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : पैटर्न बनाएँ (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : गुंजन** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : अपनी जगह पर कूदना** (पृ. 164) |

इकाई 5
दिवस 9
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ मिट्टी से बने हुए 5-6 सामान
- ☐ बिग बुक: दाँत का दर्द
- ☐ 'त' और अन्य वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों की वस्तुएँ/चित्र-कार्ड (तरबूज, तकिया, जूता, रथ), वर्ण कार्ड: 'त'
- ☐ पाँच जोड़ी वाली वस्तुएँ (जूते, मोजे, चप्पल)
- ☐ शार्पनर, रबर (पैटर्न बनाने के लिए)

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: हमको साफ बनाओ** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (कुम्हार)

- **पहेली 6** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- **चर्चा:** मिट्टी का सामान दिखाकर कुम्हार के काम और सहायक उपकरण पर चर्चा। यह सामान हमारे क्या काम आते हैं?

**समूह कार्य (4 समूह ):**

- हर समूह को मिट्टी का सामान बनाने का अभिनय करने के लिए कहें।
- **चर्चा:** मिट्टी का सामान दिखाकर पूछें, क्या बनाया और किस काम आता है?

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: दाँत का दर्द (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- मोनू को दाँत में क्या हुआ था? क्या मोनू की तरह आपको भी मीठी चीजें खानी पसंद है?
- बच्चों के साथ मीठी चीजें
- नियंत्रित रूप से खाने पर और दिन में दो बार दाँत साफ़ करने पर चर्चा करें।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'त'

- 'त' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे- तराजू और टमाटर।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'त' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




2 अंक छोड़कर गिनती करेंगे

### एक छोड़ गिनो (10 तक)

- 5 जोड़ी मोजे/जूते/चप्पल रखें। बच्चों को गिनने के लिए कहें।
- जैसे 1, 2, 3, ...10।
- यह दो जूते एक साथ हैं। इनको जोड़ी कहते हैं।
- जोड़ी गिनने के लिए कहें।
- 1 मन में बोलेंगे और 2 जोर से, 3 मन में और 4 जोर से। ऐसे 10 तक गिनवाएँ।
- कविता **दो छोड़कर गिनते हैं** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : पैटर्न बनाएँ (भाग-2)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1 : गुंजन** (पृ. 164) | **कार्य 2 : स्टूल से कूदना** (पृ. 164)

इकाई 5
दिवस 10
DD/MM

# हमारे सहयोगी

☑ तैयारी और सामग्री

☐ वर्ण कार्ड: 'द', गेंद

☐ छोटी टहनियाँ और पत्तियाँ (पैटर्न बनाने के लिए)

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: हमको साफ बनाओ (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (धोबी)

- **पहेली 7** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- **चर्चा:** धोबी के काम और सहायक उपकरणों पर चर्चा। वे हमारी मदद कैसे करते हैं?
- कविता **धोबी आया, धोबी आया** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।

**समूह कार्य:**
- बच्चों से धोबी का अभिनय करने के लिए कहें। जैसे, कपड़े गिनना।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: जूतों के डॉक्टर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ था?
- रमन जूता ठीक कराने सबसे पहले किसके पास गया?
- क्या हमारे जूते, डॉक्टर या दर्जी ठीक कर सकते हैं?
- अस्पताल में डॉक्टर ने रमन से क्या कहा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों में पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान (द)

- 'द' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'दरवाजा'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'द' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**
- जिसके पास गेंद जाएगी, उसे 'द' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




रंगों को आस-पास की वस्तुओं में पहचानेंगे

### टिपि-टिपि, टैप-टैप

**टिपि-टिपि, टैप-टैप खेल:**
- एक रंग का नाम बोलें। बच्चे उस रंग की वस्तु को छूकर दिखाएँगे।
- टिपि-टिपि, टैप-टैप, आओ ढूँढ़ें रंग। चलो ढूँढो.... (रंग का नाम)।
- बच्चों को रंग की वस्तुएं ढूँढने का समय दें।
- 6-7 बार अलग-अलग रंगों से गतिविधि करवाएँ।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : पैटर्न बनाएँ (भाग-3) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गुंजन (पृ. 164) \| कार्य 2 : स्टूल से कूदना (पृ. 164) |

इकाई 5
दिवस 11
DD/MM

# हमारे सहयोगी

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज और रंग
- ☐ 'द' वर्ण एवं अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु
- ☐ 25-30 तीन अलग रंग के बड़े बटन
- ☐ ब्लॉक्स

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: हमको साफ बनाओ** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (मोची)

- **पहेली 8** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- **चर्चा:** मोची के काम और औज़ारों पर चर्चा। वे हमारी मदद कैसे करते हैं?

**समूह कार्य:**
- कागज और रंग दें।
- अपनी पसंद के जूते बनाकर रंग भरने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: जूतों के डॉक्टर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- रमन के जूतों को क्या हुआ था?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- दर्जी ने रमन से क्या कहा?
- क्या हमारे जूते डॉक्टर या दर्जी ठीक कर सकतें है? क्यों?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों में पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'द'

- 'द' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे- दरवाजा और डलिया।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'द' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तुओं, आवाजों और क्रियाकलापों में पैटर्न को पहचानेंगे

### पैटर्न पहचान (ABBC, ABBCC)

- ताली, थपकी और चुटकी से ABBC और ABBCC पैटर्न बताएँ।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- एक ही आकार के तीन अलग-अलग रंग की वस्तुओं से ABBC, ABBCC पैटर्न बनाकर समझाएँ।

**समूह कार्य (3 समूह):**
- प्रत्येक समूह को तीन अलग-अलग रंग के बटन दें। पैटर्न बनाने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : पहचानो कौन - डॉक्टर (चहक-3 पृ. 53)** |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : ब्लॉक छँटाई (आकृति)** (पृ. 164) |

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 79 पर देखें।

इकाई 5
दिवस 13
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**
- ☐ गेंद
- ☐ 3 रंग की पट्टियाँ, चार्टपेपर
- ☐ एक आकार और 2 रंग के ब्लॉक्स

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: हमको साफ बनाओ (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### आस-पास के सहयोगी (रसोईया)

- **पहेली 9** (पृ. 163) बोलें। उत्तर बूझने के लिए कहें।
- **चर्चा:** रसोईया का काम और सहायक उपकरण। वह हमारी कैसे मदद करते हैं?

**मेरी पसंद का भोजन:**
- गाना गाएँ- "मैं रसोइये के पास जाती हूँ। ........ (भोजन का नाम) खाती हूँ।
- बच्चों को अपनी पसंद का भोजन गाकर बताने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: जूतों के डॉक्टर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन से सामाजिक सहायक थे?
- रमन ने मोची को जूतों का डॉक्टर क्यों कहा?
- क्या आप मोची, डॉक्टर और दर्जी से मिले हैं?
- बच्चों से कहानी के तीनों सहयोगियों से संबंधित परिस्थितियों पर चर्चा करें।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान 'न'

- 'न' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'नल'।
- पहली ध्वनि बताएँ।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- 'न' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**
- एक बच्चे को गेंद पास करें।
- बच्चे को 'न' से शुरू होने वाला एक शब्द बताने के लिए कहें।
- सभी बच्चों को मौका दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट





वस्तुओं, आवाजों और क्रियाकलापों में पैटर्न को पहचानेंगे

### पैटर्न पहचानें (ABBC)

- तीन अलग-अलग रंग की पट्टियाँ लें।
- चार्ट पेपर पर ABBC पैटर्न बनाएँ।
- चित्र को दिखाते हुए पैटर्न समझाएँ।
- **कदम** (पृ. 45) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : पहचानो कौन - डॉक्टर (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : ब्लॉक छँटाई (आकृति) (पृ. 164)

इकाई 5
दिवस 14
DD/MM

## हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'न' और अन्य वर्ण से शुरू होने वाले
- ☐ शब्दों की वस्तुएँ/चित्र-कार्ड (नल, नमक, नदी, नथ, टमाटर, तराज़ू)
- ☐ गेंद, दूर-पास और आगे-पीछे के शब्द कार्ड
- ☐ एक आकार और 2 रंग के ब्लॉक्स

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: गोल, तिकोन, चार कोण** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### बाजार की सैर (भाग-1)

- सभी को आस-पास के किसी बाजार में ले जाएँ।
- उन्हें मददगारों से मिलवाएँ।
- उनसे बात करने के लिए कहें।
- बातचीत करने में उनकी मदद करें।
- उनको उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देने के लिए प्रोत्साहित करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: जूतों के डॉक्टर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आपको बारिश कैसी लगती है?
- क्या आप भी रमन की तरह बारिश से जमे पानी में कूदते हैं?
- क्या जूतों को जुकाम लग सकता था?
- क्या जूतों की जगह रमन को भी जुकाम लग सकता था?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'न'

- 'न' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ, जैसे- नल और तराज़ू।
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'न' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तु की स्थिति के अनुसार उसकी तुलना करेंगे

### दूर-पास, आगे-पीछे

- सहयोगियों के चित्र कार्ड दिखाएँ।
- उनके नाम और काम पर चर्चा करें।

**समूह कार्य (4 समूह):**

- समूह से 3 बच्चों को पंक्ति में खड़ा करें। आगे-पीछे की स्थिति समझाएँ।
- दोनों गतिविधियों को वस्तुओं के माध्यम से दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 47) पर दी गई गतिविधि करवाएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : चित्र के साथ वर्ण जोड़ो (चहक-3** पृ. 57-58) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : ब्लॉक छँटाई (आकृति)** (पृ. 164) |

इकाई 5

दिवस 15

DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज और रंग
- ☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही
- ☐ 'त', 'द', 'न' वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र कार्ड, वर्ण कार्ड
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए वस्तुएँ
- ☐ चॉक

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: गोल, तिकोन, चार कोण** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सामुदायिक सहयोगी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को पहचानेंगे

### बाजार की सैर (भाग-2)

- **चर्चा:** पिछले दिन उन्होंने बाजार में क्या-क्या देखा? सहयोगियों से क्या-क्या बातचीत की?
- सभी को सफेद कागज और रंग दें। कहें उन्होंने कल जो बाजार में देखा, उसे कागज पर बनाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर पूछें:
- चित्र में कौन दिख रहा है?
- चित्र में क्या हो रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

### वर्ण के प्रतीक को पहचानना 'त', 'द', 'न'

- 'त, द, न' वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। जैसे- तकिया, दर्जी, नथ।
- 'त' ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तुओं/चित्र कार्ड का नाम बताने के लिए कहें।
- 'त' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'त' लिखें।
- 'त' को ऐसे लिखते हैं।
- **चहक 3** (पृ. 56) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




आकार, लम्बाई, ऊँचाई और भार के आधार पर वस्तुओं की तुलना करेंगे

### तुलना करो (बड़ा-छोटा, लम्बा-छोटा, ऊँचा-छोटा, हल्का-भारी)

- सभी वस्तुओं को बीच में रखें।
- एक-एक करके बच्चों को बुलाएँ।
- एक आधार जैसे एक बड़ी और एक छोटी वस्तु निकालने के लिए कहें।
- वस्तुओं का आधार बताने के लिए कहें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : पैटर्न बनाएँ (भाग-4)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : वर्ग में कूदो (कदम** पृ. 48) |

इकाई 5
दिवस 16
DD/MM

# हमारे सहयोगी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ उपयोग में आने वाली वस्तुएँ/चित्रों को बीच में रखें (चॉक, डस्टर, टॉर्च, करछी, डंडा)
- ☐ वर्ण कार्ड: 'त', 'द', 'न'
- ☐ स्पर्श के लिए वस्तुएँ: पत्थर का टुकड़ा, फोम, पत्ता, टहनी, शब्द कार्ड : 'मुलायम', 'खुरदुरा', 'चिकना'
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए पत्तियाँ, कंकड़ और छोटी टहनियाँ; चॉक

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: गोल, तिकोन, चार कोण (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सहयोगियों के उपकरण और काम के स्थानों की पहचान करेंगे

### काल्पनिक खेल

- सहयोगियों के सहायक उपकरण/ उपयोग में आने वाली वस्तुएँ को बीच में रखें। जैसे- चॉक, डस्टर, टोर्च, करची, डंडा।
- एक-एक कर बच्चों को बुलाएँ।
- एक वस्तु उठाकर उसके उपयोग का अभिनय करके के लिए कहें।
- सभी बच्चों को अभिनय करने का मौका दें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी अपने शब्दों में दोहराएँ।
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- गगन ने खिलौने कहाँ छोड़ दिए थे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

### वर्ण लिखना : 'त', 'द', 'न'

- 'त' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'त' लिखें।
- 'त' को ऐसे लिखते हैं।
- बच्चों को उँगली से जमीन पर और हवा में 'त' लिखने का अभ्यास करवाएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में):**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'त' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- नोटबुक/कागज में लिखने का अभ्यास करवाएँ। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




स्पर्श के आधार पर चीजों को अलग-अलग कर पाएंगे और मिलाएंगे

### तुलना करो (स्पर्श के आधार पर)

- दो कोनों में स्पर्श के आधार पर वस्तुएँ रखें।
- पहले कोने में चिकना-खुरदुरा, दूसरे में कठोर-मुलायम वस्तुएँ रखें।

**समूह कार्य (3 का समूह) :**

- प्रत्येक समूह को एक कोने में जाकर स्पर्श के आधार पर वस्तुएँ अलग करने के लिए कहें।
- 5 मिनट बाद समूह को अगले कोने में जाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य 1 : पैटर्न बनाएँ (भाग-5) (पृ. 164) | कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 51)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1 : पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2 : वर्ग में कूदो (पृ. 164)

इकाई 5
दिवस 17
DD/MM

# हमारे सहयोगी

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ सभी बच्चों के लिए कागज और रंग
- ☐ बिग बुक: गगन की लापरवाही
- ☐ 'त', 'द', 'न' से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र, वर्ण कार्ड
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए पत्तियाँ, कंकड़ और छोटी टहनियाँ; चॉक

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: किसान क्या-क्या करता** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




सहयोगियों को आभार व्यक्त करेंगे

## सहयोगियों को आभार

- सभी बच्चों को कागज और कुछ रंग दें।
- अपने पसंद के सहयोगी के लिए धन्यवाद कार्ड बनाने के लिए कहें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- गगन क्यों खिलौने जगह पर नहीं रखता था?
- क्या आप अपने खिलौने जगह पर रखते हैं?
- खिलौनों से खेलने के बाद उन्हें उनकी जगह पर क्यों रखना चाहिए?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

## परिचित वर्ण : 'त', 'द', 'न'

- 'त', 'द', 'न' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। जैसे- तबला, दरी, नदी।
- 'त', 'द', और 'न' के वर्ण-कार्ड दें। वस्तुओं/चित्र कार्ड को वर्ण कार्ड से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 59) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तु (1-8) गिनकर संख्या व नाम से मिलाएंगे

## गिनो और मिलाओ (1-8)

- **कदम** (पृ. 49) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : पैटर्न बनाएँ (भाग-6)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : पेट से साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : वर्ग में कूदो** (पृ. 164) |

# इकाई आकलन

इकाई 5
दिवस 18
DD/MM

## हमारे सहयोगी

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ सफेद कागज, रंग, पेंसिल, क्रेयॉन
- ☐ 2 रंग के समान आकार वाले ब्लॉक्स
- ☐ 'ल', 'म', 'क', 'र' की वस्तुओं के चित्र कार्ड
- ☐ बड़े बटन और संख्या कार्ड
- ☐ अलग आकार के ब्लॉक सेट एक ही रंग में

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविता: गोल, तिकोन, चार कोण** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

### सामुदायिक सहायकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को पहचानकर बताएंगे

**हमारे सहयोगी**

- इकाई में परिचित सभी सहयोगियों के कार्यों का दोहराव करें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

### चार से पाँच परिचित दोहराए गए शब्दों को पहचानकर इंगित करेंगे

**दृश्य शब्दों की पहचान**

- सबके नाम का कार्ड बनाकर सामने रखें।
- एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- अपना नाम का कार्ड पहचानने के लिए कहें।
- कहानी दाँत का दर्द (बिग-बुक) से चित्र दिखाएँ।
- एक शब्द-कार्ड उठाएँ।
- कहें: इस शब्द-कार्ड के चित्र को उँगली से दिखाएँ।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।







☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है ☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

### 8 तक वस्तुओं को गिनेंगे और अंकों से मिलान करेंगे

**गिनो और मिलाओ (1-8)**

- बच्चों को क्रम से बुलाएँ।
- कुछ बड़े बटन दें। कोई एक संख्या बोलें।
- बच्चों को उतने बटन और संख्या कार्ड दिखाने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।







☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है ☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य 1: मनपसंद चित्र बनाओ** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। \| **कार्य 2: कलांकुर** (पृ. 53) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **आकलन: ब्लॉक छँटाई (आकृति)** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



N7S3W6

# 6. यातायात के साधन

परिवहन के साधनों को पहचानना, अंतर करना और यातायात के नियमों एवं सड़क सुरक्षा को समझना

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- विभिन्न वाहनों (भूमि, जल और हवा में चलने वाले) को पहचानेंगे और नाम बताएंगे *
- भूमि, जल और हवा में चलने वाले वाहनों मे अंतर को बताएंगे *
- ट्रैफिक लाइट / जेब्रा क्रॉसिंग की संरचना, यातायात के नियम और उपयोग को समझेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- दृश्य और समान आवाज से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानेंगे *
- चित्र बनाकर और वस्तुओं का अपने शब्दों और एक वाक्य मे वर्णन करेंगे
- वर्ण प्रतीक 'प', 'ब', 'म' को पहचानेंगे और स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे
- शब्द की पहली ध्वनि पहचानेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- 1-9 तक के संख्या प्रतीक और नाम से मिलान करेंगे और लिख पाएंगे
- 1-5 तक के क्रमसूचक संख्या को उसकी स्थिति के अनुसार बताएंगे
- अधिक-कम (गणनीय) (1-7) की अवधारणा को ठोस वस्तुओं से समझेंगे
- 1, 2, 5, 10 के सिक्के / नोट (भारतीय मुद्रा) को पहचानेंगे
- वस्तुओं के अलग-अलग उपयोग को समझेंगे *

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- शरीर के अंगों से अलग-अलग ध्वनि निकालेंगे
- तेज और धीमी आवाज को पहचानेंगे *
- कला कार्य करते समय बताए गए चित्र के भौतिक गुणों पर ध्यान देंगे
- स्थान, संदर्भ और स्थिति के आधार पर वॉल्यूम और पिच पर नियंत्रण करेंगे
- कला सामग्री और औजारों को सही ढंग से उपयोग करेंगे

**शारीरिक विकास**

- जोर से साँस लेंगे और छोड़ेंगे *
- मदद के माध्यम से माँसपेशियों के उपयोग से किसी कार्य को पूरा करेंगे
- साँस पर नियंत्रण करेंगे *

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 6
दिवस 1
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- एक ही आकार और रंग के 9 रंग, 9 संख्या-कार्ड, संख्या नाम कार्ड, 25-30 बड़े बटन, रंग, ब्लॉक
- ब्लॉक्स

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: मेरी प्यारी साइकिल (पृ. 163) | कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

### सड़क पर चलने वाले वाहन

- बच्चों को स्कूल के बाहर सड़क पर चलते हुए वाहन दिखाएँ और उनके नाम पूछें।
- इनको वाहन कहते हैं।
- **चहक 3** (पृ. 60) पर चर्चा करें।

**समूह कार्य (4 के समूह):**

- बच्चों को एक के पीछे एक खड़ा करें।
- 'बस चली' पर सभी मेरे पीछे-पीछे चलना शुरू करेंगे।
- 'बस रुकी' पर सभी रुक जाएँगे।
- बच्चों के साथ खेलें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: चकमक का ऑटो (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में बच्चे का क्या नाम था?
- क्या आप बच्चे को कोई नाम देना चाहेंगे?
- कहानी का नाम चकमक ऑटो क्यों है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




समान आवाजों से शुरू होने वाले शब्द को पहचानेंगे

### समान आवाज वाले शब्द

- 'बबलू बस में बैठा' (वाक्य दो बार दोहराएँ)। हर शब्द पर ताली बजाने के लिए कहें।
- इस वाक्य में कौन-सी आवाज अधिक सुनाई दे रही है?
- इसमें 'ब' की ध्वनि सुनाई दे रही है। ब-बबलू, ब-बस, ब-बैठा।
- इन्हें समान आवाज वाले शब्द बोलते हैं।
- अन्य उदाहरण देकर दोहराएँ, जैसे- बाजा बजाता बबलू।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तुओं (1-9) को गिनकर संख्या के प्रतीक व नाम से मिलाएंगे

### अंकों को जानें (9)

- एक ही आकार और रंग के 9 क्रेयॉन लें। गिनते हुए एक-एक क्रेयॉन सामने रखें।
- यह '9' क्रेयॉन हैं। संख्या कार्ड, संख्या नाम कार्ड दिखाकर '9' बताएँ।

**समूह कार्य (3 के समूह):**

- बच्चों को 9 क्रेयॉन, बड़े बटन, ब्लॉक और संख्या कार्ड, संख्या नाम कार्ड रखकर दिखाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : आवाजों से पैटर्न (भाग-1) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1: फूल सूँघो (पृ. 164) | कार्य 2: ब्लॉक्स का खेल (भाग-1) (पृ. 164)

इकाई 6
दिवस 2
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज, रंग-बिरंगे कागज, गोंद
- ☐ अलग प्रकार के वाहन के चित्र कार्ड और शब्द कार्ड
- ☐ 9 के संख्या कार्ड, संख्या नाम कार्ड
- ☐ ब्लॉक्स

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: मेरी प्यारी साइकिल** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




विभिन्न वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

## सड़क पर चलने वाले वाहन

- **कविता: मेरी नीले रंग की कार** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ दोहराएँ।
- **दिवस 1** (पृ. 92) की गतिविधि को दोहराएँ।
- कागज पर रंग-बिरंगे कागज चिपकाकर कार बनाकर दिखाएँ।
- सभी बच्चों को कागज दें।
- उन्हें कार बनाने के लिए कहें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: चकमक का ऑटो (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में चकमक किसका नाम था?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- बच्चे के परिवार में कौन-कौन था?
- **चर्चा:** अलग-अलग तरह के परिवारों के बारे में।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




आस-पास की वस्तुओं के नाम के लेबल को दृश्य शब्दों के रूप में पहचानेंगे

## दृश्य शब्दों की पहचान (लेबल)

- एक वाहन का चित्र कार्ड दिखाएँ।
- यह क्या है?
- सभी बच्चों से उत्तर लें। शब्द कार्ड दिखाएँ।
- इसको ऐसे लिखा जाता है। शब्द-कार्ड को चित्र-कार्ड के साथ रख दें।
- सभी चित्र-कार्ड के साथ गतिविधि दोहराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




9 तक वस्तुओं को गिनेंगे और अंकों से मिलान करेंगे

## अंकों को पहचानें (9)

- **दिवस 1** (पृ. 92) की गतिविधि को चित्रों के माध्यम से दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 50) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : आवाजों से पैटर्न (भाग-2)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: फूल सूँघो** (पृ. 164) | **कार्य 2: ब्लॉक्स का खेल (भाग-2)** (पृ. 164)

इकाई 6
दिवस 3
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज, पेंसिल और रंग
- ☐ पैटर्न बनाने के लिए वस्तुएँ
- ☐ ब्लॉक / मोती / बटन, 1-9 संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: मेरी प्यारी साइकिल** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

### जमीन पर चलने वाले वाहन - 2

- कौन-से वाहन में ज्यादा लोग बैठ सकते हैं?
- **चर्चा:** ट्रेन कहाँ चलती है? कैसे चलती है? पहिए कैसे होते हैं? चलते समय कैसी आवाज आती है?
- फर्श पर पटरी बनाएँ। बच्चों को ट्रेन की तरह खड़ा करें।
- यह पटरी है। हम रेल चलाएँगे।
- बच्चों से ट्रेन की आवाज निकालते हुए पटरी पर चलने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

### कहानी: चकमक का ऑटो (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी में कौन-से वाहन की बात हो रही थी?
- क्या आप कभी ऑटो में बैठे हैं?
- ऑटो से आप कहाँ गए थे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




चित्र को स्पष्ट रूप से बनाएंगे और अपने शब्दों में चित्र का उद्देश्य व्यक्त करेंगे

### चित्र बनाएँ और बताएँ

- बच्चों को सफेद कागज, पेंसिल और रंग दें।
- अपने पसंदीदा वाहन का चित्र बनाएँ।
- आपने किस वाहन का चित्र बनाया?
- आपको ये वाहन क्यों पसंद हैं और इसकी विशेषताएँ बताइए?

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




9 तक वस्तुओं को गिनेंगे और अंकों से मिलान करेंगे

### गिनो और मिलाओ (1-9)

**समूह कार्य (3 का समूह):**

- हर समूह को कुछ बटन, 1 से 9 तक के संख्या-कार्ड और नाम-कार्ड दें।
- कोई अंक बोलें।
- हर समूह उतने बटन, उसका संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड रखकर दिखाएगा।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : आवाजों से पैटर्न (भाग-3)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: फूल सूँघो** (पृ. 164) | **कार्य 2: ब्लॉक्स का खेल (भाग-1)** (पृ. 164)

इकाई 6
दिवस 4
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ वाहनों का चित्र कार्ड
- ☐ रस्सी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: मेरी प्यारी साइकिल** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पशुओं और ईंधन से चलने वाले वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

## बिना ईंधन के चलने वाले वाहन

- ऐसे कौन-से वाहन हैं, जो जानवर या मनुष्य खींचते हैं? (साइकिल, साइकिल रिक्शा, बैलगाड़ी, घोड़ागाड़ी)
- **चर्चा:** बिना ईंधन के वाहनों के बारे में।
- यह कैसे चलते हैं?
- इनको चलाने की ऊर्जा कैसे आती है?
- क्या इसमें इंजन होता है?
- इंजन/ईंधन से चलने वाले वाहन कौन-से होते हैं?

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानी : चकमक का ऑटो (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आपको बारिश कैसी लगती है?
- क्या आपको कभी बारिश में भीगता हुआ जानवर दिखा है?
- बारिश से बचने के लिए हम अपने घर आ जाते हैं, जानवर कहाँ जाते होंगे?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों का प्रयोग करके अनुभवों और वस्तुओं का वर्णन कर पाएंगे

## विस्तृत शब्द

- ये कौन-सा वाहन है? (वाहन के चित्र-कार्ड दिखाकर पहचान करवाएँ)

**समूह कार्य (जोड़ियों में):**

- एक चित्र कार्ड उठाइए।
- वाहन की विशेषताएँ बताइए।
- वाहन का नाम, रंग, पहिए, कहाँ चलता है, कितनी सवारी ले जा सकता है?
- सभी जोड़ी को मौका दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

अंक लिखे

9 ________
9 ________
9 ________



अंक '9' के संख्या प्रतीक को लिखेंगे

## आओ अंक सीखें (9)

- **कदम** (पृ. 51) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : ताली, चुटकी, थपकी** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: फूँक मारो** (पृ. 164) | **कार्य 2: रस्सी के नीचे चलना** (पृ. 164)

इकाई 6
दिवस 5
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ अलग प्रकार वाहन के चित्र कार्ड
- ☐ बिग बुक : चिड़िया और चींटी
- ☐ कुर्सी, दो गेंद, ऊपर-नीचे का शब्द कार्ड
- ☐ रस्सी

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




सड़क पर चलने वाले वाहन का उपयोग बताएंगे

### सड़क पर चलने वाले वाहनों के उपयोग

- चित्र-कार्ड से वाहनों का दोहराव करें।
- **चर्चा:** वाहन हमारे लिए कैसे सहायक हैं? क्या उनका केवल यात्रा के लिए उपयोग किया जाता है?
- सामान ढोने वाले कौन-कौन से वाहन होते हैं?
- बच्चों को अपनी पसंद के वाहन की आवाज और वाहन के चलने का अभिनय करने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी : चिड़िया और चींटी (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर दिए गए प्रश्न पूछें :
- चित्र में क्या-क्या दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ और किताब के चित्र दिखाकर चर्चा करें।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान 'प'

- 'प' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'पतंग'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'प' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'प' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




ऊपर-नीचे को समझ पाएंगे

### ऊपर-नीचे पहचानें

- दो गेंद लें। एक कुर्सी के ऊपर रखें और एक कुर्सी के नीचे रखें।
- ऊपर और नीचे का शब्द कार्ड दिखाते हुए ऊपर-नीचे की अवधारणा स्पष्ट करें।
- **कदम** (पृ. 53) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : **Wheels on the Bus** (चहक 3 पृ. 63) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: फूँक मारो (पृ. 164) \| कार्य 2: रस्सी के नीचे चलना (पृ. 164) |

## यातायात के साधन



| | इकाई 6<br>दिवस 6<br>DD/MM | इकाई 6<br>दिवस 12<br>DD/MM |
|---|---|---|
| | ☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ अलग-अलग रंग की वस्तुएँ<br>☐ ब्लॉक/मोती/बटन, 1-9 संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड<br>☐ अलग-अलग रंग के क्रेयॉन, सफेद कागज | ☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ बिग बुक : चिड़िया और चींटी<br>☐ सफेद कागज<br>☐ ब्लॉक, कंकड़<br>☐ सफेद कागज और रंग<br>☐ ब्लॉक्स |
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः मेरी प्यारी साइकिल (पृ. 163)<br>कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविताः ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163)<br>कार्यः कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकासः 30 मिनट | विभिन्न वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे<br>सड़क पर चलने वाले वाहन<br>• **चहक 3** (पृ. 64) पर कार्य। | क्षमता, दूरी, उपयोग आधारित भूमि, जल, वायु के वाहनों में अंतर पहचानेंगे<br>वाहनों में अंतर (दूरी)<br>• वाहनों में अंतर पर दोहराव।<br>• **चहक 3** (पृ. 67) पर कार्य। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे<br>चकमक का ऑटो (पृ. 163)<br>• **दिवस 4** (पृ. 95) की गतिविधि दोहराएँ। | कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे<br>चिड़िया और चींटी (बिग बुक)<br>• **दिवस 9** (पृ. 100) की गतिविधि दोहराएँ। |
| भाषा और ध्वनि विकास : 30 मिनट | चित्र को स्पष्ट रूप से बनाएंगे और अपने शब्दों में चित्र के उद्देश्य को व्यक्त करेंगे<br>चित्र बनाएँ और बताएँ<br>• **दिवस 4** (पृ. 94) की गतिविधि दोहराएँ। | सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे<br>रेखाएँ खींचना<br>• **चहक 3** (पृ. 61) पर कार्य। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | 9 तक की वस्तुओं को गिनेंगे और अंको से मिलान करेंगे<br>गिनो और मिलाओ (1-9)<br>• **दिवस 3** (पृ. 94) की गतिविधि दोहराएँ।<br>• **कदम** (पृ. 56) पर कार्य करवाएँ। | अधिक या कम शब्दावली का प्रयोग करते हुए 9 तक की गणनीय वस्तुओं की तुलना करेंगे<br>अधिक-कम (गणनीय 1-9)<br>• **दिवस 9** (पृ. 100) की गतिविधि दोहराएँ। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : मनपसंद चित्र बनाओ (पृ. 164) | कार्य : **Alphabet** (**चहक-3** पृ. 70-71) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : फूल सूँघो (पृ. 164)<br>कार्य 2 : ब्लॉक्स का खेल (पृ. 164) | कार्य 1 : फूल सूँघो (पृ. 164)<br>कार्य 2 : ब्लॉक्स का खेल (पृ. 164) |

इकाई 6
दिवस 7
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : चिड़िया और चींटी
- ☐ 'प' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 1-9 संख्या कार्ड
- ☐ ब्लॉक्स

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




जल में चलने वाले वाहनों को पहचानेंगे और नाम बताएंगे

### पानी में चलने वाले वाहन

- हाव-भाव के साथ **'नाव'** (पृ. 163) कहानी सुनाएँ।
- चूहे ने नदी कैसे पार की?
- उन्होंने क्या इस्तेमाल किया?
- **चर्चा: चहक 3** (पृ. 65) पर विभिन्न प्रकार के जल परिवहन के नाम और उपयोग।
- क्या नाव में टायर होते हैं?
- नाव कैसे चलती है?
- चप्पू चलाने की नकल करें। बच्चों को करने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी : चिड़िया और चींटी (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ था?
- कहानी का अंत कैसे हुआ?
- क्या आपने कभी चिड़िया और चींटी की दोस्ती देखी है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'प'

- 'प' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (पलंग और तराजू)
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'प' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/ वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




1-9 तक के क्रम सूचक संख्याओं को उनकी स्थिति के अनुसार पहचानेंगे

### क्रमसूचक संख्या (1-9)

- 9 बच्चों को खड़ा करें।
- 1-9 तक के संख्या कार्ड दें।
- कार्ड दिखाकर अंकों के नाम बताएँ, 'पहला', 'दूसरा', 'तीसरा'... 'नौवां'।
- दाएँ से बाएँ दोहराएँ।

**समूह कार्य (5 समूह) :**

- हर समूह को 1-9 के संख्या कार्ड दें।
- क्रम से खड़ा करें।
- बाएँ से दाएँ और दाएँ से बाएँ क्रम का अभ्यास कराएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : ताली, चुटकी, थपकी** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: फूँक मारो** (पृ. 164) \| **कार्य 2: रस्सी के नीचे चलना** (पृ. 164) |

इकाई 6

दिवस 8

DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ हर समूह के लिए पेपर प्लेट, रंग, गोंद, आइसक्रीम स्टिक, सजावट का सामान
- ☐ बिग बुक : चिड़िया और चींटी
- ☐ 3 सेट-1 लाल और 8 हरा बटन/ब्लॉक
- ☐ सफेद कागज और रंग
- ☐ कुछ कुर्सियाँ

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: ऐसे गिनती बढ़ती जाए (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**



विभिन्न जल वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

## पानी में चलने वाले वाहन (नाव बनाएँ)

- प्लेट को बीच से मोड़कर आधे गोले का आकार दें।
- दोनों तरफ रंग से रंगें, सजाएँ।
- तिकोन आकार का कागज काटकर उसे रंगें।
- आइसक्रीम स्टिक से तिकोन और आधे गोले को जोड़ें।
- नाव बनाने में बच्चों की मदद करें। सभी को जमीन पर नाव चलाने के लिए कहें।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी : चिड़िया और चींटी (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- चिड़िया ने चींटी को कैसे बचाया?
- अगर दोनों एक-दूसरे की मदद नहीं करते तो क्या होता?
- क्या आप दूसरों की मदद करते हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## पहली ध्वनि की पहचान 'ब'

- 'ब' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'बकरी'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'ब' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'ब' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




1-9 तक के क्रम सूचक संख्याओं को उनकी स्थिति के अनुसार पहचानेंगे

## क्रमसूचक संख्या (1-9)

- **दिवस 7** (पृ. 98) की गतिविधि को दोहराएँ।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- प्रत्येक समूह को 1 लाल और 8 हरे बटन/ब्लॉक दें।
- लाल बटन को बाईं तरफ रखें।
- उसके बाद हरे बटनों को क्रम से लगाकर गिनें। (पहला, दूसरा ... नौवां)
- फिर लाल बटन को दाईं तरफ रखें और गतिविधि दोहराएँ।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : सृजनात्मक कार्य (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: उँगली घुमाओ (पृ. 164) \| कार्य 2: सुरंग का खेल (पृ. 164) |

इकाई 6
दिवस 9
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : चिड़िया और चींटी
- ☐ 'ब' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 20-25 ब्लॉक/बड़े बटन/कंकड़
- ☐ कुछ कुर्सियाँ

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: कैसे चलती** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




हवा में उड़ने वाले वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

### हवा में चलने वाले वाहन

- **कविता भन-भन करता उड़ा जहाज** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।
- क्या आपने हवाई जहाज देखा है?
- कहाँ उड़ता है?

**उड़ो - रुको**

- 'उड़ो' बोलने पर सभी को हाथ खोलकर हवाई जहाज की तरह आवाज करके उड़ना है और 'रुको' पर रुकना है।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी : चिड़िया और चींटी (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- चिड़ियों की तरह क्या आपने कभी किसी की मदद की है?
- क्या चींटी की तरह किसी ने कभी आपकी मदद की है?
- क्या आपने कभी इस कहानी जैसी चिड़िया देखी है?
- चिड़िया बड़ी होती है या चींटी?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'ब'

- 'ब' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (बतख और कमल)
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'ब' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/ वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




अधिक या कम शब्दावली का प्रयोग करते हुए 9 तक की गणनीय वस्तुओं की तुलना करेंगे

### अधिक-कम (गणनीय 1-9)

- चार बड़े बटन लें। गिनते हुए एक पंक्ति में रखें। पाँच बड़े बटन लें। गिनते हुए पंक्ति में रखें।
- इस पंक्ति (5) में अधिक बटन हैं। इस पंक्ति (4) में कम बटन हैं।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- 1-9 तक का कोई अंक बोलें।
- उतने बटन गिनकर रखने के लिए कहें। कोई दूसरा अंक बोलें। अधिक-कम बताने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : सृजनात्मक कार्य** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: उँगली घुमाओ** (पृ. 164) | **कार्य 2: सुरंग का खेल** (पृ. 164)

इकाई 6
दिवस 10
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ रंगीन कागज, धागा
- ☐ कागज, रंग
- ☐ गेंद
- ☐ कुछ कुर्सियाँ

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: कैसे चलती** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




हवा में उड़ने वाले विभिन्न वाहनों को पहचानकर नाम बताएंगे

## हवा में चलने वाले वाहन

- **दिवस 9** (पृ. 100) की गतिविधि दोहराएँ।
- सभी को रंगीन कागज दें।
- इससे हवाई जहाज बनाएँ। आवश्यकता अनुसार मदद करें।
- हर जहाज पर बच्चों का नाम लिखें। जहाज में धागा बाँधें।
- जहाजों को कमरे में सजाएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी : नाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- पिंकू कहाँ रहता था?
- पिंकू का कहाँ जाने का मन हुआ?
- पिंकू ने बैग से बाहर क्या देखा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## पहली ध्वनि की पहचान 'म'

- 'म' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'मछली'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'म' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'म' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




अधिक या कम शब्दावली का प्रयोग करते हुए 9 तक की गणनीय वस्तुओं की तुलना करेंगे

## अधिक-कम (गणनीय 1-9)

- **कदम** (पृ. 55) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : सृजनात्मक कार्य** (पृ. 164) **\| कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 55) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: उँगली घुमाओ** (पृ. 164) **\| कार्य 2: सुरंग का खेल** (पृ. 164) |

इकाई 6
दिवस 11
DD/MM

## यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ अलग प्रकार वाहन के चित्र-कार्ड
- ☐ 'म' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ तीन एक ही आकार और अलग-अलग रंग की वस्तुएँ (बटन, ब्लॉक)
- ☐ ब्लॉक्स

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: कैसे चलती** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




भूमि, जल और वायु वाहनों के बीच अंतर को पहचानकर बताएंगे

### वाहनों में अंतर (जमीन, हवा और वायु)

- अब तक सीखे गए सभी यातायात के साधनों को चित्र-कार्ड दिखाकर दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 66) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी : नाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पिंकू ने डूबते हुए सबसे पहले किसका सहारा लिया?
- डंडी किस ओर जा रही थी?
- पिंकू ने डंडी को क्या बना लिया?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### चित्रों को छाँटना, पहली ध्वनि 'म'

- 'म' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (मटर और नल)
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'म' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तुओं आवाज और क्रियाकलापों में पैटर्न को पहचानेंगे

### पैटर्न पहचानो (ABBC और ABBCC)

- एक आकार और अलग रंग की वस्तुएँ लें। उससे ABBC पैटर्न बनाकर दिखाएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- ABBCC पैटर्न के लिए दोहराएँ।

**समूह कार्य :**

- अभी बनाए पैटर्न जैसे पैटर्न, रंगों के नाम बोलते हुए बनाएँ।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : अपना संगीत (भाग-1)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: खरगोश की साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: क्रम से रखो** (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 97 पर देखें।

इकाई 6
दिवस 13
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'प', 'ब' और 'म' से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 'प', 'ब' और 'म' के वर्ण-कार्ड
- ☐ बड़े बटन, ब्लॉक

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: कैसे चलती (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




क्षमता, दूरी और उपयोग के आधार पर भूमि, जल और वायु वाहनों में अंतर पहचानेंगे

## वाहनों में अंतर (क्षमता)

- विभिन्न प्रकार के वाहनों के अंतर का दोहराव करें।
- सार्वजनिक वाहनों की क्षमता अधिक होती है। बस, रेलगाड़ी, हवाई जहाज आदि, ज्यादा दूरी तय करते हैं।
- निजी वाहन की क्षमता कम होती है। कुछ कम दूरी तय करते हैं (साईकिल, कार)।
- **चहक 3** (पृ. 67) पर दी गई गतिविधि समझाएँ और स्वयं करने दें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी : नाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने कभी पिंकू जैसा चूहा देखा है?
- क्या आप कभी नाव में बैठे हैं?
- अगर आपको आपके बैग में चूहा दिखे तो आप क्या करेंगे?
- क्या हमारी तरह जानवरों की भी इच्छाएँ होती हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण के प्रतीक को पहचानेंगे 'प', 'ब', 'म'

## पहली ध्वनि की पहचान - 'प', 'ब', 'म'

- 'प', 'ब', 'म' से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। (पहाड़, बगुला, मटर)
- 'प' ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तुओं/चित्र कार्ड दिखाकर का नाम बताने के लिए कहें।
- 'प' का वर्ण कार्ड दिखाएँ।
- बोर्ड पर 'प' लिखें।
- इसी प्रकार 'ब' और 'म' वर्ण लिखकर दिखाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 62) की गतिविधि स्वयं करने दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तुओं, आवाज और क्रियाकलापों में पैटर्न को पहचानेंगे

## साधारण पैटर्न

- **कदम** (पृ. 52) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : अपना संगीत (भाग-2) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: खरगोश की साँस (पृ. 164) \| कार्य 2: क्रम से रखो (पृ. 164) |

इकाई 6
दिवस 14
DD/MM

# यातायात के साधन

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ ट्रैफिक पुलिस को आमंत्रित करें, लाल, पीला और हरा रंग के कार्ड
- ☐ 'प', 'ब', 'म' के वर्ण कार्ड
- ☐ 'प', 'ब', 'म' से शुरू होने वाले चित्र/वस्तु (पपीता, बकरी, मछली, मटर)
- ☐ 1, 2, 5 और 10 रुपये के सिक्के/नोट, नकली नोट, वस्तुएँ
- ☐ अलग-अलग आकार के ब्लॉक्स

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: सप्ताह के दिवस (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




ट्रैफिक बत्ती चौराहे/क्रॉसरोड जेबरा क्रॉसिंग की संरचना को समझकर बताएंगे

## यातायात के नियम

- ट्रैफिक पुलिस का परिचय।
- **चर्चा:** यातायात के सिग्नल, सुरक्षा नियम (ट्रैफिक लाइट, सड़क पार करना)
- **खेल (2 समूह) :** समूहों को आमने-सामने खड़ा करें।
- रंग देखकर चलना, रुकना है।
- निर्देशानुसार सड़क पार करें।
- **चहक 3** (पृ. 69) पर कविता हाव- भाव के साथ गाएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानी : नाव (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- अगर आप पानी में गिर जाएं तो क्या करेंगे?
- आपको नाव में बैठकर कैसा लगता है?
- आपको कब-कब घबराहट होती है?
- पिंकू को अगर डंडी न दिखती तो वह क्या करता?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

## वर्ण लिखना - 'प', 'ब', 'म'

- 'प' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'प' लिखें।
- बच्चों उँगली से जमीन पर और हवा में 'प' लिखवाएँ।
- इसी तरह 'ब' और 'म' वर्ण के लिए भी करें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'प', 'ब', 'म' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- नोटबुक/कागज में लिखने का अभ्यास कराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




1, 2, 5 और 10 रुपए के सिक्कों/नोटों से भारतीय मुद्रा को पहचानेंगे

## भारतीय मुद्रा की पहचान

- 1, 2, 5 और 10 रुपए के सिक्के/नोट की पहचान करवाएँ।
- **चर्चा :** पैसों का महत्त्व। दुकान से कुछ खरीदते समय सामान के बदले क्या देते हैं?

**मेरी दुकान :**

- वस्तुओं पर रुपए अंकित करें।
- बच्चों को नकली रुपए दें।
- बच्चों के साथ नकली रुपए और वस्तुओं की खरीददारी का नाटक करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : अपना संगीत (भाग-2) (पृ. 164) | Poem (चहक-3 पृ. 72)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1: खरगोश की साँस (पृ. 164) | कार्य 2: क्रम से रखो (पृ. 164)

इकाई 6
दिवस 15
DD/MM

## यातायात के साधन

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ सिग्नल बनाने के लिए लाल, पीला, हरा रंग
- ☐ चार्ट पेपर, माचिस की तीलियाँ
- ☐ बिग बुक : बातूनी तोता
- ☐ कुछ फल, सब्जी, किताब, नकली नोट

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविताः सप्ताह के दिवस** (पृ. 163) \| **कार्यः दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




यातायात के नियम के अनुसार सड़क पार करेंगे

### यातायात के नियम

- **दिवस 14** (पृ. 104) की चर्चा को दोहराएँ।
- **खेल** : बच्चों को कक्षा में पीछे खड़ा करें। दूसरी तरफ चॉक से एक लाइन खीचें।
- कागज से सिग्नल बनाएँ।
- हरे सिग्नल पर लाइन की तरफ चलना है।
- लाल सिग्नल पर रुकना है।
- जो बिना गलती किए लाइन पार कर लेगा, वो जीतेगा।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी : बातूनी तोता (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर प्रश्न पूछें :
- चित्र में क्या/कौन दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ और किताब के चित्र दिखाकर चर्चा करें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




परिचित विषयों पर उचित शब्दों का उपयोग करेंगे

### सड़क सुरक्षा (रोल-प्ले)

- क्या आपको सड़क सुरक्षा के नियम पता हैं?
- **चहक 3** (पृ. 68) अवधारणा पृष्ठ दिखाएँ और सड़क पार करने के नियम बताएँ। (सड़क पर बायीं ओर चलना, सड़क पर सफेद लाइन का उपयोग।

**समूह कार्य (4 के समूह) :**

- प्रत्येक समूह सड़क के एक नियम को बताए और करके दिखाए।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




1, 2, 5 और 10 रूपए के सिक्कों/नोटों से भारतीय मुद्रा को पहचानेंगे

### भारतीय मुद्रा की पहचान

- तीन कोनों में चीजे रखें। उन पर रुपए लिखें।
- बच्चों को नकली नोट दें।
- इन नोटों से रखी चीजों को खरीदें। जितने का नोट है, उतने सामान गिनकर लें।
- एक बार स्वयं करके दिखाएँ।
- सभी बच्चों को खरीदने का मौका दें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : मेरी साइकिल (संख्या और आकृति) (कदम पृ. 57)** |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: सूँघो और फूँको** (पृ. 164) \| **कार्य 2: रेलगाड़ी (कदम पृ. 54)** |

इकाई 6
दिवस 16
DD/MM

# यातायात के साधन

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ बिग बुक : बातूनी तोता
- ☐ केला, डिब्बा, गेंद
- ☐ रिक्शा, चार्टपेपर, रंग

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः सप्ताह के दिवस (पृ. 163) \| कार्यः दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




यातायात के साधनों के उपयोग को जानेंगे

## यातायात के नियम

- सार्वजनिक वाहनों में यात्रा के दौरान किस तरह का व्यवहार करना चाहिए?
- शोर न करें, यात्रियों को परेशान न करें, चुपचाप बैठें, कार/बस की खिड़की के बाहर अपना हाथ/चेहरा न निकालें।
- सार्वजनिक वाहनों की देख-रेख कैसे करें?
- दूसरों को गंदगी फैलाने से कैसे रोकें?

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी : बातूनी तोता (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ था?
- कहानी का अंत कैसे हुआ?
- तोता कैसे उड़ गया था?
- तोता वापस क्यों आया?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




एक वाक्य में सीखी गई शब्दावली का उपयोग करके चित्र/पेंटिंग का वर्णन करेंगे

## चित्र बनाएँ और बताएँ

- कहानी **'चिड़िया और चींटी' (बिग-बुक)** दोहराएँ। कहानी के सभी पृष्ठ दिखाएँ।
- सफेद कागज, पेंसिल, रंग दें।
- आप चिड़िया होते तो चींटी को कैसे बचाते? चित्र बनाएँ।
- चित्र बनाने के बाद बच्चे को वाक्य में बताने के लिए कहें।
- आपने क्या बनाया है?
- आपने चिड़िया को कैसे बचाया?

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




वस्तुओं को उनके वास्तविक कार्य से अलग कार्य के रूप में उपयोग करते हुए खेलेंगे

## अलग उपयोग

- केला उठाकर फ़ोन की तरह बात करने का अभिनय करें।
- कोई एक वस्तु का किसी और वस्तु की तरह उपयोग करने का अभिनय करके दिखाएँ।
- क्रम से बच्चों को बुलाएँ।
- एक वस्तु उठाने के लिए कहें, जिस वस्तु का अभिनय करना चाहते हैं।
- कल्पना करने में बच्चों की मदद करें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : मेरी साइकिल (संख्या और आकृति) (कदम पृ. 57) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: सूँघो और फूँको (पृ. 164) \| कार्य 2: रेलगाड़ी (कदम पृ. 54) |

इकाई 6
दिवस 17
DD/MM

# यातायात के साधन

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ अलग प्रकार वाहन के चित्र कार्ड
- ☐ बिग बुक : बातूनी तोता
- ☐ 'प', 'ब', 'म' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 'प', 'ब' और 'म' के वर्ण कार्ड

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: कैसे चलती** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




सड़क पर चलने वाले वाहन का उपयोग बताएंगे

## सड़क पर चलने वाले वाहन के उपयोग

- **दिवस 5** (पृ. 96) की गतिविधि का दोहराव करें।
- कविता **'यातायात नियम का पालन'** (पृ. 163) हाव-भाव से कराएँ और यातायात के नियमों पर चर्चा करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी से अपने आपको जोड़ेंगे

## कहानी : बातूनी तोता (बिग बुक)

- कहानी की किताब खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- तोते को कौन लेकर आया था?
- तोता क्यों उड़ गया था?
- तोते की तरह आपको पिंजरे में रख दिया जाए तो आपको कैसा लगेगा?
- क्या चिड़िया भी हमारी तरह खुशी, दुःख, गुस्सा महसूस करती है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

## परिचित वर्ण - 'प', 'ब', 'म'

- 'प', 'ब', 'म' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। (पपीता, बटन, मकड़ी)
- 'प', 'ब' और 'म' के वर्ण-कार्ड दें। वस्तुओं/चित्र कार्ड को वर्ण कार्ड से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 73) पर दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




रंग कोड के अनुसार रंग भरेंगे

## रंगों और अंकों को मिलाओ

- **कदम** (पृ. 58) पर दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मेरी साइकिल (संख्या और आकृति) (कदम** पृ. 57)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: खरगोश की साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: रेलगाड़ी (कदम** पृ. 54)

# इकाई आकलन

इकाई 6
दिवस 18
DD/MM

## यातायात के साधन

☑ तैयारी और सामग्री
- ☐ सफेद कागज, रुई, गोंद
- ☐ ब्लॉक
- ☐ पेंसिल, रंग
- ☐ 9-10 बटन, संख्या कार्ड, संख्या नाम कार्ड

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: सप्ताह के दिवस (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

### जल और वायु में चलने वाले वाहनों को पहचानेंगे और नाम बताएंगे

**पानी और हवा में चलने वाले वाहन**
- सफेद कागज पर हवा में चलने वाला वाहन बनाने के लिए कहें। आस-पास बादल बनाकर रुई चिपकाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

### बनाए गए चित्र को दो से तीन सरल वाक्यों में समझाएंगे

**चित्र बनाएँ और बताएँ**
- सफेद कागज, पेंसिल और रंग दें।
- अपनी पसंद के किसी एक वाहन का चित्र बनाने के लिए कहें। चित्र बनाने के बाद एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- आपने क्या बनाया है? इस वाहन के बारे में आप 2-3 वाक्य में बोलें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

### 9 तक वस्तुओं को गिनेंगे और अंकों से मिलान करेंगे

**गिनो और मिलाओ (1-9)**
- क्रम से एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- उन्हें 1-9 के बीच का कोई संख्या कार्ड दिखाएँ।
- बच्चों से संख्या का नाम पूछें और उतने बटन निकाल कर दिखाने के लिए कहें।
- **कदम** (पृ. 59) दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है



☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य 1: आवाजों से पैटर्न (भाग-1) (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। \| कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 56) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | आकलन: ब्लॉक्स का खेल (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



# 7. हमारे त्योहार

प्रमुख त्योहारों के बारे में जानना, उनसे जुड़ी परंपराओं और रीति-रिवाजों के महत्व के बारे में समझना

K7U8K9

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- भारत में मनाए जाने वाले त्योहार पहचानेंगे *
- त्योहारों पर क्या करें, क्या ना करें को जानेंगे *
- भारत में महापुरुषों के जन्मदिन और खेती से संबंधित मनाए जाने वाले त्योहारों के बारे में जानेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे
- तुकांत शब्दों को पहचानेंगे *
- परिचित शब्दों से विषयों पर चर्चा करेंगे
- र, ल वर्ण को पहचानेंगे और स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे
- चित्र बनाकर और वस्तुओं का अपने शब्दों और एक वाक्य में वर्णन करेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- 10-1 तक की उल्टी गिनती गिनेंगे *
- आकार, लम्बाई, ऊँचाई और वजन के आधार पर तुलना करेंगे
- 9 तक के संख्या वाले वस्तुओं को जोड़ेंगे
- वस्तुओं, आवाज और क्रिया-कलापों के माध्यम से साधारण पैटर्न को बनाएंगे

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- मिट्टी, कपड़ा, कागज आदि से बंदनवार, शुभकामना कार्ड और वाल हैंगिंग बनाएंगे *
- विभिन्न वाद्य यंत्र बनाएंगे
- विभिन्न सामग्री का उपयोग करते समय रंग आदि का चयन करेंगे

**शारीरिक विकास**

- साँस को लय के साथ लेंगे, छोड़ेंगे और साँस पर नियंत्रण करेंगे *
- आँख और हाथ का समन्वय विकसित करेंगे *
- रस्सी पर और किताब को हाथ में लेकर संतुलन के साथ चलेंगे

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 7
दिवस 1
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ रंगीन कागज और धागे
- ☐ बिग बुक : उपहार
- ☐ बटन, मोती
- ☐ कागज, प्रत्येक बच्चे के लिए 5 पंखुड़ियाँ
- ☐ सभी बच्चों के लिए धागा, जूते का फीता और मोती

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविता: हमारा प्यारा तिरंगा** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत में मनाये जाने वाले विभिन्न त्योहारों के नाम बताएंगे

### त्योहारों पर चर्चा

- कुछ त्योहारों के नाम बोलें।
- इनके बारे में क्या जानते हैं? क्या इनमें आप नए कपड़े पहनते हैं? घूमने जाते हैं? मिठाइयाँ खाते हैं?
- यह सब त्योहार है। इस खास दिन को हम सब मिलकर मनाते हैं।

**समूह कार्य: बंदनवार**

- कागज से फूल बनाने को दें।
- फूलों को धागे में पिरोकर बंदनवार बनाने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: उपहार (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर प्रश्न पूछें :
- चित्र में क्या/कौन दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ और किताब के चित्र दिखाकर चर्चा करें।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




समान ध्वनियों से शुरू होने वाले शब्द को पहचानेंगे

### समान ध्वनि वाले शब्द

- 'ऊँट ऊँचा ऊँट की पीठ ऊँची' वाक्य दो बार दोहराएँ।
- हर शब्द पर ताली बजाने के लिए कहें।
- इस वाक्य में कौन-सी ध्वनि ज्यादा सुनाई दे रही है?
- 'ऊँ' की ध्वनि। ऊँ- ऊँट, ऊँ- ऊँचा, ऊँ-ऊँची।
- दूसरे उदाहरण दें (पके पेड़ पर पका पपीता)। बच्चों से उस ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द बताने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तुओं का समूह बनाते समय 'जोड़' और 'कुल' शब्द का प्रयोग करेंगे

### जोड़ो और बताओ (1-9)

- तीन बच्चों को खड़ा करें। एक बच्चे को बुलाकर गिनने के लिए कहें।
- एक और बच्चे को खड़ा करें।
- पहले तीन बच्चे थे। एक बच्चा और जुड़ गया तो कुल 4 बच्चे हो गए। दो बार दोहराएँ।
- 'जोड़' और 'कुल' शब्द पर जोर देकर दोहराएँ।
- इस गतिविधि को बटन और मोती के साथ भी करके दिखाएँ।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य : बंदनवार (भाग-1)** (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **कार्य 1: गहरी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2: मोती धागा** (पृ. 164) |

इकाई 7

दिवस 2

DD/MM

# हमारे त्योहार

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ राष्ट्रीय झंडे का चित्र
- ☐ बिग बुक : उपहार
- ☐ चार समूह के लिए 9 बटन/मोती
- ☐ कागज, प्रत्येक बच्चे के लिए 5 पंखुड़ियाँ
- ☐ सभी बच्चों के लिए धागा, जूते का फीता और मोती

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: हमारा प्यारा तिरंगा** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत के राष्ट्रीय त्योहारों के बारे में जानेंगे

### राष्ट्रीय त्योहार (स्वतंत्रता दिवस)

- राष्ट्रीय झंडा दिखाएँ।
- यह क्या है? इसमें कौन-कौन से रंग हैं? हम स्वतंत्रता दिवस क्यों मनाते है? इस दिन क्या हुआ था?
- हम लोग कुछ त्योहार देश के लिए मनाते हैं, जैसे स्वतंत्रता दिवस।
- **चहक 3** (पृ. 74) पर दिए गए त्योहार बच्चों को दिखाएँ और देश के लिए मनाए जाने वाले त्योहारों पर चर्चा करें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: उपहार (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- किसका जन्मदिन था?
- मीठी अपनी दादी के लिए क्या उपहार लायी थी?
- दादी उसका इस्तेमाल कैसे करने वाली थी?
- क्या आपने कभी नकली दाँत देखे हैं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों का प्रयोग करके अनुभवों और वस्तुओं का वर्णन कर पाएंगे

### वर्णात्मक शब्द

- आपके घर में कौन-कौन से त्योहार मनाये जाते हैं? (गाँधी जयंती, गणतंत्र दिवस)

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- आपको एक त्योहार चुनना है। उस त्योहार की खास चीजों के बारे में बताना है। (त्योहार में क्या होता है? कैसे मनाया जाता है? आप क्या करते हैं? आपको कैसा महसूस होता है?)
- सभी जोड़ियों को मौका दें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दो समूह की वस्तुओं को जोड़ेंगे (9 तक जोड़)

### जोड़ो और बताओ (1-9) (ठोस वस्तुएँ)

- **कदम** (पृ. 60) की गतिविधि दोहराएँ।

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- प्रत्येक समूह को 9 बड़े बटन दें। कोई एक अंक बोलें। उतने बटन निकालने के लिए कहें।
- दूसरा अंक बोलें। बटन निकालने के लिए कहें।
- सारे बटन को जोड़कर उत्तर बताने के लिए कहें।
- सुनिश्चित करें जोड़ 9 से अधिक ना हो।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : बंदनवार (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: गहरी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2: मोती धागा** (पृ. 164) |

इकाई 7
दिवस 3
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ राष्ट्रीय झंडे का चित्र, कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ बिग बुक : उपहार
- ☐ 1-9 का संख्या कार्ड, चार समूह के लिए 9 बटन/मोती
- ☐ कागज, प्रत्येक बच्चे के लिए 5 पंखुड़ियाँ
- ☐ सभी बच्चों के लिए धागा, जूते का फीता और मोती

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविता: हमारा प्यारा तिरंगा** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत के राष्ट्रीय त्योहारों के बारे में जानेंगे

### राष्ट्रीय त्योहार (गणतंत्र दिवस)

- झंडा दिखाकर पहचानने के लिए कहें।
- **चर्चा:** जैसे हम लोग स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं वैसे ही गणतंत्र दिवस भी मनाते हैं।
- हम गणतंत्र दिवस कब/क्यों मनाते हैं? इस दिन क्या करते हैं?
- बच्चों को सफेद कागज, पेंसिल और रंग दें।
- राष्ट्रीय झंडा बनाने के लिए कहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: उपहार (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- शुरुआत में क्या हुआ था?
- अंत में क्या हुआ था?
- मीठी की माँ ने कौन-से पकवान बनाए होंगे?
- आपके घर में पकवान कौन बनाता है?
- अगर आपकी दादी का जन्मदिन होता तो आपके घर में क्या-क्या पकवान बनते?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




बातचीत के दौरान सीखे गए शब्दों का प्रयोग करेंगे

### दृश्य शब्दों का अभ्यास

- आपको कौन-से त्योहारों के बारे में पता है?

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- किसी त्योहार से जुड़ा शब्द कहें। (पतंग)
- उनको उस वस्तु और त्योहार का अभिनय करके दिखाने के लिए कहें।
- बाकी बच्चों को अंदाजा लगाकर वाक्य में बताना है।
- एक उदाहरण करके दिखाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 75) पर कार्य करवाएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दो समूह की वस्तुओं को जोड़ेंगे (9 तक जोड़)

### जोड़ो और बताओ (1-9) (ठोस वस्तुएँ)

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- प्रत्येक समूह को 9 बटन और 1-9 तक के संख्या कार्ड दें। कोई एक अंक बोलें।
- उतने बटन और संख्या-कार्ड रखने के लिए कहें।
- दूसरी संख्या बोलें। संख्या-कार्ड, बटन रखने के लिए कहें।
- बटन गिनकर जोड़ का संख्या-कार्ड दिखाने के लिए कहें।
- **कदम** (पृ. 61) से बच्चों को जोड़ समझाएँ।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य 1 : बंदनवार (भाग-3)** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 57) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **कार्य 1: गहरी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2: मोती धागा** (पृ. 164) |

इकाई 7
दिवस 4
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : उपहार
- ☐ कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ कागज, प्रत्येक बच्चे के लिए 5 पंखुड़ियाँ
- ☐ सभी बच्चों के लिए धागा, जूते का फीता और मोती
- ☐ हल्का बैग

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविताः हमारा प्यारा तिरंगा** (पृ. 163) \| **कार्यः कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत के राष्ट्रीय त्योहारों के बारे में जानेंगे

### राष्ट्रीय त्योहार (गाँधी जयंती)

- आज हम गाँधी जयंती पर चर्चा करेंगे। यह राष्ट्रीय त्योहार है।
- **चर्चा** : गाँधी जी राष्ट्रपिता। सत्य के प्रति दृढ़ता। गाँधी जयंती (जन्मदिन), तीन बन्दर।

**समूह कार्य (3 का समूह) :**

- आप गाँधी जी के तीन बन्दर हो। आपको मैं कुछ बोलूँगी, दिखाऊँगी। उसको देखकर बंदर क्या करेंगे, आपको वैसा अभिनय करना है।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानीः उपहार (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएं।
- क्या आपकी भी दादी है?
- आपकी दादी का जन्मदिन कब आता है?
- आप उन्हें कौन-सा उपहार देना चाहेंगे?
- बच्चों से उनकी दादी के लिए उपहार बनवाएँ।

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




चित्र को स्पष्ट रूप से बनाएंगे और अपने शब्दों में चित्र के उद्देश्य को व्यक्त करेंगे

### चित्र बनाएँ और बताएँ

- कहानी उपहार (बिग बुक) के पृष्ठ दिखाते हुए दोहराएँ।
- सफेद कागज, पेंसिल, रंग दें।
- आप मीठी की जगह होते तो दादी को क्या उपहार देते?
- चित्र स्पष्टता से बनाने के लिए कहें।
- चित्र में क्या बनाया है? यह क्यों बनाया है?
- बच्चों को चित्र व्यक्त करने में मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दो समूह की वस्तुओं को जोड़ेंगे (9 तक जोड़)

### जोड़ो और बताओ (1-9) (ठोस वस्तुएँ)

- **कदम** (पृ. 62) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : बंदनवार (भाग-4)** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 58) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2: संतुलन के साथ चलना** (कदम पृ. 65) |

इकाई 7
दिवस 5
DD/MM

# हमारे त्योहार

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ एक जैसी दस वस्तुएँ
- ☐ कागज, प्रत्येक बच्चे के लिए 5 पंखुड़ियाँ
- ☐ हल्का बैग

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: एक से बीस की गिनती** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




राष्ट्रीय अवकाश के दिन क्या करें, क्या ना करें जानेंगे

### राष्ट्रीय त्योहार (क्या करें, क्या न करें)

- **चर्चा:** राष्ट्रीय त्योहार का दोहराव।
- हमें राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय धरोहर का सम्मान करना चाहिए। राष्ट्रीय झंडे को जमीन पर ना रखें।
- राष्ट्रीय संपत्ति का सम्मान करें। गाँधी जी के तीन बन्दर के आदर्शों को जोड़ें।
- गीत **नन्हा-मुन्ना राही हूँ** (पृ. 163) मिलकर हाव-भाव के साथ गाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: प्यासा कौआ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कौआ क्या ढूँढ रहा था?
- कौआ पानी क्यों नहीं पी पा रहा था?
- पानी किस चीज में था?
- कौए को पानी कैसे मिला?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




सीखे शब्दों का उपयोग करके चित्र/पेंटिंग को वाक्यों में बताएंगे

### चित्र बनाएँ और बताएँ

- सफेद कागज, रंग दें।
- अपने पसंदीदा त्योहार का चित्र बनाएँ।
- आपने कौन-सा त्योहार बनाया है?
- इसमें क्या-क्या हो रहा है?
- त्योहार में क्या किया जाता है?
- चित्र का वर्णन वाक्य में करने के लिए कहें। सभी को बोलने का मौका दें।
- चित्रों को कक्षा में चिपकाएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




10-1 तक की उल्टी गिनती गिनेंगे

### गतिविधि : उल्टी गिनती

- 10 वस्तुएँ क्रम से रखें।
- 1-10 तक गिनते हुए एक से दूसरी वस्तु पर कूदना है।
- अब हम उल्टी गिनती सीखेंगे 10, 9, 8, 7, 6, 5, 4, 3, 2, 1
- उल्टी गिनती बोलते हुए वापस कूदकर दिखाएँ।
- बच्चों को उल्टी गिनती बोलते हुए कूदने के लिए कहें।
- **कविता : उल्टी गिनती 10 से 1** (पृ. 163) कविता हाव-भाव के साथ गाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : बंदनवार (भाग-5)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: संतुलन के साथ चलना** (कदम पृ. 65)

| हमारे त्योहार  | इकाई 7<br>दिवस 6<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ बिगबुक : उपहार<br>☐ 9 बटन/मोती और 1-9 तक के संख्या कार्ड<br>☐ सभी बच्चों के लिए धागा, जूते का फीता और मोती | इकाई 7<br>दिवस 12<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ एक जैसी दस वस्तुएँ<br>☐ सभी बच्चों के लिए धागा, जूते का फीता और मोती |
|---|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः हमारा प्यारा तिरंगा (पृ. 163)<br>कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविताः एक से बीस की गिनती (पृ. 163)<br>कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकासः 30 मिनट | भारत में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय त्योहारों की विशेषताएँ पहचानेंगे<br>राष्ट्रीय त्योहार<br>• दिवस 5 (पृ. 114) की गतिविधि दोहराएँ। | भारत में मनाए जाने वाले धार्मिक त्योहारों के बारे में जानेंगे<br>हमारे त्योहार<br>• चहक 3 (पृ. 81) पर कार्य करवाएँ। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | कहानी को परिचित अनुभवों से जोड़ेंगे और कहानी/पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे<br>कहानी : उपहार (बिग बुक)<br>• दिवस 4 (पृ. 113) की गतिविधि दोहराएँ। | कहानी को परिचित अनुभवों से जोड़ेंगे और कहानी/पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे<br>कहानी : प्यासा कौआ (पृ. 163)<br>• दिवस 9 (पृ. 118) की गतिविधि दोहराएँ। |
| भाषा और ध्वनि विकास : 30 मिनट | शब्दों का प्रयोग करके अनुभवों और वस्तुओं का वर्णन करेंगे<br>वर्णात्मक शब्द<br>• दिवस 2 (पृ. 111) की गतिविधि दोहराएँ। | सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे<br>रेखाएँ खींचें<br>• चहक 3 (पृ. 79) पर कार्य करवाएँ। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | दो समूह के वस्तुओं को जोड़ेंगे, जिनका जोड़ 9 तक हो<br>जोड़ो और बताओ (1-9) (ठोस वस्तुएँ)<br>• दिवस 3 (पृ. 112) की गतिविधि को दोहराएँ। | 10-1 तक की उल्टी गिनती और 2 अंक छोड़कर गिनती गिनेंगे<br>उल्टी गिनती, दो छोड़कर गिनो (20 तक)<br>• दिवस 5 (पृ. 114) की गतिविधि को दोहराएँ। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : अपना संगीत (भाग-1) (पृ. 164) | कार्य : Alphabet (चहक-3 पृ. 82-83) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : मोती धागा (पृ. 164) | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : मोती धागा (पृ. 164) |

इकाई 7
दिवस 7
DD/MM

# हमारे त्योहार

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ चार्ट पेपर, पानी में घुले हुए अलग-अलग रंग
- ☐ गेंद
- ☐ 4 विभिन्न आकार की गेंद, विभिन्न आकार की वस्तुएँ
- ☐ सफेद कागज
- ☐ हल्का बैग

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: एक से बीस की गिनती** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत के राष्ट्रीय चिह्नों को जानेंगे

### राष्ट्रीय चिह्न

- **चहक 3** (पृ. 76) की मदद से भारत के राष्ट्रीय चिह्नों को दिखाएँ।
- यह कौन-सा चिह्न है?
- आपने इस चिह्न को कहाँ देखा है?
- आपको कौन-सा चिह्न अच्छा लगा? क्यों?
- बच्चों से राष्ट्रीय चिह्नों के महत्व के बारे में चर्चा करें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: प्यासा कौआ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी अपने शब्दों में दोहराएँ।
- कहानी में कैसा मौसम था?
- कौआ क्यों दुखी हो गया था?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान 'र'

- 'र' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'रस्सी'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'र' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'र' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




आकार के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

### आओ तुलना करें

- चार विभिन्न आकार की गेंद लें। बड़ा-छोटा-उससे छोटा बताएँ। सबसे छोटी गेंद रखकर तुलना करें। बड़ी- छोटी-उससे छोटी- सबसे छोटी को 2-3 बार अन्य वस्तुओं के साथ करें।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- विभिन्न आकार की वस्तुओं से बड़ी-छोटी-उससे छोटी-सबसे छोटी वस्तुएँ के क्रम में लगाने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : शुभकामना कार्ड (कदम** पृ. 63) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: संतुलन के साथ चलना (कदम** पृ. 65) |

इकाई 7
दिवस 8
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- कागज और रंग
- 'र' वर्ण से और अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्र/वस्तु
- बोतल, कंकड़
- चॉक, एक हल्की किताब

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: एक से बीस की गिनती** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




भारत के राष्ट्रीय चिह्नों को जानेंगे

## राष्ट्रीय चिह्न (अशोक चक्र)

- यह कौन-सा राष्ट्रीय चिह्न है?
- यह अशोक चक्र है।

**अंगूठे की छाप :**

- बच्चों को अशोक चक्र का चित्र दें।
- बच्चों को अशोक चक्र में नीले रंग से अंगूठे की छाप लगाने के लिए कहें।
- **चर्चा : चहक-3** (पृ. 76) दिखाकर राष्ट्रीय चिह्नों का दोहराव करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

## कहानी: प्यासा कौआ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी अपने शब्दों में सुनाएँ।
- कहानी में कैसा मौसम था?
- कौआ क्यों दुखी हो गया था?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- पानी मिलने पर कौए को कैसा लगा होगा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## चित्रों को छाँटना : पहली ध्वनि 'र'

- 'र' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (रथ और बतख)
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'र' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



आकार के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

## बड़ा-छोटा-उससे छोटा-सबसे छोटा

- **कदम** (पृ. 64) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : मेरा वाद्य यंत्र (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: गुंजन** (पृ. 164) **\| कार्य 2: किताब का संतुलन (हाथ से)** (पृ. 164) |

इकाई 7
दिवस 9
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- अर्ध गोलाकार कागज की प्लेट/कागज, रंग, पीले रंग से लौ के आकार का कट-आउट, धागा
- चार विभिन्न ऊँचाई के पौधे, विभिन्न आकार की वस्तुएँ
- पुराने डिब्बे, पेड़ की टहनी
- चॉक, एक हल्की किताब

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविताः देखो कितने त्योहार हमने पाए** (पृ. 163) \| **कार्यः कैलेंडर** (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत में मनाये जाने वाले त्योहारों के बारे में जानेंगे

### हमारे त्योहार

- **चहक-3** (पृ. 77) की मदद से भारत के त्योहारों के बारे में बताएँ।
- आपके घर में कौन-कौन से त्योहार मनाए जाते हैं?
- आप त्योहार के दिन क्या-क्या करते हैं?
- त्योहार के दिन आप कैसे कपड़े पहनते हैं?
- **चर्चा** : हम यह त्योहार क्यों मनाते हैं?

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानीः प्यासा कौआ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या पानी हम सबके लिए जरूरी है?
- क्या सभी जानवरों/पक्षियों को प्यास लगती होगी?
- क्या उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ता होगा?
- क्या हम जानवरों और पक्षियों तक पानी पहुँचाने में मदद कर सकते हैं? कैसे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान : 'ल'

- 'ल' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'लट्टू'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'ल' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।

**गेंद का खेल**

- जिसके पास गेंद आएगी, उसे 'ल' से शुरू होने वाला शब्द बताना है।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

### आओ तुलना करें (ऊँचा-छोटा)

- 3 पौधे लेकर छोटा-ऊँचा-उससे ऊँचा की अवधारणा बताएँ। सबसे ऊँचा पौधा रखकर तुलना करें। छोटा-ऊँचा-उससे ऊँचा-सबसे ऊँचा 2-3 बार दोहराएँ।
- अन्य वस्तुओं के साथ भी करें।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- विभिन्न ऊँचाई की वस्तुएँ दें। वस्तुओं को क्रम से छोटा-ऊँचा-उससे ऊँचा-सबसे ऊँचा लगाने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य : मेरा वाद्य यंत्र (भाग-2)** (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **कार्य 1: गुंजन** (पृ. 164) \| **कार्य 2: किताब का संतुलन (हाथ से)** (पृ. 164) |

इकाई 7
दिवस 10
DD/MM

# हमारे त्योहार

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज और कुछ रंग
- ☐ 'ल' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ चार विभिन्न ऊँचाई के पौधे, झंडी पर चिपकाया गोल कार्ड बोर्ड,
- ☐ धागा, मोती
- ☐ चॉक, एक हल्की किताब

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: देखो कितने त्योहार हमने पाए** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




भारत में मनाये जाने वाले त्योहारों के बारे में जानेंगे

## हमारे त्योहार (चित्र बनाएँ)

- बच्चों को एक सफेद कागज और कुछ रंग दें।
- बच्चों को किसी त्योहार का चित्र बनाने के लिए कहें, जो वो घर पर मनाते हैं।
- आपने चित्र में क्या बनाया है?
- यह त्योहार कब मनाया जाता है?
- आप इस दिन क्या-क्या करते हैं?

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: नानी की छत (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- गर्मियों की छुट्टियों में शीला के घर कौन आया था?
- शीला के भाई-बहन का नाम क्या था ?
- उन्होंने कहाँ सोने की योजना बनाई?
- शीला को क्या कमी लग रही थी?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## चित्रों को छाँटना : पहली ध्वनि 'ल'

- 'ल' वर्ण और अन्य वर्ण से जुड़े चित्र/वस्तु बच्चों को दिखाएँ। (लड़का और मटर)
- कौन-सा चित्र/वस्तु का नाम 'ल' वर्ण से शुरू होता है?
- अन्य चित्रों/वस्तुओं की सहायता से गतिविधि को दोहराएँ और सभी को बोलने का अवसर दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

## आओ तुलना करें (ऊँचा-छोटा)

- 3 पौधे लेकर छोटा-ऊँचा-उससे ऊँचा की अवधारणा बताएँ। सबसे ऊँचा पौधा रखकर तुलना करें। छोटा-ऊँचा-उससे ऊँचा-सबसे ऊँचा 2-3 बार दोहराएँ।
- अन्य वस्तुओं के साथ भी करें।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- विभिन्न ऊँचाई की वस्तुएँ दें। वस्तुओं को क्रम से छोटा-ऊँचा-उससे ऊँचा-सबसे ऊँचा लगाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मेरा वाद्य यंत्र (भाग-3)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: गुंजन** (पृ. 164) | **कार्य 2: किताब का संतुलन (हाथ से)** (पृ. 164)

इकाई 7
दिवस 11
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सफेद कागज, पेंसिल और रंग
- ☐ इन्द्रधनुष, अलग-अलग रंग और आकृति के छोटे-छोटे कटआउट, धागा
- ☐ धागा / जूते का फीता, दो अलग-अलग रंगों के मोती

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविताः देखो कितने त्योहार हमने पाए** (पृ. 163) | **कार्यः कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




त्योहारों में क्या करें, क्या न करें जानेंगे

## राष्ट्रीय त्योहार (क्या करें, क्या न करें)

- पूरे सप्ताह किए गए त्योहारों को दोहराएँ।
- **चर्चा :** त्योहार पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए? किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
- **चहक 3** (पृ. 78) पर कार्य कराएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानीः नानी की छत (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ था?
- बच्चों ने छत पर सोने की योजना बनाते समय काम कैसे बाँटा?
- कहानी के अंत में क्या हुआ था?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




चित्र बनाकर उसके बारे में शब्दों / वाक्यों में अपने आप लिखेंगे

## चित्र बनाएँ और लिखें

- सफेद कागज, पेंसिल, रंग दें।
- आप किसके साथ त्योहार मनाना पसंद करते हैं?
- उनका चित्र बनाएँ।
- किसका चित्र बनाया है?
- चित्र बनाने के बाद नीचे व्यक्ति का नाम लिखने के लिए कहें।
- सुनिश्चित करें कि बच्चा लिखने का प्रयास करे। भले ही वह गलत हो।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




आकार और ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

## बढ़ता और घटता क्रम (बड़ा-छोटा, ऊँचा-छोटा)

- **कदम** (पृ. 64) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : वॉल हैंगिंग (भाग-1)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: मोती धागा (पैटर्न) (भाग-1)** (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 115 पर देखें।

इकाई 7
दिवस 13
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कागज और रंग
- ☐ 'र' और 'ल' से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र, 'र' और 'ल' का वर्ण कार्ड
- ☐ पैटर्न के लिए वस्तुएँ (पत्थर, पंख, पत्ती, फूल)
- ☐ दीपक का कट आउट, रंग, चिपकाकर सजाने वाली सामग्री, धागा
- ☐ धागा/जूते का फीता, दो अलग-अलग रंगों के मोती

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | कविता: देखो कितने त्योहार हमने पाए (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | चार कोनों में मुक्त खेल |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत में महान लोगों के जन्मदिन पर मनाये जाने वाले त्योहारों के बारे में जानेंगे

### हमारे त्योहार (शिक्षक दिवस)

- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं।
- **चर्चा** : डॉ. राधाकृष्णन कौन थे? शिक्षक दिवस को हम कब और कैसे मनाते हैं?

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- कागज और रंग दें। शिक्षक दिवस से संबंधित कलाकृतियाँ बनाने के लिए कहें।
- कलाकृतियाँ बनाने में बच्चों की मदद करें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: नानी की छत (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन नानी के घर गए थे?
- क्या आप भी अपनी नानी या दादी के घर जाते हैं?
- आप कब उनके घर जाते हैं?
- क्या आपकी नानी, दादी, नाना, दादा आपको कहानियाँ सुनाते हैं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

### वर्ण के प्रतीक को पहचानना : 'र', 'ल'

- 'र' और 'ल' से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। जैसे, रथ, लकड़ी आदि।
- 'र' ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तुओं/चित्र कार्ड का नाम बताने के लिए कहें।
- 'र' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'र' लिखें।
- 'र' को ऐसे लिखते हैं।
- इसी तरह 'ल' वर्ण के लिए भी करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वस्तुओं, आवाजों और क्रिया कलापों के माध्यम से साधारण पैटर्न को बनाएंगे

### साधारण पैटर्न (ठोस वस्तुएँ)

- तीन अलग वस्तुएँ लें।
- ABBC पैटर्न बनाएँ।
- बच्चों को पैटर्न समझाएँ।
- इसी तरह तीन वस्तुओं से ABBCC का पैटर्न समझाएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- हर समूह को तीन वस्तुओं का सेट दें। ABBC और ABBCC पैटर्न बनाने के लिए कहें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | कार्य : वॉल हैंगिंग (भाग-2) (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | कार्य 1: पेट से साँस (पृ. 164) \| कार्य 2: मोती धागा (पैटर्न) (भाग-2) (पृ. 164) |

इकाई 7
दिवस 14
DD/MM

## हमारे त्योहार

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ कागज और रंग
- ☐ 'र' और 'ल' का वर्ण कार्ड
- ☐ धागा
- ☐ चॉक, एक हल्की किताब
- ☐ पत्थर, पंख, पत्ती, फूल, बड़े बटन और ब्लॉक

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: आओ खेलें गेंद से** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




भारत में महान लोगों के जन्मदिन पर मनाये जाने वाले त्योहारों के बारे में जानेंगे

### हमारे त्योहार (बाल दिवस)

- पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन को हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं।
- **चर्चा** : पंडित नेहरु कौन थे? बालदिवस क्यों, कब और कैसे मनाते हैं?

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- कागज और रंग दें। बाल दिवस से संबंधित कलाकृतियाँ बनाने के लिए कहें। कलाकृतियाँ बनाने में बच्चों की मदद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: नानी की छत (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आप अपनी गर्मियों की छुट्टियों में कहाँ जाते हैं?
- आपकी मौसी या बुआ के बच्चों के क्या नाम हैं?
- जैसे शीला ने उनके साथ छत पर सोने की योजना बनाई, आप अपने भाई-बहनों के साथ क्या-क्या करते हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

### वर्ण लिखना : 'र', 'ल'

- 'र' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'र' लिखें।
- बच्चों को उँगली से जमीन पर और हवा में 'र' लिखवाएँ।
- इसी तरह 'ल' वर्ण के लिए भी करें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'र', 'ल' लिखने का अभ्यास करवाएँ।
- नोटबुक/कागज में लिखने का अभ्यास कराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



वस्तुओं, आवाजों और क्रिया कलापों के माध्यम से साधारण पैटर्न को बनाएंगे

### साधारण पैटर्न

- **कदम** (पृ. 66) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : वॉल हैंगिंग (भाग-3)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: किताब का संतुलन (सिर पर)** (पृ. 164)

इकाई 7
दिवस 15
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] कुछ बटन, 1 से 9 तक के संख्या नाम कार्ड और 1 से 9 तक के संख्या कार्ड
- [ ] 3 समूह के लिए पूर्व तैयार किए गए वाद्ययंत्र
- [ ] चॉक, एक हल्की किताब

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: आओ खेलें गेंद से** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




भारत में मनाए जाने वाले खेती से संबंधित त्योहारों को जानेंगे

## हमारे त्योहार (मकर संक्रांति)

- मकर संक्रांति का नाम किस-किस ने सुना है?
- इस दिन हम क्या करते हैं? इस दिन खाने में क्या-क्या बनता है?
- अलग-अलग प्रदेशों में मकर संक्रांति अलग-अलग नाम से मनाई जाती है। (लोहड़ी, पोंगल)। इस दिन खेतों से कटी हुई फसलों की पूजा होती है।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: लोमड़ी और अंगूर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- लोमड़ी ने पेड़ पर क्या देखा?
- लकड़ी, रस्सी और पत्थर से लोमड़ी ने क्या बनाया?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों को ध्वनि से अलग कर पाएंगे

## ध्वनि को अलग करें

- 2-3 सीखे वर्ण वाले सरल शब्द लें। जैसे- जल, नल।
- आपको शब्द ध्यान से सुनकर उसकी ध्वनियों को अलग करना है। 2 बार शब्द बोलें।
- 'जल' में कौन-सी ध्वनियाँ सुनाई देती हैं?
- 'जल' में 'ज' और 'ल' की ध्वनि है।
- कुछ और अमात्रिक 2 वर्ण के शब्दों से गतिविधि दोहराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




9 तक वस्तुओं को गिनेंगे और अंकों से मिलान करेंगे

## गिनो और मिलाओ (1-9)

- **समूह कार्य (3 का समूह) :** प्रत्येक समूह से कुछ बटन, 1-9 तक संख्या कार्ड और नाम-कार्ड दें।
- कोई एक अंक बोलें।
- प्रत्येक समूह को उतने बटन, उसका संख्या कार्ड और संख्या नाम कार्ड रखकर दिखाने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : वाद्ययंत्र बजाना (भाग-1)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: किताब का संतुलन (सिर पर)** (पृ. 164)

इकाई 7
दिवस 16
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 3 समूह के लिए पूर्व तैयार किए गए वाद्ययंत्र
- ☐ चॉक और एक हल्की किताब

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: आओ खेलें गेंद से (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




महान लोगों के जन्मदिन और खेती से संबंधित त्योहारों पर क्या करें, क्या ना करें को जानेंगे

## हमारे त्योहार

- दिवस 13-15 पर चर्चा किए गए त्योहारों को दोहराएँ।
- प्रत्येक त्योहार में क्या करें, क्या ना करें पर चर्चा करें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- त्योहार पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं, वाक्य बोलें।
- सही-गलत पर सिर हिलाकर हाँ या नहीं बोलना है।
- एक बार स्वयं सिर हिलाकर हाँ और ना बताएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: लोमड़ी और अंगूर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी की शुरुआत में क्या हुआ था?
- लोमड़ी अंगूर क्यों नहीं खा पा रही थी?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




ध्वनि को जोड़कर शब्द बनाएंगे

## ध्वनि जोड़ें

- सीखे गए वर्ण वाले सरल शब्द की ध्वनियों को बोलें।
- 'न' और 'ल' जोड़कर क्या बनता है।
- 'न' और 'ल' जोड़कर 'नल' बनता है।
- इसी तरह कुछ और शब्द से गतिविधि दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 80) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




अंक '9' के संख्या प्रतीक को लिखेंगे

## आओ अंक सीखें (1-9)

- **कदम** (पृ. 67) पर दी गई गतिविधि बच्चों को समझाएँ और स्वयं करने दें।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : वाद्ययंत्र बजाना (भाग-2) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1: पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2: किताब का संतुलन (सिर पर) (पृ. 164)

इकाई 7
दिवस 17
DD/MM

# हमारे त्योहार

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'र', 'ल' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 'र' और 'ल' का वर्ण कार्ड
- ☐ कुछ फल, सब्जी, किताब, नकली नोट
- ☐ 3 समूह के लिए पूर्व तैयार किये गए वाद्ययंत्र
- ☐ चॉक और एक हल्की किताब

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: देखो कितने त्योहार हमने पाए** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों के बारे में जानेंगे

### हमारे त्योहार

- अब तक चर्चा किए गए सभी त्योहारों को दोहराएँ।
- राष्ट्रीय त्योहार कौन-से हैं?

**त्योहार पहचानो**

- त्योहारों से संबंधित वस्तुएँ/चित्र रखें।
- एक-एक करके आएँ और एक वस्तु/चित्र उठाकर बताएँ कि वह किस त्योहार से संबंधित है।
- उस त्योहार के बारे में बताना है।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: लोमड़ी और अंगूर (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने लोमड़ी को देखा है?
- अंगूर खाने में कैसे होते हैं?
- अंगूर तक न पहुँचने पर लोमड़ी को कैसा महसूस हुआ होगा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

### परिचित वर्ण

- 'र', 'ल' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। (रजाई - लड्डू -पपीता)
- 'र', 'ल' के वर्ण-कार्ड दें।
- वस्तुओं/चित्र कार्ड को वर्ण कार्ड से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 84) पर दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें। आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




1, 2, 5 और 10 रूपए के सिक्कों/नोटों से भारतीय मुद्रा को पहचानेंगे

### भारतीय मुद्रा की पहचान

- तीनों कोनों में कुछ सामान रखें। उन पर उनका मूल्य लिखें।
- बच्चों को नकली नोट दें।
- इन नोटों से रखी चीजों को खरीदें, जितने का नोट है।
- एक बार स्वयं खरीदकर दिखाएँ।
- सभी बच्चों को खरीदने का मौका दें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : वाद्ययंत्र बजाना (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: किताब का संतुलन (सिर पर)** (पृ. 164) |

# इकाई आकलन

इकाई 7
दिवस 18
DD/MM

## हमारे त्योहार

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ कोई ऐसी बिग बुक, जिनकी कहानी बच्चों ने ना सुनी हो
- ☐ 9 बटन/मोती और 1-9 तक के अंक कार्ड
- ☐ 3 समूह के लिए पूर्व तैयार किये गए वाद्ययंत्र
- ☐ धागा/जूते का फीता, मोती

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः आओ खेलें गेंद से (पृ. 163) \| कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

### भारत में मनाये जाने वाले विभिन्न त्योहारों के बारे में जानेंगे

**हमारे त्योहार**

- त्योहारों के नाम दोहराएँ। **चहक 3** (पृ. 78) का कार्य कराएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

### किताब के कवर पृष्ठ देखकर कहानी का अनुमान लगाएंगे

**अनुमान लगाओ**

- अपने पास कुछ बिग बुक रखें, जिसकी कहानी बच्चों ने नहीं सुनी हो।
- एक-एक बच्चे को बुलाएँ। बिगबुक का कवर चित्र दिखाएँ।
- चित्र में क्या/कौन दिख रहा है? चित्र देखकर बताएँ कि कहानी में क्या हो रहा होगा?
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

### दो समूह के वस्तुओं को जोड़ेंगे, जिसका जोड़ 9 तक हो

**जोड़ो और बताओ**

- एक बच्चे को बुलाएँ। 9 बटन और 1-9 तक के संख्या कार्ड दें। कोई एक अंक बोलें। उतने बटन और संख्या कार्ड रखने के लिए कहें।
- दूसरी संख्या बोलें। संख्या-कार्ड, बटन रखने के लिए कहें। बटन गिनकर जोड़ का संख्या-कार्ड दिखाने के लिए कहें। **कदम** (पृ. 68) पर कार्य करवाएँ।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्यः वाद्ययंत्र बजाना (भाग-2) (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | आकलनः मोती धागा (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |



# 8. मौसम

प्रत्येक मौसम की प्रमुख विशेषताओं को पहचानना और इन्हें महीनों, त्योहारों और भोजन के साथ जोड़ना

X4G3A5

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- अलग-अलग मौसम को पहचानेंगे *
- मौसम के अनुसार पहने जाने वाले कपड़ों और खाद्य पदार्थों को पहचानेंगे
- मौसम में मनाए जाने वाले त्योहारों को पहचानेंगे
- मौसम के अनुसार की जाने वाली गतिविधि को जानेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे
- तुकांत शब्दों को पहचानेंगे *
- परिचित शब्दों से विषयों पर चर्चा करेंगे
- एक वाक्य में चित्र या पेंटिंग का वर्णन करेंगे
- 'स', 'ह' वर्ण को पहचानेंगे और स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

**संज्ञानात्मक विकास**

- वस्तुओं से पैटर्न बनाएंगे *
- आकार, लम्बाई, ऊँचाई व वजन के आधार पर तुलना करेंगे
- किसी घटना के कारण और प्रभाव को जानेंगे *
- 9 तक की संख्या वाली वस्तुओं को घटाएंगे
- सही अंक को पहचानेंगे

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- क्रियाओं को ध्यान से देखकर नकल करेंगे *
- धागे और रंग के माध्यम से आकृतियाँ बनाकर उसके बारे में बताएंगे
- संगीत को सुनकर लय और ताल को ध्यान में रखते हुए दोहराएंगे
- विभिन्न सामग्रियों से चित्र बनाएंगे *

**शारीरिक विकास**

- साँस को लय के साथ लेंगे, छोड़ेंगे और साँस पर नियंत्रण करेंगे
- किसी वस्तु को हाथ से उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखेंगे
- एक पैर पर शरीर का संतुलन बनाएंगे *

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 8
दिवस 1
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] चार अलग लम्बाई की डंडी, विभिन्न लम्बाई की वस्तुएँ
- [ ] 1 पानी / मिट्टी / अनाज से भरी हुई बाल्टी और 1 खाली बाल्टी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविताः जाड़ा** (पृ. 163) \| **कार्यः कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




अलग-अलग मौसम को पहचानेंगे

## मौसम (सर्दी)

- **कविता जाड़ा** (पृ. 163) को दो बार हाव-भाव के साथ गाएँ।
- बाहर देखकर बताओ क्या तुम्हें ठंडी / गर्मी महसूस हो रही है?
- जब ज्यादा कपड़े पहनने पड़ें, शरीर काँपे, वो सर्दी का मौसम होता है।
- सर्दी के मौसम में क्या खाते हैं?

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानीः सर्दी का समय (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत कैसे हुई?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- कहानी में मौसम कैसा था?
- राजा की माँ इंसानों के बारे में क्या कहती थी?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




बातचीत के दौरान सीखे गए शब्दों का उपयोग करके अभ्यास करेंगे

## दृश्य शब्दों का अभ्यास

- सर्दी के मौसम में आप क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं?

**समूह कार्य : (जोड़ियों में)**

- सर्दी से संबंधित एक शब्द / स्थिति कहें। (गर्म खाना, गर्म कपड़े पहनना)
- बच्चे अभिनय करके दिखाएंगे।
- बाकी बच्चे अंदाजा लगाएंगे और वाक्य में बोलेंगे।
- एक उदाहरण करके दिखाएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




लंबाई के आधार पर वस्तुओं को क्रम से रखेंगे

## बढ़ता क्रम-घटता क्रम (लम्बा-छोटा)

- अलग लम्बाई की डंडी लें। लम्बा-छोटा-उससे छोटा डंडियाँ दिखाकर दोहराएँ।
- सबसे छोटी डंडी रखें।
- यह डंडी सबसे छोटी है।
- अन्य वस्तुओं से समझाएँ।
- इसी तरह छोटा-लम्बा-उससे लम्बा-सबसे लम्बा को समझाएँ।
- वस्तुओं को बढ़ते और घटते क्रम में रखने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : मेरे जैसा करो (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: फूल सूँघो** (पृ. 164) \| **कार्य 2: बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-1)** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 2
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ सूखे पत्ते, कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ चार अलग लम्बाई की डंडी, विभिन्न लम्बाई की वस्तुएँ
- ☐ 1 पानी / मिट्टी / अनाज से भरी हुई बाल्टी, मग और 1 खाली बाल्टी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: जाड़ा** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




मौसम के अनुसार पहने जाने वाले कपड़ों को पहचानेंगे

## मौसम (सर्दी के कपड़े)

- सर्दी के मौसम में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं?
- **चहक 3** (पृ. 86) को दिखाते हुए चर्चा करें।

**गतिविधि :**

- सोचो बीच में आग है, उसके चारों ओर घूमो। जब मैं कहूँ 'सर्दी भगाओ-सर्दी भगाओ, बजाओ ताली', तीन बार ताली बजाओ।
- जब कहूँ 'सर्दी भगाओ-सर्दी भगाओ, कूदो ऊपर' तीन बार कूदो।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: सर्दी का समय (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी का क्या नाम था?
- राजा कैसे खो गया था?
- राजा को कौन उठाकर लेकर गया था?
- राजा की आँखों में आँसू क्यों आ गए थे?
- बच्चे ने राजा के साथ क्या किया?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




चित्र को स्पष्ट रूप से बनाएंगे और अपने शब्दों में उद्देश्य को व्यक्त करेंगे

## चित्र बनाएँ और बताएँ

- सर्दी के मौसम में आप क्या करना पसंद करते हो?
- इकठ्ठा किये गए पत्ते और सफेद कागज बच्चों को दें।
- सर्दी के मौसम की एक वस्तु का चित्र बनाने के लिए कहें।
- उस पर पत्ते चिपकाकर सजाने के लिए कहें।
- आपने क्या बनाया है?
- आपको यह वस्तु क्यों पसंद है?

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




लम्बाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

## बढ़ता क्रम-घटता क्रम (लम्बा-छोटा)

- **दिवस 1** (पृ. 128) की गतिविधि दोहराएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मेरे जैसा करो (भाग-2)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: फूल सूँघो** (पृ. 164) | **कार्य 2: बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-1)** (पृ. 164)

इकाई 8

दिवस 3

DD/MM

## मौसम

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ सर्दी के फल और सब्जी या उनके चित्र कार्ड
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल, रबड़
- ☐ चार अलग वजन के पत्थर, विभिन्न वजन की वस्तुएँ

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: जाड़ा (पृ. 163) \| कार्य: कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

### सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




मौसम के अनुसार खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को पहचानेंगे

### मौसम (सर्दी में खाना)

- सर्दियों में खाए जाने वाले फल / सब्जी / वस्तुएँ / उनके चित्र कार्ड रखें। (अमरुद, मूँगफली)
- आप ये कब खाते हैं?
- ये सर्दी के मौसम में मिलती है।
- आपको सर्दी में क्या खाना पसंद है और क्यों? (मुझे मूँगफली पसंद है, उसका स्वाद अच्छा लगता है)
- **चहक 3** (पृ. 86) दिखाकर चर्चा करें।

### कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: सर्दी का समय (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आप कभी राजा की तरह खोए हैं?
- आपको कैसा लगा था?
- आप अपने परिवार से कैसे मिले?
- अपने परिवार से मिलकर आपको कैसा लगा था?

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों का प्रयोग करके अनुभवों और वस्तुओं का वर्णन कर पाएंगे

### वर्णात्मक शब्द

- सर्दी में खाई जाने वाली फल-सब्जियाँ / चित्र दिखाएँ।
- ये क्या है ?

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक खाने की वस्तु उठाएँ।
- उसका नाम और विशेषताओं के बारे में बताएँ। (रंग, स्वाद, इससे क्या-क्या बन सकता है, कैसे खाते हैं?)

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वजन के आधार पर वस्तुओं को क्रम से रखेंगे

### बढ़ता क्रम-घटता क्रम (भारी-हल्का)

- विभिन्न वजन के पत्थर लें। भारी-हल्का-उससे हल्का पत्थरों से दोहराएँ। सबसे हल्का पत्थर रखें।
- यह पत्थर सबसे हल्का है।
- गतिविधि को अन्य वस्तुओं से भी समझाएँ।
- इसी तरह हल्का-भारी-उससे भारी-सबसे भारी समझाएँ।
- वजन के अनुसार वस्तुओं को बढ़ते और घटते क्रम में रखने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : मेरे जैसा करो (भाग-3) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: फूल सूँघो (पृ. 164) \| कार्य 2: फाड़े बिना मिटाओ (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 4
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कार्ड बोर्ड से बना पेड़, रंगीन और चमकीला कागज
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ चार अलग वजन के पत्थर, विभिन्न वजन की वस्तुएं
- ☐ कुर्सी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: जाड़ा** (पृ. 163) **\| कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




विभिन्न मौसम में मनाए जाने वाले त्योहारों को पहचानेंगे

### मौसम (सर्दी के त्योहार)

- आप सर्दियों में और कौन-कौन से त्योहार मनाते हैं?
- सर्दियों की छुट्टी के बारे में बात करें।
- कार्ड बोर्ड और सामग्री से सर्दी में मनाए जाने वाले एक त्योहार का चित्र बनाएँ।
- रंगीन कागज और सजावट के सामान से सजाएँ।
- चमकीले कागज से आकृतियाँ बनाकर चित्र पर चिपकाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: सर्दी का समय (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने कभी किसी जानवर का परिवार देखा है?
- क्या जानवरों को भी ठण्ड लगती है?
- ठंड के समय हम उनकी मदद कैसे कर सकते हैं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट



एक वाक्य में सीखी गई शब्दावली का उपयोग करके चित्र/पेंटिंग का वर्णन करेंगे

### चित्र बनाएँ और बताएँ

- **कहानी सर्दी का समय** (पृ. 163) दोहराएँ।
- सफेद कागज, पेंसिल, रंग दें।
- अगर आप उस बच्चे की जगह होते तो आप राजा को कैसे बचाते?
- कागज पर चित्र बनाएँ।
- चित्र बनाने के बाद बच्चे को वाक्य में बताने के लिए कहें।
- आपने क्या बनाया है?
- आपने राजा को कैसे बचाया?

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




वजन के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे

### बढ़ता क्रम-घटता क्रम (भारी-हल्का)

- **दिवस 3** (पृ. 130) की गतिविधि दोहराएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : मेरे जैसा करो (भाग-4)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: फूँक मारो** (पृ. 164) **\| कार्य 2: संतुलन और ताली** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 5
DD/MM

## मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ गुब्बारे, पिन, टॉर्च
- ☐ कुर्सी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: सूरज निकला, चिड़िया बोली** (पृ. 163) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




मौसम के अनुसार ली जाने वाली सावधानियों को जानेंगे

### मौसम (सर्दी में सावधानियाँ)

- **कहानी: सर्दी का समय** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ सुनाएँ।
- राजा ने किसको पकड़ा?
- बच्चे ने राजा को कहाँ रख लिया?
- हमें भी सर्दी के मौसम में अपना ख्याल रखना चाहिए।
- स्वेटर, दस्ताने, टोपी, मोजे से हम ठण्ड से बच सकते हैं।
- पौष्टिक खाना खाना चाहिए।

**चहक 3** (पृ. 86) का अवधारणा पृष्ठ दिखाते हुए चर्चा करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले दिए गए प्रश्न पूछें :
- चित्र में क्या/कौन दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ।
- किताब के चित्र दिखाकर चर्चा करें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




चित्र बनाकर उसके बारे में शब्दों / वाक्यों में अपने आप लिखेंगे

### चित्र बनाएँ और लिखें

- **कहानी : गगन की लापरवाही (बिग बुक)** को दोहराएँ।
- सफेद कागज, पेंसिल, रंग दें।
- आपको कौन-सा खिलौना पसंद है, उसका चित्र बनाएँ?
- चित्र बनाने के बाद खिलौने का नाम लिखें।
- सुनिश्चित करें कि बच्चा लिखने का प्रयास करे। भले ही वह गलत हो।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




किसी घटना के कारण और प्रभाव को जानेंगे और मिलाएंगे

### आओ जानें (कारण-प्रभाव)

- गुब्बारा फुलाएँ।
- मैंने क्या किया? अगर इसमें पिन लगाएँ तो क्या होगा?
- अगर हम कुछ करते हैं (कारण), तो उसका कोई नतीजा निकलता है (प्रभाव)
- **कारण :** आपसे पानी गिरा।
- **प्रभाव :** जमीन गीली हो गई।

**गतिविधि : अगर..तो..**

- अगर बत्ती चली जाए तो ... (पंखा बंद हो जाएगा)
- ऐसे और उदाहरण पूछें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मेरे जैसा करो (भाग-5)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: फूँक मारो** (पृ. 164) | **कार्य 2: संतुलन और ताली** (पृ. 164)

# मौसम



| | इकाई 8 दिवस 6 DD/MM | इकाई 8 दिवस 12 DD/MM |
|---|---|---|
| | ☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ चार अलग लम्बाई की डंडी<br>☐ चार अलग वजन के पत्थर, विभिन्न वजन की वस्तुएँ<br>☐ 1 पानी / मिट्टी / अनाज से भरी और 1 खाली बाल्टी कागज, 3 पानी में घुले रंग, धागा, पतली किताब | ☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही<br>☐ 10 बटन / मोती के 4-5 सेट, कार्ड बोर्ड, ऊन, रंग<br>☐ 2 बाल्टी, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी<br>☐ भिन्डी का कटआउट, ऊन का गोला, घुले हुए रंग |
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: जाड़ा** (पृ. 163)<br>**कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) | **कविता: सूरज निकला, चिड़िया बोली** (पृ. 163)<br>**कार्य: कैलेंडर** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |
| **सामाजिक एवं भावनात्मक विकास: 30 मिनट** | **मौसम के अनुसार ली जाने वाली सावधानियों को जानेंगे**<br>**मौसम (सर्दी में सावधानियाँ)**<br>• **दिवस 5** (पृ.132) की गतिविधि दोहराएँ।<br>• **कविता: आसमान के तारे चहक 3** (पृ. 85) पर कार्य करवाएँ। | **मौसम के अनुसार ली जाने वाली सावधानियों को जानेंगे**<br>**मौसम (बरसात में खाना)**<br>• **दिवस 11** (पृ. 138) की गतिविधि दोहराएँ। |
| **कहानी का समय : 30 मिनट** | **कहानी को परिचित अनुभवों से जोड़ेंगे पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>**कहानी : सर्दी का समय** (पृ. 163)<br>• **दिवस 4** (पृ.131) की गतिविधि दोहराएँ। | **किताब के कवर और चित्रों को पहचानकर सही तरीके से पन्ने पलटेंगे**<br>**कहानी : गगन की लापरवाही (बिग बुक)**<br>• **दिवस 5** (पृ.132) की गतिविधि दोहराएँ। |
| **ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट** | **बातचीत के दौरान सीखे गए शब्दों का उपयोग करके अभ्यास करेंगे**<br>**दृश्य शब्दों का अभ्यास**<br>• **दिवस 1** (पृ. 128) गतिविधि दोहराएँ। | **सहायता के साथ रेखाएँ खींचेंगे**<br>**रेखाएँ खींचें**<br>• **चहक 3** (पृ. 90) की गतिविधि दोहराएँ। |
| **संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट** | **लम्बाई, वजन के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से रखेंगे**<br>**बढ़ता क्रम-घटता क्रम (वजन, लम्बाई)**<br>• **दिवस 1** (पृ. 128) और **दिवस 3** (पृ. 130) की गतिविधि को दोहराएँ। | **9 तक की संख्या वाले दो समूह की वस्तुओं को घटाएंगे**<br>**घटाओ और बताओ (1-9)**<br>• **कदम** (पृ. 72) की गतिविधि दोहराएँ। |
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : I hear thunder** (चहक-3 पृ. 92) | **कार्य 1 : छाप बनाओ (भाग-4)** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 62) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1 : फूल सूँघो** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-1)** (पृ. 164) | **कार्य 1 : फूल सूँघो** (पृ. 164)<br>**कार्य 2 : बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-2)** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 7
DD/MM

## मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही
- ☐ कागज
- ☐ गेंद
- ☐ 3 पानी में घुले रंग, धागा, पतली किताब
- ☐ कुर्सी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: सूरज निकला, चिड़िया बोली** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

### सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




अलग-अलग मौसम पहचानेंगे

## मौसम (बरसात)

- कागज की नाव बनाएँ।
- इसका क्या करते हैं? पानी में कौन-कौन तैरता है? बरसात के पानी में किसने तैराया है?
- साल के कुछ महीनों में बहुत बारिश होती है। इस मौसम को बरसात का मौसम कहते हैं।
- आपको बरसात के मौसम में क्या दिखता है? कैसा लगता है? क्या करते हैं?
- सभी को कागज के टुकड़ें दें। कागज की नाव बनवाएँ।

### कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- कहानी का क्या नाम था?
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत कैसे हुई?
- कहानी का अंत कैसे हुआ?
- आपको कहानी कैसी लगी?

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों में पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## पहली ध्वनि की पहचान : 'स'

- 'स' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, 'सड़क'।
- पहली ध्वनि बताएँ। बच्चों को दोहराने के लिए कहें। 'स' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।
- **गेंद का खेल** : एक बच्चे को गेंद पास करें।
- 'स' से शुरू होने वाला एक शब्द बताने के लिए कहें।

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दो समूह की वस्तुओं को जोड़ेंगे, जिसका योग 9 तक हो

## जोड़ो और बताओ (1-9) (चित्र)

- **कदम** (पृ. 69) पर दी गई गतिविधि कराएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : धागा खींचें (कदम** पृ. 75) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: फूँक मारो** (पृ. 164) \| **कार्य 2: संतुलन और ताली** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 8
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ छाता, रस्सी
- ☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही
- ☐ 'स' वर्ण से शुरू होने वाले वस्तुएँ/चित्र- सब्जी, समोसा, सेब।
- ☐ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्र/वस्तुएँ
- ☐ तरबूज का कटआउट, ऊन का गोला, घुले हुए रंग

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: सूरज निकला, चिड़िया बोली** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




मौसम के अनुसार पहने जाने वाले कपड़ों को पहचानेंगे

## मौसम (बरसात के कपड़े)

- बरसात की तरह आवाज निकालें, छाता लगाकर बारिश से बचने का अभिनय करें।
- छाते का क्या काम है? रेनकोट के बारे में चर्चा करें।
- **गतिविधि (छपाक)** : रस्सी से गोला बनाएँ।
- सोचो इसमें पानी है, इसे बिना छुए चारों तरफ घूमें। हम 10 से 1 तक गिनेंगे, 1 पर 'छपाक' बोलते हुए कूदें।
- **कविता: मौसम चहक 3** (पृ. 88) में दी कविता को कराएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

## कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले कवर पेज दिखाकर पूछें :
- चित्र में कौन दिख रहा है?
- चित्र में क्या हो रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कि कहानी में क्या हो रहा होगा?
- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




वर्ण ध्वनि को संबंधित वस्तुओं या चित्रों के साथ मिलाएंगे

## चित्रों को छाँटना 'स'

- 'स' और अन्य वर्ण का एक-एक वस्तु/चित्र कार्ड दिखाएँ, जैसे- सब्जी, रथ।
- बच्चों से 'स' ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द बताने के लिए कहें।
- इसी तरह अन्य चित्र/वस्तुओं से गतिविधि को दोहराएँ।
- सबको बोलने का मौका दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




समूह से वस्तुओं को कम करते समय 'घटाना' और 'बचे' शब्द का प्रयोग करेंगे

## घटाओ और बताओ (1-9)

- 8 बच्चों को खड़ा करें।
- एक को बुलाकर गिनवाएँ। उत्तर दोहराएँ। एक बच्चे को बैठा दें। फिर से एक बच्चे को बुलाकर खड़े बच्चे गिनवाएँ।
- पहले 8 बच्चे थे, एक बच्चा गया तो कुल 7 बच्चे बचे।
- दो बार दोहराएँ। 'घट' और 'बच' शब्द पर जोर देकर दोहराएँ।
- इसे बटन और मोती के साथ भी कराएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : छाप बनाओ (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: उँगली घुमाओ** (पृ. 164) \| **कार्य 2: ताड़ासन** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 9
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही
- ☐ गेंद
- ☐ 4 समूह के लिए 9 बटन
- ☐ संतरे का कटआउट, ऊन का गोला, घुले हुए रंग

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: बरसा पानी** (पृ. 163) \| **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




मौसम के अनुसार खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को जानेंगे

### मौसम (बरसात में खाना)

- बरसात के मौसम पर चर्चा दोहराएँ।
- आपने बरसात के मौसम में क्या-क्या देखा है?
- क्या कभी गली में भुट्टा बिकते देखा है? कब?
- आप बरसात के मौसम में क्या-क्या खाते हैं? माँ बारिश में क्या-क्या खाने को देती है?
- **चहक 3** (पृ. 88) पर कार्य कराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: गगन की लापरवाही (बिग बुक)

- किताब के चित्रों को दिखाते हुए कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी अपने शब्दों में दोहराएँ।
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- गगन ने खिलौने कहाँ छोड़ दिए थे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

### पहली ध्वनि की पहचान 'ह'

- 'ह' से शुरू होने वाला शब्द दो बार बोलें। जैसे, हल।
- पहली ध्वनि बताएँ।
- बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- 'ह' से शुरू होने वाले और शब्द पूछें।
- **गेंद का खेल** : एक बच्चे को गेंद पास करें।
- 'ह' से शुरू होने वाला एक शब्द बताएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




9 तक की संख्या वाले दो समूह की वस्तुओं को घटाएंगे

### घटाओ और बताओ (1-9)

- **दिवस 8** (पृ. 135) की गतिविधि दोहराएँ।
- **समूह कार्य (4 समूह)** : प्रत्येक समूह को 9 बटन दें। 1-9 के बीच कोई एक अंक बोलें।
- पहले बोले गए अंक से कम कोई दूसरा अंक बोलें। ढेर से बोले गए अंक जितने बटन कम कर दें। बचे हुए बटन को गिनने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : छाप बनाओ (भाग-2)** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 59) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: उँगली घुमाओ** (पृ. 164) \| **कार्य 2: ताड़ासन** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 10
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : गगन की लापरवाही
- ☐ 'ह' और अन्य वर्ण के एक-एक वस्तु/चित्र कार्ड
- ☐ 4 समूह के लिए 9 बटन
- ☐ गाजर का कटआउट, ऊन का गोला, घुले हुए रंग

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: बरसा पानी** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




विभिन्न मौसम में मनाए जाने वाले त्योहारों को पहचानेंगे

## मौसम (बरसात के त्योहार)

- क्या आप बारिश में बाहर खेलते हो या घर में?
- गेंद जिसके पास आएगी, वह बरसात में क्या करता है बताएंगे।
- हमें बरसात में क्या करना पसंद है। (नाव चलाना)
- बरसात के मौसम के त्योहारों पर चर्चा करें। (स्वतंत्रता दिवस)
- **कविता : नन्हा-मुन्ना राही हूँ** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ गीत गायें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: रिंकी की गर्मियों की छुट्टियाँ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत कैसे हुई?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- रिंकी के दादाजी-दादीजी कहाँ रहते थे?
- गाँव शहर से कैसे अलग होता है?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों की पहली ध्वनि को पहचानेंगे

## चित्रों को छाँटना : पहली ध्वनि 'ह'

- 'ह' और अन्य वर्ण के एक-एक वस्तु/चित्र कार्ड दिखाएँ। जैसे, हल्दी और लड़का।
- बच्चों को 'ह' ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द को बताने के लिए कहें।
- अन्य वस्तुओं/चित्र कार्ड से गतिविधि को दोहराएँ।
- सभी बच्चों को मौका दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




9 तक की संख्या वाले दो समूह की वस्तुओं को घटाएंगे और पुनः गिनेंगे

## घटाओ और बताओ (1-9)

- **दिवस 9** (पृ. 136) दोहराएँ।
- **कदम** (पृ. 70) समझाएँ।
- प्रत्येक पंक्ति की गिलहरियों को गिनें।
- चित्र और गिनी हुई संख्या की तुलना करें।
- संख्या कैसे घटती जा रही है?

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य 1 : छाप बनाओ (भाग-3)** (पृ. 164) | **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 60)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: उँगली घुमाओ** (पृ. 164) | **कार्य 2: ताड़ासन** (पृ. 164)

इकाई 8
दिवस 11
DD/MM

## मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ रस्सी
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ 4 समूह के लिए 9 बटन, 1-9 के संख्या कार्ड
- ☐ 1 बाल्टी, 1 जग, पानी / मिट्टी / अनाज

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: बरसा पानी (पृ. 164) | कार्य: कैलेंडर (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




अलग-अलग मौसम को पहचानेंगे

### मौसम (बरसात में सावधानियाँ)

- रस्सी से पानी वाला गड्ढा और रास्ता बनाएँ। बच्चों से उसे कूदकर पार करवाएँ।
- क्या बरसात के मौसम में ऐसा करते हो? यह सुरक्षित नहीं है। चोट लग सकती है। गंदे पानी से बीमार हो सकते हैं। बारिश में भीगें तो कपड़े बदलें। पानी जमा न होने दें, इसमें मच्छर पनपते हैं।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: रिंकी की गर्मियों की छुट्टियाँ (पृ. 164)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- रिंकी गर्मियों की छुट्टियों में कहाँ गयी थी?
- कहानी का क्या नाम था?
- सुबह उठकर वो सबसे पहले क्या करती थी?
- रिंकी दादाजी-दादीजी के घर दिनभर क्या करती थी?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




चित्र बनाकर उसके बारे में शब्दों / वाक्यों में अपने आप लिखेंगे

### चित्र बनाएँ और लिखें

- सफेद कागज, पेंसिल, रंग दें।
- आपको कौन-सा मौसम पसंद है?
- आपको उस मौसम में क्या करना पसंद है?
- उसका चित्र बनाएँ।
- चित्र बनाने के बाद नीचे लिखने के लिए कहें।
- सुनिश्चित करें कि बच्चे लिखने का प्रयास करें। भले ही वह गलत हो।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




9 तक की संख्या वाले दो समूह की वस्तुओं को घटाएंगे और पुनः मिलाएगे

### घटाओ और बताओ (1-9)

**समूह कार्य (4 समूह) :**

- प्रत्येक समूह को 9 बटन और 1-9 के संख्या कार्ड दें।
- 1-9 में से कोई अंक बोलें।
- संख्या कार्ड दिखाकर उतने बटन का ढेर बनवाएँ।
- पहले अंक से छोटा कोई दूसरा अंक बोलें, उतने बटन हटाएँ। बचे हुए बटन को गिनकर उसका अंक कार्ड दिखाने के लिए कहें।
- **घटाएँ और बताएँ : कदम** (पृ. 71) को समझाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : **Alphabet** (चहक 3 पृ. 93-94)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1: खरगोश की साँस (पृ. 164) | कार्य 2: बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-2) (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 133 पर देखें।

इकाई 8
दिवस 13
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कागज की प्लेट, पीला रंग, काले कागज,
- ☐ 'स', 'ह' और अन्य वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र, 'स' वर्ण कार्ड
- ☐ कक्षा के प्रत्येक जोड़े के लिए 8 बटन
- ☐ 1 बाल्टी, 1 जग, पानी/चावल/अनाज/मिट्‌टी
- ☐ गेंद

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: बरसा पानी** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




अलग-अलग मौसम को पहचानेंगे

### मौसम (गर्मी)

- साल में कुछ महीने गर्मी बहुत लगती है। बताओ कौन-सा मौसम है? गर्मी का मौसम है।
- गर्मी के मौसम में हमें पंखे की आवश्यकता अनुसार होती है, खूब पानी पीते हैं। गर्मी में हम और क्या-क्या करते हैं?
- **गतिविधि :** कागज की प्लेट दें। पीले रंग से रंगे। आँख और बाहें बनाएँ। काले कागज से चश्मा बनाकर चिपकाएँ।
- **कविता 'गर्मी'** (पृ. 163) को करवाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: रिंकी की गर्मियों की छुट्टियाँ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- आप अपनी गर्मियों की छुट्टियों में कहाँ जाते हैं?
- आपके दादाजी-दादीजी कहाँ रहते हैं?
- क्या आप कभी गाँव गए हैं?
- यदि हाँ, तो क्या वह भी रिंकी के दादाजी-दादीजी के गाँव जैसा था?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को पहचानेंगे

### वर्ण के प्रतीक को पहचानना : 'स', 'ह'

- 'स', 'ह' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। जैसे, समोसा-हथौड़ी- बगुला।
- 'स' ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तुओं/चित्र कार्ड का नाम बताने के लिए कहें।
- 'स' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'स' लिखें।
- 'स' को ऐसे लिखते हैं।
- इसी तरह 'ह' वर्ण के लिए भी करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




9 तक की संख्या वाले
दो समूह की वस्तुओं को घटाएंगे

### बाँटकर गिनो

- दो बोलते हुए 2 बटन रखें। 2 और रखें। कहें, बिना गिने बताओ कितने बटन हैं? हम दो-दो के जोड़े में बटन रखेंगे, आपको एक छोड़कर गिनना है।
- 2 बटन रखें, कहें 2, फिर 2 बटन रखें कहें 4, इसी तरह 8 तक बताएं।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- प्रत्येक जोड़े को 8 बटन दें। उन्हें बटन को जोड़े में रखकर, एक छोड़कर गिनवाएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : नन्हा मुन्ना राही हूँ** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: खरगोश की साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: फाड़े बिना मिटाओ** (पृ. 164) |

इकाई 8
दिवस 14
DD/MM

# मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ 'स' और 'ह' के वर्ण कार्ड
- ☐ प्रत्येक जोड़ी के लिए 9 बड़े बटन
- ☐ 1 बाल्टी, 1 जग, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: मेरी उँगलियाँ** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




मौसम के अनुसार पहने जाने वाले कपड़ों को पहचानेंगे

### मौसम (गर्मी के कपड़े)

- आप गर्मी के मौसम में क्या करते हैं? जैसे दोस्तों के साथ शाम को खेलते हैं।
- गर्मी के मौसम में पंखे के नीचे और पानी अच्छा लगता है, पसीना बहुत आता है।
- हम गर्मी में कैसे कपड़े पहनते हैं? जैसे सूती कपड़े, हल्के रंग के कपड़े हमें ठंडा रखते हैं, पसीना कम निकलता है, पसीने को जल्दी सोखता है।
- **चहक 3** (पृ. 87) की पर दी गई कविता और गतिविधि कराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: रिंकी की गर्मियों की छुट्टियाँ (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- दादाजी-दादीजी के पास कौन-से जानवर थे?
- रिंकी दादाजी-दादीजी को कैसे मदद करती थी?
- रात को दादाजी-दादीजी रिंकी को क्या सुनाते थे?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

### वर्ण लिखना : 'स', 'ह'

- 'स' का वर्ण कार्ड दिखाएँ। बोर्ड पर 'स' लिखें।
- बच्चों को उँगली से जमीन और हवा में 'स' लिखवाएँ।
- इसी तरह 'ह' वर्ण के लिए भी करें।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- एक-दूसरे की पीठ पर 'स' और 'ह' लिखें।
- फिर उनके नोटबुक / कागज में लिखने का अभ्यास कराएँ।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




9 तक की वस्तुओं को बराबर समूह में बाँटकर गिन पाएंगे

### बराबर बाँटकर गिनो

- नौ बोलते हुए 9 बड़े बटन रखें।
- कहें, इनको 3 समूहों में बाँटना है।
- 1-1 करके बटन को तीन अलग-अलग समूह में रखें। सभी बटन समाप्त होने पर कहें, ये तीन समूहों में बँट गए।
- प्रत्येक समूह से बटनों को गिनें और कहें, 3-3 का समूह बना।

**समूह कार्य (जोड़ियों में)**

- प्रत्येक जोड़े को 6 बड़े बटन दें। बटनों को तीन बराबर हिस्सों में बाँटने को कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : नन्हा मुन्ना राही हूँ** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: खरगोश की साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-2)** (पृ. 164)

इकाई 8
दिवस 15
DD/MM

## मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ गर्मी में मिलने वाले फल, सब्जी, अनाज के चित्र कार्ड
- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ प्रत्येक बच्चे के लिए 2 A4 और स्टेपलर
- ☐ सफेद कागज, रुई, पानी में घुला नीला रंग

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: मेरी उँगलियाँ (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

### सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




मौसम के अनुसार खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को जानेंगे

### मौसम (गर्मी में खाना)

- अपने पास गर्मी में मिलने वाले फल, सब्जी, अनाज के चित्र कार्ड रखें।
- चित्र कार्ड दिखाकर उनके नाम पूछें।

**स्क्रैप बुक (4 समूह) :**

- प्रत्येक बच्चें को 2 A4 कागज बीच से मोड़कर स्टेपल करके दें।
- गर्मियों में मिलने वाली चीजों के चित्र चिपकाएँ। आप ये चित्र पुराने अखबार या मैगजीन से ले सकते हैं।

### कहानी का समय : 30 मिनट



किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

### कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- राजू के घर पर कौन-सा पेड़ था?
- राजू किसके साथ पेड़ के नीचे खेलता था?
- पिताजी किसको लाए?
- पिताजी ने लकड़ी काटने वाले को क्या करने को कहा?

### ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




शब्दों से ध्वनि को अलग कर पाएंगे

### ध्वनि को अलग करें

- 2-3 सीखे वर्ण वाले सरल शब्द ले। जैसे : जल। कहें, आपको शब्द ध्यान से सुनकर उसकी ध्वनियों को अलग करना है।
- पूछें, जैसे : 'बस' में ध्वनियाँ हैं?
- कहें, 'बस' में 'ब' और 'स' की ध्वनि है।
- इसी तरह कुछ और शब्द से गतिविधि दोहराएँ।

### संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दो समूहों की वस्तुओं को घटाएंगे और 9 तक पुनः गिनेंगे

### घटाओ और बताओ (1-9)

- दिवस 7 (पृ. 134) की गतिविधि को दोहराएँ।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : बरसात का चित्र (भाग-1) (अलग-अलग माध्यम से) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: सूँघो और फूँको (पृ. 164) \| कार्य 2: आओ खेलें (कदम पृ. 74) |

इकाई 8
दिवस 16
DD/MM

## मौसम

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ सीखे वर्णों के वर्ण कार्ड
- ☐ नीला रंग पानी में घुला हुआ

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: मेरी उँगलियाँ** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




विभिन्न मौसम में मनाए जाने वाले त्योहारों को पहचानेंगे

### मौसम (गर्मी के त्योहार)

- गर्मी में हम कौन-कौन से त्योहार मनाते हैं?
- हम उन त्योहारों में क्या-क्या करते हैं?
- अलग-अलग मौसम में आने वाले त्योहारों पर चर्चा करें।
- गर्मी की छुट्टियों में क्या अच्छा लगता है, क्या नहीं? कहाँ घूमने जाते हैं, वहाँ क्या करते हैं?
- **कविता : गर्मियों की छुट्टी आई** (पृ. 163) को हाव-भाव के साथ गाएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- पेड़ कट जाने की बात सुनकर राजू को कैसा लगा?
- वह पेड़ की टहनी से क्या-क्या करता था?
- माँ पेड़ की छाल से क्या करती थी?
- नीम की टहनी से दातुन करने से क्या होता हैं?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




ध्वनि को जोड़कर शब्द बनाएंगे

### ध्वनि जोड़ें

- 2-3 सीखे वर्ण वाले सरल शब्द को तोड़कर उसकी ध्वनियों को बोलते हुए पूछें, जैसे 'द' और 'स' जोड़कर क्या बनता है।
- बच्चों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करें।
- 'द' और 'स' जोड़कर 'दस' होता है।
- इसी तरह कुछ और शब्द से गतिविधि दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 91) पर कार्य करवाएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**



पैटर्न पहचानकर बना पाएंगे

### पैटर्न बनाना (ABAB, ABB, ABC)

- **कदम** (पृ. 73) पर कार्य करवाएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : बरसात का चित्र (भाग-2) (अलग-अलग माध्यम से)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: सूँघो और फूंको** (पृ. 164) | **कार्य 2: आओ खेलें (कदम** पृ. 74)

इकाई 8
दिवस 17
DD/MM

# मौसम

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ बिग बुक : पेड़ प्यारे दोस्त हमारे
- ☐ 'स', 'ह', 'र', 'ल' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र
- ☐ 9 बटन और 1-9 संख्या कार्ड के 4-5 सेट

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: बरसा पानी** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




मौसम के अनुसार ली जानी वाली सावधानियों को जानेंगे

### मौसम (गर्मी में सावधानियाँ)

- **कहानी: प्यासा कौआ** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ कहानी सुनाएँ।
- क्या कौआ प्यासा था? क्या उस दिन गर्मी थी?
- गर्मी में हमें पानी, फल और सब्जियाँ खानी चाहिए।
- धूप में बाहर नहीं जाना चाहिए, हल्के रंग के कपड़े पहनने चाहिए।
- गाते हुए बच्चों से पूछें और ताली बजाएँ, गर्मी आई, गर्मी आई, मैंने ........ खाया/पीया।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: पेड़ प्यारे दोस्त हमारे (बिग बुक)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने पेड़ देखे हैं?
- आप पेड़ के साथ क्या करते हो?
- पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?
- आपके घर में क्या-क्या है, जो पेड़ों से मिलता है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्ण प्रतीकों को वस्तुओं/चित्रों से मिलाएंगे

### परिचित वर्ण

- 'स', 'ह' और अन्य वर्णों से शुरू होने वाली वस्तुएँ/चित्र लें। जैसे, हवा-सपेरा-लड्डू।
- 'स' और 'ह' के वर्ण-कार्ड दें। वस्तुओं/चित्र कार्ड को वर्ण कार्ड से मिलाने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 95) पर दी गई गतिविधि बच्चों को स्वयं करने दें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




सही अंक को पहचानेंगे

### अंक बताओ (1-9)

- **कदम** (पृ. 76) पर कार्य करवाएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : बरसात का चित्र (भाग-3) (अलग-अलग माध्यम से)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: सूँघो और फूँको** (पृ. 164) | **कार्य 2: रस्साकसी** (पृ. 164)

# इकाई आकलन

इकाई 8
दिवस 18
DD/MM

**मौसम**

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ 'म','न', 'ब', 'ल', 'द', 'प' ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द के चित्र कार्ड और वर्ण कार्ड
- ☐ 10 बटन, 1-9 संख्या कार्ड
- ☐ 1 बाल्टी, 1 जग, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | **कविता: मेरी उँगलियाँ** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

## अलग-अलग मौसम को पहचानेंगे

**मौसम (सर्दी और गर्मी के फल / सब्जी)**

- **चहक 3** (पृ. 89) पर कार्य करवाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

## वर्णों और संगत ध्वनियों को पहचानकर उनकी पहली ध्वनि वाले चित्रों से जोड़ेंगे

**परिचित वर्ण**

- एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- परिचित 3 वर्ण कार्ड दिखाएँ।
- 'यह कौन-सा वर्ण है'?
- फिर दो चित्र कार्ड दिखाएँ।
- इसमें से किस चित्र की पहली ध्वनि में यह वर्ण आता है?
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।







☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है　　☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

## दो समूहों की वस्तुओं को अलग करके जोड़ेंगे / घटाएंगे और 9 तक पुनः गिनेंगे

**घटाओ और बताओ (1-9)**

- एक-एक करके बच्चे को बुलाएँ।
- 1-9 के बीच का कोई एक अंक बोलें। संख्या-कार्ड दिखाकर उतने बटन का ढेर बनाने के लिए कहें।
- पहले बोले गए अंक से कम कोई अंक बोलें।
- बोले गए अंक का संख्या-कार्ड दिखाकर ढेर से उतने बटन कम करने के लिए कहें। बचे हुए बटन गिनकर उसका संख्या-कार्ड दिखाने के लिए कहें।
- **कदम** (पृ. 77) पर कार्य करवाएँ।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।





☑ बच्चा स्वयं उत्तर देता है　　☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | **कार्य: मेरे जैसा करो (भाग-3)** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | **आकलन: बाल्टी खाली करने का खेल (भाग-2)** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |

# 9. पानी

जल के स्रोतों, उपयोग, महत्व और संरक्षण को समझना

U2F5K2

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास**

- पानी के स्रोतों को पहचानेंगे
- पानी के उपयोग को पहचानेंगे *
- पानी में तैरने और डूबने वाली वस्तुओं को जानेंगे
- पानी बचाने के तरीकों को जानेंगे *
- पानी की तीन अवस्थाओं को जानेंगे

**भाषा एवं साक्षरता विकास**

- शब्दों से ध्वनि को अलग करेंगे और ध्वनियों को जोड़कर शब्द बनाएंगे
- चित्र के बारे में शब्दों या वाक्य में लिख पाएंगे
- 2-3 वर्णों वाले साधारण शब्दों को पढ़ेंगे
- चित्रों की मदद से कहानी को सही क्रम मे सुनाएंगे
- दृश्य शब्दों को पहचान कर पढ़ेंगे *

**संज्ञानात्मक विकास**

- आकार, वजन, लंबाई और ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को छाँटेंगे और क्रम से लगाएंगे
- 1-9 तक के क्रम सूचक संख्या को पहचानेंगे
- कल, आज और कल को समझेंगे *
- सुबह, दोपहर, शाम और रात को समझेंगे *
- जल्दी और देर की अवधारणा को समझेंगे *

**रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध**

- बुलबुलों के माध्यम से चित्रकारी करेंगे
- अपने मन से कोई चित्र बनाकर उसके बारे में बताएंगे
- संगीत सुनकर लयबद्ध तरीके से दोहराएंगे *
- निर्देश को ध्यान से सुनकर निर्देशानुसार चित्रकारी करेंगे

**शारीरिक विकास**

- साँस को लय के साथ लेंगे, छोड़ेंगे और साँस पर नियंत्रण करेंगे *
- किसी वस्तु को हाथ से उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखेंगे
- निर्देशों के अनुसार अभिनय करेंगे *

* चयनित सीखने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षक को अभिभावकों के साथ नियमित अंतराल पर संवाद करना चाहिए, ताकि वे इन गतिविधियों को घर पर दोहराकर बच्चे की समझ और सीखी गई दक्षता को और अधिक मजबूत बना सकें। (पृ. 168 देखें)

इकाई 9
दिवस 1
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ गिलास में पानी
- ☐ 5 जोड़ी चित्र कार्ड- पानी के स्रोत और एकत्र करने वाली चीजें
- ☐ बिग बुक - डिब्बे में खटपट
- ☐ अलग-अलग आकार की छोटी-बड़ी, हल्की-भारी वस्तुएँ
- ☐ 4 रंगों के साबुन का पानी, कागज, स्ट्रॉ
- ☐ 1 जग, 1 मग, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः नदी (चहक-3 पृ. 96) \| कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**



पानी के बारे में जानेंगे और उसके स्रोतों को पहचानेंगे

## पानी और उसके स्रोत

- पानी दिखाएँ।
- यह क्या है? यह पानी है।
- पानी कहाँ से आता है? हम पानी किसमें जमा करते हैं?
- पानी एकत्र करने वाली चीजे जैसे बाल्टी, कप, गिलास और पानी के स्रोतों जैसे हैंडपंप, कुआँ के 2 जोड़ी चित्र कार्ड रखें।
- 10 बच्चों को एक-एक कार्ड दें। सब अपना जोड़ा ढूँढें।
- **चहक 3** (पृ. 97-98) पर कार्य कराएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**




किताब के कवर में चित्रों को पहचानेंगे

## कहानीः डिब्बे में खटपट (बिग बुक)

- कहानी सुनाने से पहले दिए गए प्रश्न पूछें :
- कवर पेज दिखाकर पूछें कि उन्हें चित्र में क्या / कौन दिख रहा है?
- कहानी का नाम क्या होगा?
- चित्र देखकर बताएँ कि कहानी में क्या हो रहा होगा?
- कहानी को हाव-भाव के साथ दो बार सुनाएँ और किताब के चित्र दिखाकर चर्चा करें।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों से ध्वनि को अलग कर पाएंगे

## ध्वनि को अलग करें

- 2-3 वर्ण वाले सरल शब्द लें, जैसे- जल।
- आपको शब्द ध्यान से सुनकर उसकी ध्वनियों को अलग करना है।
- जैसे- 'कमल' में कौन-सी ध्वनियाँ हैं?
- 'कमल' में 'क', 'म' और 'ल' की ध्वनि है।
- इसी तरह कुछ और शब्द से गतिविधि दोहराएँ।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




आकार और वजन के आधार पर वस्तुओं की तुलना करेंगे

## आओ तुलना करें (आकार, वजन)

- आकार के आधार पर वस्तुओं को तुलना करके बड़ा और छोटा बताने के लिए कहें।
- वजन के आधार पर वस्तुओं को तुलना करके भारी और हल्का बताने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : बुलबुला पेंटिंग (भाग-1) (कदम पृ. 78) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: गहरी साँस (पृ. 164) \| कार्य 2: जग से मग (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 2
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक - डिब्बे में खटपट
- ☐ सफेद कागज पर मछली की आकृति बनी हुई
- ☐ अलग-अलग आकार की लम्बी-छोटी, ऊँची-छोटी वस्तुएँ
- ☐ एक पानी / मिट्टी / अनाज से भरी हुई और एक खाली बाल्टी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: नदी (चहक-3** पृ. 96) **\| कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी के बारे में जानेंगे और उसके स्रोतों को पहचानेंगे

### पानी के उपयोग

- क्या आज सबने ब्रश किया? नहाकर आए हैं? हम ये सब काम पानी से करते हैं।
- आप पानी का उपयोग किन कामों में करते हैं?
- जैसे- पौधों को पानी देना, बर्तन धोना।
- इन कामों के लिए पानी का उपयोग कैसे करते हैं? अभिनय करके दिखाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 99) पर कार्य कराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: डिब्बे में खटपट (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ।
- कहानी का क्या नाम था?
- कहानी में कौन-कौन था?
- माँ-पिता और राजू बाहर क्यों आ गये?
- खटपट की आवाज घर के बाहर से आ रही थी या अन्दर से?
- माँ-पिता और राजू ने कहाँ-कहाँ देखा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




ध्वनि को जोड़कर शब्द बनाएंगे

### ध्वनि जोड़ें

- 2-3 वर्ण वाले सरल शब्द तोड़कर उसकी ध्वनियों को बोलें।
- जैसे 'ग', 'र' और 'ज' जोड़कर क्या बनता है।
- बच्चों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करें।
- 'ग', 'र' और 'ज' जोड़कर 'गरज' होता है।
- इसी तरह कुछ और शब्दों से गतिविधि दोहराएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




लम्बाई और ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं की तुलना करेंगे

### आओ तुलना करें (लम्बाई, ऊँचाई)

- लम्बाई के आधार पर वस्तुओं को तुलना करके लम्बा और छोटा बताने के लिए कहें।
- ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं को तुलना करके ऊँचा और छोटा बताने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : बुलबुला पेंटिंग (भाग-2) (कदम** पृ. 78) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: गहरी साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: जग से मग** (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 3
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बिग बुक : डिब्बे में खटपट
- ☐ पासा (6, 5, 4 ढका हो), 1-9 संख्या नाम और संख्या प्रतीक कार्ड
- ☐ सफेद कागज पर मछली की आकृति
- ☐ एक पानी/मिट्टी/अनाज से भरी हुई और एक खाली बाल्टी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: नदी (चहक-3** पृ. 96) | **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी के उपयोग को पहचानेंगे और बताएंगे

### पानी के उपयोग

- हैण्डपंप में पानी ना हो तो क्या होगा? हमें पानी क्यों चाहिए?
- **चर्चा :** जीवों को जिंदा रहने के लिए पानी की आवश्यकता अनुसार होती है। निर्जीवों को नहीं होती है।
- **गतिविधि :** कुछ सजीव और निर्जीव चीजों के नाम लें।
- उसको पानी की आवश्यकता अनुसार हो तो अंगूठा ऊपर, नहीं तो नीचे करने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 100) पर कार्य कराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: डिब्बे में खटपट (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- डिब्बे में क्या था?
- अगर आपके घर में कभी ऐसे आवाज आने लगे तो आप कैसा महसूस करेंगे?
- क्या आपके घर में कभी चूहे आए हैं?
- यदि हाँ तो फिर आपने और आपके परिवार ने क्या किया?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




चित्र बनाकर उसके बारे में शब्दों/वाक्यों में अपने आप लिखेंगे

### चित्र बनाएँ और लिखें

- **कहानी 'डिब्बे में खटपट' (बिग बुक)** दोहराएँ। सभी पन्ने दिखाएँ।
- क्या आपके घर की रसोई में डिब्बे हैं? उसमें क्या रखा है?
- सफेद कागज में दो डिब्बों का चित्र बनाने के लिए कहें।
- डिब्बे में क्या रखते हैं, लिखें।
- सुनिश्चित करें कि बच्चा लिखने का प्रयास करे। भले ही वह गलत हो।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




1-9 तक की क्रम सूचक संख्या को पहचानेंगे और संख्या नाम और संख्या प्रतीक कार्ड से मिलाएंगे

### क्रम सूचक संख्या, अंकों को जानें (1-9)

- बच्चों को 2 समूहों में बाँटें।
- **समूह 1 :** 9 बच्चों को क्रम से खड़ा करें, 10वें बच्चे को बाएं से दाएं गिनने के लिए कहें।
- **समूह 2 :** बच्चों को पासा, संख्या नाम और प्रतीक कार्ड दें।
- एक पासा में 4, 5, 6 ढक दें।
- दो बार पासा फेंककर बिंदियाँ जोड़ें और संख्या नाम और प्रतीक कार्ड साथी को दिखाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य 1 : बुलबुला पेंटिंग (भाग-3) (कदम** पृ. 78) | **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 63)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: गहरी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: फाड़े बिना मिटाओ** (पृ. 164)

इकाई 9

दिवस 4

DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- [ ] बाल्टी, पानी, कीचड, प्लास्टिक, खाली पैकेट, नींबू, नमक, कंकड़
- [ ] बिग बुक : डिब्बे में खटपट
- [ ] 'प', 'ल' और अन्य वर्ण का वर्ण कार्ड
- [ ] पेंसिल, रबर, रंग, सफेद कागज

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: नदी (चहक-3** पृ. 96) **\| कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




हमें साफ़ पानी की आवश्यकता अनुसार क्यों होती है? और पानी कैसे गंदा होता है, समझाएंगे

### साफ और गंदा पानी

- आधी बाल्टी पानी और कुछ गंदा करने वाली चीजें जैसे कीचड़, प्लास्टिक, खाली पैकेट लेकर बैठें।
- क्या पानी साफ है? कीचड़ मिलाएँ और फिर से पूछें।
- क्या यह पीने लायक है?
- **गतिविधि :** वस्तु का नाम लें, जैसे नींबू, नमक, कंकड़।
- यदि पानी पीने योग्य हो तो अभिनय करें, नहीं तो चुप रहें।

## कहानी का समय : 30 मिनट




कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: डिब्बे में खटपट (बिग बुक)

- कहानी की किताब को खोलकर बच्चों को उसके भाग दिखाएँ। कहानी को दो बार सुनाएँ।
- चूहे डिब्बे में खटपट की आवाज क्यों कर रहे होंगे?
- क्या चूहे भी हमारी तरह आपस में बात करते होंगे?
- यदि आप चूहों की जगह होते और साथी के साथ डिब्बे में पकड़े जाते, तो कैसा महसूस करते? आप क्या करते?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




वर्णों को स्वतंत्र रूप से ट्रेस करेंगे

### वर्णों से शब्द बनाएँ

- सीखे गए वर्णों को दोहराएँ।
- दो वर्ण कार्ड दिखाए।
- जैसे- 'प' और 'ल'
- इन वर्णों को जोड़कर कौन से शब्द बनेंगे?
- 'प' और 'ल' से 'पल'
- 'ल' और 'प' से 'लप' शब्द बनता है।
- इसी तरह दो अन्य वर्ण कार्ड दिखाएँ और शब्द बनाने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




अंक 1-9 तक के संख्या प्रतीकों को लिखेंगे

### अंक लिखो (1-9)

- **कदम** (पृ. 79) पर कार्य कराएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : स्वतंत्र चित्रकला (भाग-1)** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 64) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: हम बाजार जाएँगे** (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 5
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ गंदे पानी और साफ पानी की बोतल
- ☐ सीखे गए वर्णों से दो वर्णों वाले कुछ अमात्रिक शब्द कार्ड
- ☐ कागज में तितली का चित्र, रंग,
- ☐ कागज के टुकड़े

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: एक से बीस की गिनती** (पृ. 163) \| **कार्य: कक्षा के नियम** (पृ. 167) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




हमें साफ पानी की आवश्यकता अनुसार क्यों होती है? और पानी कैसे गंदा होता है, समझाएंगे

### साफ और गंदा पानी

- **दिवस 4** की चर्चा को आगे बढ़ाएँ।
- हम गंदे पानी का उपयोग नहीं कर सकते। हमें साफ पानी क्यों चाहिए? ताकि हम स्वस्थ रहें और शरीर का विकास हो।
- **गतिविधि** : गंदे और साफ पानी की दो बोतल दिखाएँ।
- कौन-सा पानी पी सकते हैं?
- **समझाएँ** : पानी को ढककर रखें, गंदे हाथ ना लगाएँ, गंदगी ना डालें।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: बुलबुल के बुलबुले (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- कहानी की शुरुआत कैसे हुई?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- कहानी का क्या नाम था?
- कक्षा में बुलबुल को जादूगर कौन कहने लगे?
- बुलबुल के साथ शरबत पीने कौन गया था?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




परिचित वर्ण से 2-3 वर्ण वाले शब्दों को पढ़ेंगे

### शब्दों को पढ़ें

- सीखे गए वर्णों से 2 वर्णों वाले कुछ अमात्रिक शब्द कार्ड बनाएँ।
- सीखे गए वर्णों को दोहराएँ।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- प्रत्येक समूह को कुछ शब्द कार्ड दें। सभी को समूह में शब्द को पढ़ने के लिए कहें।
- एक बार स्वयं पढ़कर दिखाएँ।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




दो समूह के वस्तुओं को जोड़ेंगे, जिसका योग 9 तक हो

### जोड़ो और बताओ (1-9)

- **कदम** (पृ. 80) पर कार्य करवाएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य 1 : स्वतंत्र चित्रकला (भाग-2)** (पृ. 164) \| **कार्य 2 : कलांकुर** (पृ. 65) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) \| **कार्य 2: हम बाजार जाएँगे** (पृ. 164) |

| पानी  | इकाई 9<br>दिवस 6<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ बिगबुक : डिब्बे में खटपट<br>☐ 'स' / 'त' / 'ब' / 'ल' / 'द' / 'प' / 'च' वर्ण कार्ड<br>☐ बिंदी, पासा (6, 5, 4 ढका हो), 1-9 संख्या नाम और संख्या प्रतीक कार्ड<br>☐ 1 जग, 1 मग, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी | इकाई 9<br>दिवस 12<br>DD/MM<br>☑ तैयारी और सामग्री<br>☐ सारे सीखे वर्ण के वर्ण कार्ड<br>☐ 1 जग, 1 मग, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी |
|---|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविताः नदी (चहक-3 पृ. 96)<br>कार्यः कक्षा के नियम (पृ. 167) | कविताः एक से बीस की गनती (पृ. 163)<br>कार्यः कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल | चार कोनों में मुक्त खेल |
| सामाजिक एवं भावनात्मक विकासः 30 मिनट | **पानी के उपयोग को पहचानेंगे और बताएंगे**<br>पानी के उपयोग<br>• **चहक 3** (पृ. 106) पर कार्य करवाएँ। | **पानी में डूबने और तैरने वाली चीजों को पहचानेंगे**<br>डूबने और तैरने वाली चीजें<br>• **दिवस 7** (पृ. 152) दोहराएँ।<br>• **गतिविधि** : किसी वस्तु का नाम लें। तैरे तो खड़े होना है, नहीं तो बैठना है। |
| कहानी का समय : 30 मिनट | **कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे**<br>कहानी : डिब्बे में खटपट (बिग बुक)<br>• **दिवस 4** (पृ. 149) की गतिविधि दोहराएँ। | **कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे**<br>कहानी : बुलबुल के बुलबुले (पृ. 163)<br>• हाव-भाव के साथ कहानी सुनाएँ। कहानी के पात्रों और घटनाओं पर आधारित प्रश्न पूछें। |
| भाषा और ध्वनि विकास : 30 मिनट | **वर्ण प्रतीकों को पहचानकर वस्तुओं / चित्रों से मिलाएंगे**<br>रेखाएँ खींचें<br>• **चहक 3** (पृ. 101) पर कार्य करवाएँ। | **परिचित वर्ण से 2-3 वर्ण वाले शब्दों को पढ़ेंगे**<br>शब्दों को पढ़ें<br>• **दिवस 9** (पृ. 154) की गतिविधि दोहराएँ। |
| संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट | **लम्बाई और ऊँचाई के आधार पर वस्तुओं की तुलना करेंगे**<br>आओ तुलना करें (लम्बाई, ऊँचाई)<br>• **दिवस-2** (पृ. 147) की गतिविधि दोहराएँ।<br>• **कदम** (पृ. 81) पर कार्य करवाएँ। | **आकार और वजन के आधार पर वस्तुओं की तुलना करेंगे**<br>आओ तुलना करें (आकार, वजन)<br>• **कदम** (पृ. 83) पर कार्य करवाएँ। |
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य 1 : अपना संगीत (पृ. 164)<br>कार्य 2 : कलांकुर (पृ. 66) | कार्य : चित्रों से वर्ण पहचान (L2) (चहक-3 पृ. 110-111) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : जग से मग (पृ. 164) | कार्य 1 : गहरी साँस (पृ. 164)<br>कार्य 2 : जग से मग (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 7
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बाल्टी, तैरने और डूबने वाली वस्तुएँ- पंख, पत्ता, पत्थर, गेंद, कंकड़, खिलौने वाली नाव/जहाज
- ☐ सीखे गए वर्णों से 3 वर्णों वाले कुछ अमात्रिक शब्द कार्ड
- ☐ सफेद कागज में गोल बनाया हुआ, पेंसिल, रंग

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: एक से बीस की गिनती** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी में डूबने और तैरने वाली चीजों को पहचानेंगे

### डूबने और तैरने वाले चीजें

- एक बाल्टी में पानी लें।
- कुछ तैरने और डूबने वाली वस्तुएँ रखें।
- **गतिविधि** : दिखाएँ गेंद तैरती है, पत्थर डूबता है।
- एक-एक कर कुछ वस्तु डालें, जैसे पत्ता, पंख, कंकड़ आदि।
- यह डूबती है या तैरती है?
- बच्चों से कुछ समान लें और गतिविधि करवाएँ।
- **चहक 3** (पृ. 108) पर कार्य कराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

### कहानी: बुलबुल के बुलबुले (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी का नाम बुलबुल के बुलबुलें क्यों था?
- बुलबुल को स्ट्रॉ कहाँ से मिली?
- क्या बुलबुल के दोस्त बुलबुलें बना पा रहे थे?
- उन्हें किसने बुलबुले बनाने सिखाएं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




परिचित वर्ण से 2-3 वर्ण वाले शब्दों को पढ़ेंगे

### शब्दों को पढ़ें

- सीखे गए वर्णों से 3 वर्णों वाले कुछ अमात्रिक शब्द कार्ड बनाएँ।
- सीखे गए वर्णों को दोहराएँ।

**समूह कार्य (3 समूह) :**

- प्रत्येक समूह को कुछ शब्द कार्ड दें। सभी को समूह में शब्द को पढ़ने के लिए कहें।
- एक बार स्वयं पढ़कर दिखाएँ।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




9 तक की संख्या वाले दो समूह की वस्तुओं को घटाएंगे

### घटाओ और बताओ (1-9)

- **कदम** (पृ. 82) पर कार्य कराएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : स्वतंत्र चित्रकला (भाग-3)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पंखुड़ी साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: हम बाजार जाएँगे** (पृ. 164)

इकाई 9
दिवस 8
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ ग्लोब / नक्शा
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल, रंग
- ☐ 10 बड़े बटन

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: एक से बीस की गिनती** (पृ. 163) **\| कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी में रहने वाली चीजों के बारे में जानेंगे जैसे: जलीय जानवर, जल परिवहन

### जलीय जानवर और परिवहन

- **चर्चा:** जलीय जानवरों, उनका घर, उन्हें जीवित रहने के लिए पानी चाहिए।
- ग्लोब या नक्शा दिखाएँ।
- यह धरती है। भारत को दिखाएँ और कहें कि हम यहाँ रहते हैं।
- नीले भाग को दिखाकर समझाएँ कि धरती के चारों ओर पानी है।
- इसलिए जल परिवहन जरूरी है।
- **गतिविधि :** बोलें "एक मछली पानी में गई- छपाक।" बच्चे हाव-भाव से दोहराएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: बुलबुल के बुलबुले (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- बुलबुल ने शरबत कैसे पिया?
- बुलबुल क्यों खुश हो गई?
- आप शरबत कैसे पीते हैं?
- आपको कौन-सा शरबत सबसे ज्यादा पसंद है?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




चित्र बनाकर उसके बारे में शब्दों / वाक्यों में अपने आप लिखेंगे

### चित्र बनाएँ और लिखें

- सफेद कागज, पेंसिल और रंग दें।
- आप घर में पानी किस चीज के लिए उपयोग करते हैं, उसका चित्र बनाएँ।
- चित्र बनाने के बाद नीचे लिखें- क्या बनाया है।
- सुनिश्चित करें कि बच्चा लिखने का प्रयास करे। भले ही वह गलत हो।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




9 तक की वस्तुओं को समूह में बाँटकर गिनेंगे

### बाँटकर गिनो

- दो बोलते हुए 2 बड़े बटन रखें। संख्या कार्ड '2' दिखाएँ। 2 बटन और रखें। पूछे, बिना गिने बताओ कितने बटन हैं? 2 बटन रखें, कहें 2. संख्या कार्ड दिखाएँ। फिर 2 बटन रखें, कहें 4 का संख्या कार्ड दिखाएँ। ऐसे ही 8 तक बताएं।

**समूह कार्य (जोड़ियों में)**

- प्रत्येक जोड़े को 8 बड़े बटन और संख्या कार्ड दें। बटन जोड़े में रखें। एक छोड़कर गिनते हुए संख्या कार्ड दिखाएँ।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-1)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: गुंजन** (पृ. 164) **\| कार्य 2: दोस्त-दोस्त किसकी चाल** (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 9
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ बगीचे में ले जाने की तैयारी, पौधा
- ☐ 8 बड़े बटन के 4-5 सेट
- ☐ सारे सीखे वर्ण के वर्ण कार्ड

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: जागो प्यारे** (पृ. 163) | **कार्य: कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पौधों और जानवरों को पानी की आवश्यकता अनुसार क्यों होती है, जानेंगे

## पानी की आवश्यकता अनुसार (पौधे/जानवर)

- बच्चों को पास के बगीचे में ले जाएँ। माली से मिलवाएँ।
- ये हमारे मददगार हैं। माली क्या करते हैं? पौधों में पानी डालते हैं।
- जैसे हमें पानी की आवश्यकता अनुसार होती है, वैसे ही पौधों को भी होती हैं।
- पानी से पौधे बड़े होते हैं। पानी उनका भोजन होता है।
- अगर बगीचा ना हो तो पास के पौधों में पानी डालें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

## कहानी: बुलबुल के बुलबुले (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- बुलबुल ने कक्षा में क्या जादू दिखाया?
- आप शरबत किन-किन चीजों में पीते हैं?
- बुलबुले कैसे बनने लगे?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




परिचित वर्ण से 2-3 वर्ण वाले शब्दों को पढ़ेंगे

## शब्दों को पढ़ें

- सीखे गए वर्णों को दोहराएँ।
- **चहक 3** (पृ. 102) पर कार्य कराएँ।
- एक बार स्वयं पढ़कर दिखाएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




8 तक की वस्तुओं को बराबर भागों में बाँटेंगे

## बराबर बाँटना

- 8 एक जैसे बड़े बटन लें और बच्चों को गिनकर दिखाएँ। दो बच्चों को बुलाएँ। पहले को एक, दूसरे को दूसरा, इसी तरह 8 बटन दोनों में बाँटें।
- दोनों से गिनने के लिए कहें।
- हमने बराबर बाँटा है, दोनों के पास 4-4 बटन हैं। 'बराबर' और 'बाँटना' पर जोर दें।
- **समूह कार्य (3 बच्चे)** : समूह को 4 बड़े बटन दें और 2 बच्चों में बराबर बाँटने के लिए कहें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-2)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: गुंजन** (पृ. 164) | **कार्य 2: दोस्त-दोस्त किसकी चाल** (पृ. 164)

इकाई 9
दिवस 10
DD/MM

# पानी

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ ग्लोब, पौधा
- ☐ 8 बड़े बटन के 4-5 सेट

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: जागो प्यारे (पृ. 163) \| कार्य: कैलेंडर (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पौधों और जानवरों को पानी की आवश्यकता अनुसार क्यों होती है, जानेंगे

## पानी की आवश्यकता अनुसार (पौधे/जानवर)

- **दिवस 8** (पृ. 153) और **दिवस 9** (पृ. 154) की गतिविधि को दोहराएँ।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: हम ऐसे ही हैं (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन थे?
- रवि ने क्या सोचा?
- वीर ने क्या सोचा?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी : हाथी और दर्जी

- **चहक 3** (पृ. 103) की कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी मे कौन-कौन थे?
- हाथी रोज किससे मिलने आता था?
- उस दिन दर्जी की दुकान पर कौन था?
- अंत में हाथी ने क्या किया?

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




8 तक की वस्तुओं को बराबर भागों में बाँटेंगे

## बराबर बाँटना

- **दिवस 9** (पृ. 154) की गतिविधि को आगे बढ़ाएँ।

**समूह कार्य (2 बच्चों का) :**

- प्रत्येक समूह को पहले 6 बड़े बटन दें, आपस में बराबर बाँटने के लिए कहें।
- फिर 8 बड़े बटन दें और बराबर बाँटने के लिए कहें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-2) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: गुंजन (पृ. 164) \| कार्य 2: दोस्त-दोस्त किसकी चाल (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 11
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ कुआँ और तालाब चित्र
- ☐ गुब्बारे, पिन, टॉर्च
- ☐ सफेद कागज, पेंसिल
- ☐ 1 जग, 1 मग, पानी/चावल/अनाज/मिट्टी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविताः जागो प्यारे** (पृ. 163) | **कार्यः कैलेंडर** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पानी के विभिन्न स्रोतों को जानेंगे

## पानी के स्रोत (कुँआ, तालाब)

- नल में पानी कहाँ से आता है? पानी कुँए, तालाब, नदी, समुद्र और बारिश से आता है।
- क्या आपने इनमें से कुछ देखा है?
- कुँआ और तालाब चित्र दिखाएँ।
- कहें : "यह हमारे पास का पानी का स्रोत है।"
- कुँआ और तालाब से पानी नल तक कैसे आता है, बच्चों के साथ चर्चा करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानीः हम ऐसे ही हैं (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- वीर ने पतला होने के लिए क्या किया?
- रवि ने मोटे होने के लिए क्या किया?
- आप कब थक जाते हो?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी : हाथी और दर्जी

- **चहक 3** (पृ. 103) से कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- दर्जी का दोस्त कौन था?
- क्या आपका कोई दोस्त है, जिससे आप रोज मिलते हो?
- आप दर्जी के बेटे होते तो क्या करते?
- आपको कोई डंडा दिखाए तो आप क्या करोगे?

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




किसी घटना के कारण और प्रभाव को जानेंगे और मिलाएंगे

## आओ जानें

- **कविता 'रंग-बिरंगे गुब्बारे'** (पृ. 163) को करवाएँ।
- गुब्बारे फुलाएँ और पिन दिखाएँ।
- क्या होगा अगर गुब्बारे में पिन घुसा दें? यह फट जाएगा।
- टॉर्च दिखाकर पूछें, 'क्या यह जल रही है?'
- स्विच दबाएँ। यह जल उठी।
- क्रिया करने पर उसका प्रभाव पड़ता है।
- बच्चों से उदाहरण पूछें।
- सुरक्षा निर्देश (पृ. 165) देखें।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मैं बताऊँ आप बनाओ (भाग-1)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: मग से गिलास** (पृ. 164)

☞ दिवस-12 की दैनिक योजना पृ. 151 पर देखें।

इकाई 9
दिवस 13
DD/MM

# पानी

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ नदी और समुद्र के चित्र
- ☐ तीन अलग रंग के क्रेयॉन/कागज की पट्टी/बड़े बटन के 4-5 सेट
- ☐ 1 जग, 1 मग, पानी/चावल/अनाज/मिट्टी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: जागो प्यारे** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी के विभिन्न स्रोतों को जानेंगे

### पानी के स्रोत (नदी, समुद्र)

- नदी और समुद्र के चित्र दिखाएँ।
- क्या आपने इन्हें कहीं देखा है? कहाँ? कैसे दिखते हैं?
- नदी और समुद्र बड़े होते हैं और शहर के बाहर होते हैं।
- **चर्चा :** पानी के स्रोतों में नहाना, कपड़े या बर्तन धोने नहीं चाहिए।
- इससे पानी गंदा और बीमारियाँ फैलती हैं।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: हम ऐसे ही हैं (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- घर में आपको किन नामों से बुलाते हैं?
- अलग-अलग नाम सुनकर आपको कैसा लगा?
- कक्षा में आपको किस नाम से बुलाते हैं?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




कहानी को चित्रों और शब्दों की सहायता से सही क्रम में सुनाएंगे

### कहानी : हाथी और दर्जी

- **चहक 3** (पृ. 103, 104, 105) पर कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- **समूह कार्य (जोड़ियों में) :** जोड़ी में कहानी को सही क्रम में एक दूसरे को सुनाने के लिए कहें।
- किताब में चित्र की सहायता लें।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




कल, आज और कल को समझाएंगे

### कल, आज और कल

- आप बीते हुए कल क्या पहनकर आए थे?
- आपने आज क्या-क्या किया?
- आप आने वाले कल क्या पहनकर आओगे?
- तीनों को अन्य उदाहरणों से भी समझाएँ।
- **कदम** (पृ. 85) पर कार्य करवाएँ।
- बच्चों के पास जाकर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को देखें और आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : मैं बताऊँ आप बनाओ (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: फाड़े बिना मिटाओ** (पृ. 164) |

इकाई 9
दिवस 14
DD/MM

# पानी

☑ **तैयारी और सामग्री**

- ☐ पेंसिल और रंग
- ☐ 1 जग, 1 मग, पानी / चावल / अनाज / मिट्टी

**स्वागत समय : 10 मिनट** — **कविता: उल्टी गिनती 10 से 1** (पृ. 163) | **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — **चार कोनों में मुक्त खेल**

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी के विभिन्न स्रोतों को जानेंगे

### पानी के स्रोत (बारिश का पानी)

- क्या आप जानते हो, बरसात क्या होती है? बारिश हमें क्या देती हैं? पानी।
- क्या आप बारिश का पानी इकठ्ठा करते हो?
- **चर्चा** : पानी इकठ्ठा क्यों करना चाहिए। इसका उपयोग कैसे किया जाए।
- बारिश के पानी की किसे आवश्यकता अनुसार होती है? पौधे,पेड़,फसल।
- **कविता बादल गरजे घरर, घरर** (पृ. 163) को करवाएँ।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी व पात्रों के बारे में प्रश्न पूछेंगे

### कहानी: हम ऐसे ही हैं (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- मैम ने शरीर के बारे में क्या बताया?
- अगर आप वीर होते तो क्या करते?
- अगर आप रवि होते तो क्या करते ?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




परिचित तुकांत शब्दों को पहचानकर इंगित करेंगे

### कहानी : हाथी और दर्जी

- कहानी में आए तुकांत शब्द बोर्ड पर लिखें।
- जैसे- आया-लाया।
- बोर्ड पर कहानी में आए ऐसे शब्दों को लिखें, जिनके तुकांत शब्द आसानी से बन सकें।
- जैसे- दर्जी आदि। बच्चों से इनके तुकांत शब्द पूछें।
- बोर्ड पर 2-3 पंक्ति की कविता / 2-3 वाक्य लिखें, जिनमें तुकांत शब्द आए हों।
- तुकांत शब्द ढूँढने के लिए कहें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




सुबह, दोपहर,शाम और रात को समझेंगे

### सुबह, दोपहर, शाम, रात

- अपनी दिनचर्या के बारे में बताएँ। बच्चों से उनकी दिनचर्या के बारे में पूछें।
- दिनचर्या से जोड़ते हुए सुबह, दोपहर, शाम और रात की अवधारणा को स्पष्ट करें।
- जैसे सुबह सोकर उठना, दोपहर में स्कूल से घर जाना, शाम को खेलना, रात को सोना।
- **कविता 'हुआ सवेरा'** (पृ. 163) को हाव-भाव से कराएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — **कार्य : मैं बताऊँ आप बनाओ (भाग-3)** (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) | **कार्य 2: मग से गिलास** (पृ. 164)

इकाई 9
दिवस 15
DD/MM

# पानी

☑ तैयारी और सामग्री
- ☐ बर्फ के टुकड़े

| | |
|---|---|
| स्वागत समय : 10 मिनट | कविता: उल्टी गिनती 10 से 1 (पृ. 163) \| कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166) |
| स्वतंत्र खेल : 30 मिनट | चार कोनों में मुक्त खेल |

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पानी की तीन अवस्थाओं को पहचानेंगे (ठोस, द्रव, गैस)

## पानी की अवस्थाएँ

- कक्षा में बर्फ लाएँ और बच्चों को दिखाएँ।
- यह बर्फ है, पानी की ठोस अवस्था।
- बर्फ पिघलने दें और बताएँ, अब यह तरल अवस्था है।
- गर्म करने पर पानी भाप बनता है, गैस अवस्था।
- **चहक 3** (पृ. 109) दिखाकर तीनों अवस्थाओं पर चर्चा करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: मोहन की गेंद (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- कहानी में कौन-कौन था?
- माँ मोहन को कहाँ ले गई?
- मोहन ने सफेद गेंद किसको बोला?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




शब्दों का प्रयोग करके अनुभवों और वस्तुओं का वर्णन करेंगे

## वर्णात्मक शब्द

- पानी से हम क्या-क्या करते हैं?

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- कहें, पानी से बनने वाले किसी एक चीज के बारे में सोचे।
- जैसे- शरबत।
- आपको एक-दूसरे को उस चीज की विशेषताओं को बताना है। जैसे- उसका नाम, रंग, स्वाद, कैसे बनाया जाता है?
- सभी जोड़ी को मौका दें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




जल्दी और देर की अवधारणा को समझेंगे

## जल्दी-देर

- आज कौन जल्दी कक्षा में आया? कौन देर से आया?
- जल्दी और देर की अवधारणा को स्पष्ट करें।
- जल्दी-देर के उदाहरण जैसे कछुआ-खरगोश की चाल।
- दैनिक जीवन के उदाहरण (सुबह जल्दी उठाना, देर से सोना) दें।
- बच्चों से उदाहरण पूछें।

| | |
|---|---|
| सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट | कार्य : एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-2) (पृ. 164) |
| शारीरिक विकास : 30 मिनट | कार्य 1: पेट से साँस (पृ. 164) \| कार्य 2: स्टैच्यू (पृ. 164) |

इकाई 9

दिवस 16

DD/MM

# पानी

तैयारी और सामग्री

- [ ] 3 काँच गिलास : एक खाली, एक आधा, एक पानी से पूरा भरा

**स्वागत समय : 10 मिनट** — कविता: उल्टी गिनती 10 से 1 (पृ. 163) | कार्य: दिखाओ और बताओ (पृ. 166)

**स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** — चार कोनों में मुक्त खेल

**सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट**




पानी बचाने के तरीके पहचानेंगे और बताएंगे

## पानी की बचत

- **कहानी प्यासा कौआ** (पृ. 163) हाव-भाव के साथ सुनाएँ।
- अगर कौए को पानी ना मिलता तो क्या होता?
- जिंदा रहने के लिए साफ पानी जरूरी है।
- क्या हम कोई भी पानी पी सकते हैं? नहीं।
- पानी सीमित है, हमें इसे बचाना चाहिए। ब्रश करते समय नल बंद करें।

**कहानी का समय : 30 मिनट**



कहानी में पात्र, स्थल व घटनाएँ पहचानेंगे

## कहानी: मोहन की गेंद (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- मोहन क्यों रोने लगा ?
- किसकी परछाई पानी में पड़ी?
- मोहन खुश क्यों हुआ ?

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट**




सीख गए शब्द से वाक्य बनाएंगे

## वाक्य बनाएँ

- सिखाए गए कोई दो शब्द बोलें। जैसे अलमारी, किताब।
- कहें, इन दो शब्दों से वाक्य बनाना है। जैसे: किताब आलमारी पर रखी है।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- दो शब्द बोलें, कहें इन शब्दों से वाक्य बनाकर एक-दूसरे को बताएँ।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**




अधिक और कम की तुलना करेंगे

## अधिक और कम

- तीन गिलास रखें : एक खाली, एक आधा, एक पूरा भरा।
- पूछें : यह गिलास कैसा दिख रहा है- खाली, आधा या पूरा?
- फिर दो गिलासों में अलग-अलग मात्रा में पानी डालें।
- पूछें : किसमें ज्यादा है, किसमें कम?
- मात्रा बदलते रहें और बच्चों से अधिक-कम पूछें।
- **चहक-3** (पृ. 107) पर कार्य करवाएँ।

**सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** — कार्य : एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-2) (पृ. 164)

**शारीरिक विकास : 30 मिनट** — कार्य 1: पेट से साँस (पृ. 164) | कार्य 2: स्टैच्यू (पृ. 164)

इकाई 9
दिवस 17
DD/MM

# पानी

**तैयारी और सामग्री**

- ☐ ग्लोब, पौधा
- ☐ 2 और 3 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द कार्ड - नल, चल, जल, सब, पल, कम, कल, बस, दस, कलम, नमक, चमक, कदम, नरम, लपक
- ☐ 2 कप, पानी/रेत के 6-7 सेट

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: जागो प्यारे** (पृ. 163) **\| कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

## सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक विकास : 30 मिनट




पानी बचाने के तरीके पहचानेंगे और बताएंगे

### पानी की बचत

- **दिवस 16** (पृ. 160) की गतिविधि को दोहराएँ।
- **गतिविधि** : बच्चों को पानी बचाने का अभिनय करके दिखाने के लिए कहें, जैसे : नल बंद करना।

## कहानी का समय : 30 मिनट



कहानी को अपने आपसे जोड़ेंगे

### कहानी: मोहन की गेंद (पृ. 163)

- कहानी को दो बार हाव-भाव और स्वर के उतार-चढ़ाव के साथ सुनाएँ।
- क्या आपने कभी चाँद देखा है?
- आपको किससे खेलना पसंद है?
- आसमान में आपने और क्या देखा?

## ध्वनि एवं भाषा विकास : 30 मिनट




परिचित वर्ण से 2-3 वर्ण वाले शब्दों को पढ़ेंगे

### शब्दों को पढ़ें

- 2-3 वर्णों वाले कुछ अमात्रिक शब्द कार्ड रखें।
- सीखे गए वर्णों को दोहराएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में) :**

- प्रत्येक समूह को कुछ शब्द कार्ड दें।
- सभी को जोड़ी में शब्द पढ़ने के लिए कहें।
- **चहक 3** (पृ. 112) की गतिविधि करवाएँ।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

## संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट




अधिक और कम की तुलना करेंगे

### अधिक और कम

- **दिवस 16** (पृ. 160) की गतिविधि को कराएँ।

**समूह कार्य (जोड़ियों में)**

- प्रत्येक समूह को पानी या रेत और दो कप (1 और 2 लिखा हुआ) दें।
- कहें : कप 1 में ज्यादा और कप 2 में कम भरें।
- फिर अदला-बदली करें। यह क्रिया 3-4 बार दोहराएँ।
- आवश्यकता अनुसार उनकी मदद करें।

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य : एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-2)** (पृ. 164) |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **कार्य 1: पेट से साँस** (पृ. 164) **\| कार्य 2: स्टैच्यू** (पृ. 164) |

# इकाई आकलन

इकाई 9
दिवस 18
DD/MM

**पानी**

☑ तैयारी और सामग्री

- ☐ 2-3 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द कार्ड
- ☐ बिंदी, पासा (6, 5, 4 ढका हो), 1-9 संख्या नाम और संख्या प्रतीक कार्ड
- ☐ 1 जग, 1 मग, पानी/चावल/अनाज/मिट्टी

| | |
|---|---|
| **स्वागत समय : 10 मिनट** | **कविता: उल्टी गिनती 10 से 1** (पृ. 163) \| **कार्य: दिखाओ और बताओ** (पृ. 166) |
| **स्वतंत्र खेल : 30 मिनट** | **चार कोनों में मुक्त खेल** |

**सामाजिक एवं भावनात्मक विकास : 30 मिनट**

## पानी के विभिन्न स्रोतों को जानेंगे

**चहक 3** (पृ. 98) पर कार्य करवाएँ।

**ध्वनि एवं भाषा विकास : 60 मिनट**

## परिचित वर्ण से 2-3 वर्ण वाले शब्दों को पढ़ेंगे

**शब्दों को पढ़ें**

- 2- 3 वर्णों वाले कुछ अमात्रिक शब्द कार्ड रखें।
- एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- किसी भी पाँच शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।




✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

**संज्ञानात्मक विकास : 30 मिनट**

## 1-9 तक की वस्तुओं को गिनेंगे और संख्या नाम और संख्या प्रतीक कार्ड से मिलाएंगे

**अंकों को जानो (1-9)**

- क्रम से एक-एक बच्चे को बुलाएँ।
- पासा (6, 5, 4 ढका हो), संख्या नाम और संख्या प्रतीक कार्ड दें। कहें, दो बार पासा फेंकें और बिन्दुओं को जोड़कर उस संख्या का संख्या नाम कार्ड और संख्या प्रतीक कार्ड दिखाएँ।
- **कदम** (पृ. 86) पर कार्य करवाएँ।
- तालिका भरने के लिए निर्देश (पृ. 167) पर देखें।



✓ बच्चा स्वयं उत्तर देता है




☐ बच्चा उत्तर नहीं देता है

| | |
|---|---|
| **सौंदर्यबोध विकास : 20 मिनट** | **कार्य: एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ (भाग-3)** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |
| **शारीरिक विकास : 30 मिनट** | **आकलन : मग से गिलास** (पृ. 164) पर बच्चों का आकलन करें। |

# कविता सुनाना

कविता सुनाना और सुनना बच्चों के संप्रेषण कौशल, कल्पनाशक्ति और भावनात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करने का प्रभावशाली माध्यम है। कविता न केवल शब्दावली में वृद्धि करती है, बल्कि लय, ताल और उच्चारण को भी सहज रूप से आत्मसात कराती है। कविता के माध्यम से बच्चे भाषा को एक आनंददायक अनुभव के रूप में ग्रहण करते हैं।

- कविता को हाव-भाव और लय के साथ बच्चों को रोचक तरह से सुनाएँ।
- कविता में उच्चारण और तुकांत शब्दों पर विशेष ध्यान दें।
- सत्र योजना के अनुसार रोचक अंदाज में प्रतिदिन कविता सुनाएँ।

## QR को उपयोग करने के चरण




# कहानी सुनाना

बालवाटिका में बच्चों के लिए कहानी सुनाने का समय न केवल आनंददायक अनुभव होता है, बल्कि यह उनके संज्ञानात्मक, भाषायी, सामाजिक एवं रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

**पूर्व तैयारी:**

- आयु उपयुक्त और रोचक कहानी का चयन करें।
- बालवाटिका में प्रतिदिन निर्धारित समय पर, दैनिक योजना के अनुसार, बच्चों को 30 मिनट तक रोचक अंदाज में कहानी सुनाएँ।
- कहानी सुनाने से पूर्व कहानी में आने वाले पात्रों की कठपुतली/फ्लैश कार्ड रख लें।

## QR को उपयोग करने के चरण



## सौंदर्यबोध विकास

सौंदर्यबोध विकास संबंधित गतिविधियाँ बच्चों को अपनी सोच और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर देती हैं। कला, संगीत, नृत्य और लोक कथाएँ उन्हें संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ती हैं।

### QR को उपयोग करने के चरण




## शारीरिक विकास

शारीरिक गतिविधियाँ बच्चों के शरीर और मन को स्वस्थ रखती हैं और मोटर कौशल को विकसित करती हैं। यह आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन जैसे जीवन कौशल को भी बढ़ावा देती हैं।

### QR को उपयोग करने के चरण



## कक्षा-कक्ष प्रबंधन

**कक्षा-कक्ष में बैठने की व्यवस्था:** बैठक की व्यवस्था, कक्षा में हो रही गतिविधियों के अनुसार बदलें। कुछ गतिविधियाँ शिक्षक-केंद्रित होती हैं, जबकि अन्य गतिविधियाँ बच्चों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के अवसर प्रदान करती हैं। बैठक की व्यवस्था इस प्रकार की जानी चाहिए कि सभी बच्चे आपस में घुल-मिलकर, सहयोगात्मक वातावरण में भाग ले सकें।

**गोल घेरे में एक साथ बैठना**

- मुक्त चर्चा, चित्र पर चर्चा, कहानी सुनाने या साझा पठन के दौरान, बच्चे गोल घेरे में बैठ सकते हैं।
- कविता गाते समय बच्चे गोल घेरे में खड़े रह सकते हैं।
- इस तरह का कार्य, ज्यादातर शिक्षक केंद्रित होता है। लेकिन, बच्चों को इस समय भी बोलने के बहुत मौके मिलने चाहिए।

**मिलकर छोटे समूह या जोड़ों में कार्य करना**

- निर्देशित गतिविधियों या अभ्यासपुस्तिका पर कार्य करते समय बच्चों को छोटे समूहों या जोड़ों में बैठकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- साथ ही, बच्चों को अपनी पसंद के अनुसार समूह बनाने के अवसर भी प्रदान किए जाने चाहिए।

## कक्षा में सामग्री का उपयोग

बच्चों के लिए उपलब्ध सीखने-सिखाने की सामग्री, शिक्षण योजना का महत्वपूर्ण अंग है। शिक्षक सामग्री के उपयोग, व्यवस्था और सुरक्षित रख-रखाव के बारे में बच्चों के साथ मिलकर योजना बनाएँ।

बालवाटिका में बच्चों को स्वतंत्र खेल के दौरान, कम से कम 30 मिनट के लिए सामग्री के साथ काम करने के मौके दें।

**सुरक्षा निर्देश : बच्चों द्वारा सामग्री उपयोग के दौरान एजुकेटर ध्यान दें कि बच्चे सामग्री का उपयोग ठीक से कर रहे हों। जैसे- कोई सामग्री मुँह आदि में न रखें, कैंची का उपयोग बच्चों को स्वतंत्र रूप से नहीं करन दें।**

## विकासात्मक विलंब और दिव्यांगता को समझना

### (NCF-FS 2022 के अनुसार)

**शिक्षक की भूमिका**

शिक्षक निदान नहीं करते, बल्कि संभावित विकासात्मक विलंब या दिव्यांगता की पहचान कर, समय रहते सहयोग देते हैं। यदि कोई बच्चा बार-बार कठिनाई का अनुभव करे, तो सुनियोजित अवलोकन आवश्यक है।

**कक्षा में समावेशी उपाय**

- बच्चे की क्षमताओं, पसंद और सीखने की शैली को समझें।
- स्पष्ट, सरल भाषा का प्रयोग करें और दोहराव के अवसर दें।
- सहपाठी-बडी प्रणाली अपनाएं; सभी बच्चों को संवेदनशील बनाएं।
- नकारात्मक भाषा या व्यवहार को रोकें, गरिमा बनाए रखें।

**दैनिक कक्षा गतिविधियों में समावेशन के सुझाव**

- सभी बच्चों को गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दें, भले ही उनकी गति धीमी हो।
- समूह कार्य में विविध क्षमताओं के बच्चों को मिलाएं ताकि वे एक-दूसरे से सीख सकें।
- प्रशंसा और प्रोत्साहन का उपयोग करें ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बना रहे।

## स्वतंत्र खेल

स्वतंत्र खेल के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के साथ खेलने और उन्हें समझने का अवसर मिलता है, जिससे उनके संपूर्ण विकास को बढ़ावा मिलता है। यह उनके पंचकोषीय विकास में सहायक होता है।

**स्वतंत्र खेल कराने की प्रक्रिया :** बालवाटिका में प्रतिदिन, दैनिक योजना के अनुसार निर्धारित समय पर, बच्चों को 30 मिनट तक स्वतंत्र खेल के अवसर प्रदान करें।

**स्थान निर्धारण :** कक्षा में उपलब्ध स्थान को ध्यान में रखते हुए खेल के लिए चार कोने बनाएँ। यदि जगह सीमित हो, तो दो या तीन कोने भी बनाए जा सकते हैं। प्रत्येक कोने का एक विशिष्ट विषय हो सकता है, जैसे :

**अभिनय कोना :** नाटक, भूमिका निभाने और संवाद करने के लिए।

**ब्लॉक्स कोना :** विभिन्न वस्तुओं को जोड़ने और निर्माण करने के लिए।

**किताब कोना :** चित्र पुस्तकों और पढ़ने की सामग्री के लिए।

**कला कोना :** ड्राइंग, रंग भरने और हस्तकला गतिविधियों के लिए।

**बच्चों को स्वतंत्रता देना :**

- बच्चों को उनकी पसंद के कोने में जाकर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें।
- यदि कोई बच्चा कुछ समय बाद कोना बदलना चाहे, तो उसे ऐसा करने की अनुमति दें।

**समाप्ति प्रक्रिया :**

- लगभग 25 से 30 मिनट के बाद किसी संकेत (जैसे ताली बजाना या ढपली बजाना) के माध्यम से खेल समाप्ति की घोषणा करें।
- बच्चों को सामग्री सुरक्षित रूप से समेटने और टोकरी में रखने के लिए प्रेरित करें।
- डिब्बों को सही स्थान पर रखने में बच्चों की सहायता करें।

## प्रिंट समृद्ध वातावरण

प्रिंट समृद्ध कक्षा का अर्थ है ऐसी कक्षा, जिसमें बच्चों को भाषा का अधिक से अधिक अनुभव हो सके। कक्षा-कक्ष को प्रिंट समृद्ध बनाने के लिए कई सामग्रियों का उपयोग किया जाता है जैसे- किताबों का कोना, कविता पोस्टर, चित्र चार्ट, कक्षा की वस्तुओं पर लेबलिंग आदि।

### प्रिंट समृद्ध वातावरण का निर्माण

| किताब का कोना | चित्र चार्ट | कविता पोस्टर | लेबलिंग |
|---|---|---|---|
| चित्रों वाली किताबों को कक्षा के किसी एक कोने में ऐसे सजाकर रखें कि बच्चे उसे आसानी से लेकर देख सकें। | इनको कक्षा में दीवार/खिड़की के सहारे रखें। बच्चों के साथ चित्र चार्ट पर चर्चा के दौरान इसे अपने सामने बीच में रखकर चर्चा करें। | कक्षा की एक दीवार पर बच्चों के स्तर पर छपी हुई और शिक्षक द्वारा बनाए हुए कविता पोस्टर (जिन्हें बच्चे कक्षा में गाते हों) को लगाएँ। | कक्षा की वस्तुओं पर उस वस्तु का नाम लिखकर चिपकाएँ। जैसे खिड़की, दरवाजा, अलमारी बोर्ड आदि। पर्ची को बच्चों के स्तर पर लगाएँ। |

## खेल को प्रोत्साहित करने वाला वातावरण

बालवाटिका की कक्षा को खेल के लिए प्रोत्साहित करने वाला बनाने के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान देना आवश्यक है :

- कक्षा में बच्चों की रुचि एवं आयु के अनुसार उपयुक्त सामग्री रखें।
- सामग्री को बच्चों की पहुँच में रखें, ताकि वे स्वयं उसे ले सकें और प्रयोग के बाद वापस रख सकें।
- हर महीने कम से कम 2-3 बार कक्षा के कोनों और उनमें रखी सामग्री को बदलें।
- दिनभर कराई जाने वाली गतिविधियों से संबंधित सामग्री को कक्षा की शुरुआत से पहले एकत्रित कर लें।
- बच्चों के लिखने और उनके द्वारा बनाई गई सामग्री को प्रदर्शित करने के लिए निर्धारित स्थान उपलब्ध कराएँ।
- पुस्तक कोने में पुरानी मैगजीन या अखबारों से चित्र-पुस्तिकाएँ तैयार करके रखें।

## दिखाओ और बताओ

- एक दिन पहले बच्चों से घर से कोई सामग्री लाने के लिए कहें।
- किसी एक बच्चे से घर से लाई सामग्री सबको दिखाने के लिए कहें।
- फिर उस बच्चे से सामग्री का नाम सबको बताने के लिए कहें।
- बच्चे से यही सामग्री क्यों लाए हो, सबको बताने के लिए कहें।
- इसी तरह सभी बच्चों के द्वारा लाई गई सामग्री को एक-एक करके दिखाने के लिए कहें और चर्चा करें।

## कैलेंडर

- बच्चों को कैलेंडर दिखाते हुए आज की तारीख के बारे में बताएँ।
- बीते हुए कल में कौन-सी तारीख थी और आने वाले कल में कौन-सी तारीख होगी, बताएँ।
- अन्य उदाहरणों से कल, आज और कल की अवधारणा को स्पष्ट करें।
- दिन, महीने और वर्ष के बारे में भी चर्चा करें।

## कक्षा के नियम

बालवाटिका में बच्चों के लिए स्पष्ट, सरल और सकारात्मक भाषा में नियम बनाना और उनका निरंतर अभ्यास कराना आवश्यक है। उदाहरण के लिए-

- हम सभी कक्षा में एक-दूसरे से आदरपूर्वक भाषा में बात करेंगे।
- हम सभी की बातें ध्यान से सुनेंगे।
- हम सभी खेल और गतिविधियों के बाद सामग्री को समेटकर सही स्थान पर रखेंगे।
- हम सभी अपनी कक्षा को स्वच्छ और व्यवस्थित रखेंगे।

इन नियमों को चित्रों, प्रतीकों और गतिविधियों के माध्यम से कक्षा में प्रदर्शित करें। रोजमर्रा की दिनचर्या में इन्हें बार-बार दोहराएँ।

## शिक्षण-सामग्री (टीएलएम) का प्रयोग

शिक्षण-सामग्री बच्चों के अनुभव को समृद्ध बनाती है। यदि कभी कक्षा में पूर्वनिर्मित टीएलएम उपलब्ध न हो, तो शिक्षक दैनिक जीवन में प्रयुक्त वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करके सरल और सुलभ शिक्षण-सामग्री तैयार कर सकते हैं।

**उदाहरण के लिए:**

- कंकड़ या बीजों का उपयोग गणना, तुलना और श्रेणीकरण जैसी संज्ञानात्मक गतिविधियों के लिए कर सकते हैं।
- रंगीन कागज का उपयोग करके कला-संबंधित सामग्री, जैसे मुखौटे या सजावटी वस्तुएँ बना सकते हैं।
- कार्डबोर्ड / गत्ते से थीम आधारित फ्लैश-कार्ड या चित्र चार्ट बना सकते हैं।
- हम पुराने बटन, बोतल के ढक्कन या कपड़े की कतरनों से आकृतियाँ बना सकते हैं।

## आकलन और रिमीडियल

बालवाटिका में आकलन और रिमीडियल प्रत्येक इकाई के 18वें और 19वें दिवस पर किया जाएगा।

| आकलन के पूर्व | आकलन के दौरान | आकलन के बाद |
|---|---|---|
| • सकारात्मक वातावरण बनाएँ।<br>• जिन लक्ष्यों का अवलोकन करना है, उन्हें पहले सिखाएँ और अभ्यास कराएँ।<br>• अवलोकन के लिए उसी सामग्री का उपयोग करें, जिनका शिक्षण के दौरान उपयोग किया था। | • सरल प्रश्न पूछें, जिनका केवल एक ही सरल उत्तर हो।<br>• बच्चों को उत्तर देने हेतु पर्याप्त समय दें।<br>• प्रश्न को अलग-अलग प्रकार से पूछें, लेकिन बच्चों को उत्तर नहीं बताएँ।<br>• प्रत्येक बच्चे का अवलोकन अवश्य करें। | • जिन लक्ष्यों का अवलोकन किया जाना है, यदि बच्चे उनका उत्तर नहीं दे पा रहे हैं तो उसे खाली न छोड़ें।<br>• उस लक्ष्य का अवलोकन बाद में पुनः करें। |

### निपुण तालिका को भरने के निर्देश

इकाई के दौरान 18वें और 19वें दिन में आकलन के उपरांत यदि किसी बच्चे ने निपुण तालिका में दी गई दक्षताओं में से कोई भी दक्षता हासिल कर लिया हो तो निपुण तालिका शीट मे हासिल की गई दक्षता के आगे और उसी क्रम में बच्चे के नाम के नीचे टिक (✓) का निशान लगाएँ। ध्यान रखें, अवलोकन के दौरान आपने बच्चों को जो दक्षता हासिल करते हुए देखा है टिक (✓) निशान उसी बॉक्स में ही लगाएँ। शेष बॉक्स को खाली छोड़ दें। इसी तरह आगे की इकाइयों मे आकलन के पश्चात् बच्चों ने जो दक्षताएँ हासिल कर ली हैं, उन बॉक्सों में टिक (✓) का निशान लगाएँ।

## रिमीडियल शिक्षण

यदि कोई बच्चा किसी कारणवश कोई कौशल सीखने में असमर्थ रहता है, तो उसे अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता होती है। इस विशेष रूप से योजनाबद्ध शिक्षण प्रक्रिया को रिमीडियल शिक्षण कहा जाता है।

### रिमीडियल शिक्षण कैसे करें?

प्रत्येक इकाई के आकलन के उपरांत बच्चों को दो समूह में बाँटें। समूह A और समूह B

**समूह A -** इकाई आकलन के उपरांत जो बच्चे सभी दक्षताओं को प्राप्त कर चुके हैं, उनको इस समूह में रखें। इन बच्चों को सीखी हुई दक्षताओं से संबंधित स्वतः की जाने वाली गतिविधियों को करने के लिए दें।

**समूह B -** इकाई आकलन के बाद जो बच्चे कुछ दक्षताओं को नहीं प्राप्त कर पाए हैं, उनको इस समूह में रखें। इन बच्चों के साथ अलग समूह बनाकर रिमीडियल शिक्षण करें। रिमीडियल शिक्षण के लिए संबंधित इकाई में सिखाई गई दक्षताओं को बच्चों के साथ दोहराएँ। दोहराते समय अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए जिन सामग्रियों का उपयोग किया था, उसके अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री लेना बेहतर होगा।

## अभिभावक सहभागिता दिवस/पर्व

'अभिभावक सहभागिता दिवस/पर्व' का उद्देश्य विद्यालय, विद्यार्थी और अभिभावकों के बीच एक सशक्त, सहयोगपूर्ण एवं सकारात्मक संबंध स्थापित करना है। प्रत्येक इकाई के 20वें दिवस में अभिभावक सहभागिता दिवस/पर्व का आयोजन किया जाना है। प्रत्येक इकाई में आयोजन की तिथि पूर्व निर्धारित करें और अभिभावकों को सूचित करें। सभी बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित करें।

### अभिभावक के साथ बैठक

- बैठक शुरू करने के पूर्व इकाई के दौरान सभी बच्चों के द्वारा किए गए कार्य को अलग-अलग करके रख लें।
- एजुकेटर द्वारा अभिभावकों को इकाई में हुई गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी जाए।
- बच्चों के कार्यों को अभिभावकों के साथ साझा करें और उनकी उपलब्धियों की सराहना की जाए।
- अभिभावकों को इकाई के दौरान हुई गतिविधि को बच्चों के साथ घर में दोहराने के लिए कहें।

### जन्मदिन उत्सव

- इकाई के दौरान जिन बच्चों का जन्मदिवस आया हो, उनका चिन्हांकन करके रख लें।
- उन बच्चों को नाम लिखी हुई रंग-बिरंगी कागज की टोपी पहनाएँ।
- जन्मदिवस मनाए जाने वाले बच्चों को केंद्र में खड़ा कर, अन्य बच्चों और अभिभावकों से जन्मदिवस गीत (Happy Birthday to You) गवाएँ और तालियों से उत्साहवर्धन करें।
- जितने बच्चों का जन्म दिवस है, बच्चों के उतने ही समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह को चार्ट पेपर दें और 'फूलों का कोलाज' तैयार करने के लिए कहें। एजुकेटर, प्रत्येक कोलाज पर जन्मदिन वाले बच्चे का नाम और 'जन्मदिन की हार्दिक बधाई' लिखे।
- प्रत्येक जन्मदिन बच्चे को एक-एक कोलाज उपहार स्वरूप प्रदान करें।

### मासिक पर्व/उत्सव

- इकाई के दौरान आए पर्वों/त्योहारों के अनुरूप, बच्चों और अभिभावकों के सहयोग से कक्षा को संबंधित पर्व की थीम के अनुसार सजाएँ।
- बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे स्वागत गीत, चित्रकला, समूह गीत, लघु नाटक या नृत्य आदि करवाएँ।
- बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ छोटे-छोटे समूहों में बैठाएँ। प्रत्येक समूह को कागज व रंग दें और त्योहार से संबंधित चित्र बनाने के लिए कहें।
- बच्चों और अभिभावकों का नाम लिखकर उनके द्वारा बनाए गए चित्रों को कक्षा में प्रदर्शित करें।
- बड़े समूह में बच्चों और अभिभावकों के साथ बैठकर इकाई में आए त्योहार के बारे में चर्चा करें। जैसे यह पर्व/ त्योहार क्यों मनाया जाता है? इसमें कौन-कौन से पकवान बनाते हैं? इसमें हम क्या-क्या करते हैं?

## समग्र प्रगति कार्ड (HPC)

बालवाटिका में बच्चों की समग्र प्रगति का आकलन वर्ष में दो बार किया जाता है, जिसके लिए समग्र प्रगति कार्ड (HPC) का उपयोग किया जाना है। प्रथम बार समग्र प्रगति का आकलन चार इकाइयों के पूर्ण होने के बाद किया जाता है, जो कि सितंबर माह के आसपास होता है। इसी प्रकार, दूसरी बार समग्र प्रगति का आकलन अगली पाँच इकाइयों के पूर्ण होने के बाद किया जाता है, अर्थात् 9वीं इकाई के बाद, जो कि मार्च माह के आसपास होता है।

समग्र प्रगति कार्ड के मुख्यतः तीन हिस्से होते हैं :

1. **बच्चे की सामान्य जानकारी -** इसको वर्ष में एक बार ही भरना होता है। इसमे बच्चे की सामान्य जानकारी जैसे बच्चे का नाम, जन्मतिथि, माता-पिता का नाम आदि विवरण भरना होता है।
2. **बच्चे के बारे में-** यह जानकारी बच्चों से वर्ष में दो बार एकत्र की जाती है। जैसे बालवाटिका में उनकी उपस्थिति, उनकी पसंद-नापसंद आदि की जानकारी एकत्र करके विवरण भरना होता है।
3. **बच्चे का विकास-** यह जानकारी भी वर्ष में दो बार एकत्र करते हैं। इसमें बच्चे का बौद्धिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक, रचनात्मक और भाषा विकास में हुए प्रगति की जानकारी का विवरण भरना होता है।

# शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) - राज्य द्वारा वितरित

## शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) का महत्त्व

टीएलएम सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाकर बच्चों के समग्र विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है।




## वंडरबॉक्स की गतिविधियाँ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. जानवर पहचानो  | 2. फल पहचानो  | 3. गिनती पेटी  | 4. वर्णमाला देखो  | 5. आकार सुडोकू  |
| 6. चेहरों की पहेली  | 7. प्यासा कौवा  | 8. लोमड़ी और अंगूर  | 9. नम्बर कार्ड  | 10. वृत्त पहेली  |
| 11. कैसे हो  | 12. गुड़िया बनाओ  | 13. पेग बोर्ड+पहेलियाँ  | 14. परिवार क्यूब और किताब  | 15. जोड़ बनाओ पहेली  |
| 16. वास्तविक माप  | 17. देखो और करो  | 18. पैटर्न पहेली  | 19. ग्रिड पेपर शीट  | |

## 12 बिग बुक

बिग बुक का महत्त्व

- भाषा का विकास
- चित्र और शब्द पहचान में मदद
- आदर्श पठन
- प्रिंट जागरूकता
























# शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) - स्थानीय

## स्थानीय टीएलएम

### एजुकेटर द्वारा बनाई जाने वाली सामग्री

- फ्लैशकार्ड्स
- थीम आधारित कट-आउट्स
- सरल ओरीगामी शिल्प
- सरल चित्र (बनाए गए)
- चित्र कार्ड (अखबार/पत्रिका से लिए गए चित्र)






### खरीदी/एकत्र की गई सामग्री

- रस्सी/रिबन/धागे/कपड़े
- कागज/अखबार
- गेंद
- बटन
- फूल
- फल








### बच्चों द्वारा लाई/बनाई गई सामग्री

- क्ले से बनी आकृतियाँ
- बच्चों द्वारा की गयी चित्रकारी
- बच्चों द्वारा घर से लायी गयी पुरानी सामग्री जैसे- पानी की बोतल, गुड़िया, पुराने कपड़े आदि।






# बाल मेला

बाल मेला बालवाटिका के बच्चों के लिए एक आनंददायक और शैक्षिक अनुभव होता है, जो खेल, कला और संवाद के माध्यम से उनके समाजिक, भावनात्मक और रचनात्मक विकास को सशक्त करता है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यालय, समुदाय और अभिभावकों के बीच संवाद और सहयोग को प्रोत्साहित करने वाला उत्सव होता है।

## बाल मेला का उद्देश्य

- बच्चों में सामूहिक सहभागिता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास करना।
- खेल और गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मकता, स्मृति, एकाग्रता और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहन देना।
- कक्षा में सीखे गए ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ना और सीखने को आनंदपूर्ण बनाना।
- विद्यालय में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देना।

## बाल मेला की तैयारी

बालवाटिका में बाल मेला का आयोजन दो बार किया जाना है : सितंबर और मार्च माह में।

| | |
|---|---|
| **बाल मेला आयोजित करने से पहले** | • विद्यालय स्तर पर बाल मेले की तिथि पूर्व निर्धारित करें।<br>• अभिभावकों को बाल मेले की जानकारी देकर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें।<br>• बच्चों की रुचि और उम्र के अनुसार सरल व रोचक खेल और कलात्मक गतिविधियों की योजना बना लें।<br>• बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला या अन्य कार्य एकत्र कर स्टॉल/कोनों की योजना बना ले।<br>• स्टॉल, खेल सामग्री, रंग, चार्ट, पुरस्कार, आदि सभी सामग्री पहले से व्यवस्थित कर ले। |
| **बाल मेले के दौरान** | • 5-6 प्रकार के स्टॉल/कोने बनाए जैसे- "आओ रंग भरो", "गेंद डालो", "आओ किताब पढ़ें", "चलो मिलकर खेलें" आदि।<br>• अभिभावकों को भी बच्चों के साथ खेलों व कला गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।<br>• रंगीन सजावट, संगीत, बच्चों के स्वागत गीत या कविता से मेले का वातावरण उत्साहपूर्ण बनाएँ।<br>• बच्चों की प्रस्तुति और भागीदारी की सराहना करते हुए प्रमाण-पत्र या स्मृति चिन्ह प्रदान करें। |
| **बाल मेला आयोजित करने के बाद** | • बच्चों को स्वच्छता की भावना के साथ आयोजन स्थल को पुनः व्यवस्थित करने में भागीदार बनाएँ।<br>• बाल मेले की संपूर्ण गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करें।<br>• बची हुई सामग्रियों का पुनः उपयोग करने की योजना बनाना।<br>• बच्चों से बाल मेले में उनकी भागीदारी व अनुभवों पर संवाद करें। |

बाल मेला तैयारी और आयोजन सप्ताह के दौरान ही समग्र प्रगति कार्ड (HPC) को तैयार कर उपयोग किया जाना है। प्रथम बार समग्र प्रगति का आकलन चार इकाइयों के पूर्ण होने के बाद किया जाता है, जो कि सितंबर माह के आसपास होता है। इसी प्रकार, दूसरी बार समग्र प्रगति का आकलन अगली पाँच इकाइयों के पूर्ण होने के बाद किया जाता है अर्थात् 9वीं इकाई के बाद, जो कि मार्च माह के आसपास होता है।

## निपुण तालिका - हिन्दी (बालवाटिका)

| खंड | दक्षताएँ |
|---|---|
| मौखिक भाषा | • दो से तीन वाक्यों में शिक्षकों और सहपाठियों को दिनचर्या बता लेते हैं।<br>• समझ और हाव-भाव के साथ 4-5 वाक्यों की तुकांत /कविताएँ गा लेते हैं।<br>• समझ के साथ 4-5 तुकांत शब्द बता देते हैं।<br>• प्रिंटरिच सामग्री को देखकर उसके बारे में बता देते हैं।<br>• सुनी हुई बात को दोबारा बता लेते हैं/प्रतिक्रिया दे देते हैं।<br>• सुने गए पाठ को अपने शब्दों में बता लेते हैं।<br>• परिवेशीय वस्तुओं के बारे में बता लेते हैं तथा अनुभवों को साझा कर लेते हैं। |
| पढ़ना | • किताब का कवर पृष्ठ देखकर कहानी का अनुमान लगा लेते हैं।<br>• कहानी को चित्रों और शब्दों की सहायता से सही क्रम में सुना लेते हैं।<br>• 4-5 परिचित दोहराए गए शब्दों को पहचानकर इंगित कर लेते हैं। (दृश्य शब्द और स्वयं का नाम)<br>• 4-5 परिचित तुकांत शब्दों को पहचानकर इंगित कर लेते हैं।<br>• अक्षरों और संगत ध्वनियों को पहचानकर उनकी पहली ध्वनि वाले चित्रों से जोड़ लेते हैं। बिना मात्राओं के 2-3 अक्षर वाले पाँच सरल शब्दों को पढ़ लेते हैं। |
| लेखन | • आत्म अभिव्यक्ति के लिए स्वयं पेंसिल की मदद से बनाए गए चित्र को 2-3 सरल वाक्यों में समझा लेते हैं।<br>• पेंसिल को ठीक से पकड़कर पहचान वाले 2-3 अक्षरों को स्वतंत्र रूप से लिख लेते हैं। |

## निपुण तालिका - गणित (बालवाटिका)

| खंड | दक्षताएँ |
|---|---|
| संख्यात्मक | • 9 तक की वस्तुओं को गिनकर संबंधित अंकों से मिलान कर लेते हैं।<br>• 9 तक के अंकों को पहचानकर पढ़ और लिख लेते हैं।<br>• आस-पास की वस्तुओं में से सरल पैटर्न पहचान लेते हैं। (रंग, आकृतियाँ, सामान्य वस्तुएँ और ध्वनियों के पैटर्न)<br>• आस-पास की वस्तुओं से नए पैटर्न बना लेते हैं। (रंग, आकृतियाँ, सामान्य वस्तुएँ और ध्वनियों (ताली-चुटकी) के पैटर्न)<br>• 9 तक की वस्तुओं की संख्याओं के संदर्भ में दो समूहों की तुलना अधिक/कम/बराबर शब्दों के आधार पर कर लेते हैं।<br>• चार से पाँच तक की संख्याओं/वस्तुओं/आकृतियों/घटनाओं को क्रम के आधार पर व्यवस्थित कर लेते हैं।<br>• वस्तुओं को देखकर उनकी विशेषताओं (रंग, आकृति, आकार, लम्बाई, वजन, ऊँचाई) के आधार पर समूहों में बाँट लेते हैं।<br>• वस्तुओं को देखकर उनकी विशेषताओं (रंग, आकृति, आकार, लम्बाई, वजन, ऊँचाई) के आधार पर समूहों के वर्गीकरण का मानदंड बता लेते हैं।<br>• अपने आस-पास की विभिन्न वस्तुओं को उनके आकार, लम्बाई, ऊँचाई और वजन के संदर्भ में तुलनात्मक शब्दों का उपयोग कर लेते हैं। (जैसे- हल्का-भारी, लंबा-उससे लंबा, छोटा-सबसे छोटा आदि।)<br>• समय का अनुमान जल्दी/देर, प्रातः, दोपहर, सायं और रात्रि के संदर्भ में लगा लेते हैं। |



# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे।
भारत भाग्य विधाता।।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग।
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल-जलधि-तरंग।।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे।।
गाहे तव जय गाथा।।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य-विधाता।।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे।।

सत्र 2025-26

आवरण पृष्ठ के कागज का विशिष्टीकरण : प्रयुक्त Ballarpur Industries कागज वर्जिन पल्पयुक्त 220 जी.एस.एम. का आर्ट पेपर का प्रयोग किया गया है। जिसमें कागज का बर्स्ट इण्डेक्स-न्यूनतम 0.9, वैक्स पिक्स-नो पिक्स ऑन 5ए, गिलास परसेंट- न्यूनतम 55, ब्राइटनेस न्यूनतम 72 प्रतिशत और सरफेस पी.एच. 5.5 से 8.0 होगा। कागज की विशिष्टियाँ बी.आई.एस. कोड आई.एस.- 4658 (अद्यतन पुरीक्षित) के अनुसार है एवं ट्रिम साइज 21 x 27.5 सेमी. है। आवरण पृष्ठ का बाहरी भाग चार रंगों तथा अन्दर का भाग एक रंग में मुद्रित है।

उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद्

निःशुल्क वितरण हेतु